राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 27 अंक 212
बुधवार 27 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 42°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-16 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

# क्वाड ने इंडो-पैसिफिक सुरक्षा पर बढ़ाया सहयोग

## नई दिल्ली बैठक में सप्लाई चेन, समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर जोर

**नई दिल्ली, 26 मई।** भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को स्पष्ट संकेत दिए कि अब यह मंच केवल रणनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती के लिए ठोस कार्रवाई भी करेगा।

राजधानी नई दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चारों देशों की साझा जिम्मेदारी है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित बनाए रखा जाए, क्योंकि यही क्षेत्र वैश्विक विकास और स्थिरता का प्रमुख आधार है।

बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी भी शामिल हुए। मंत्रियों ने समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन, महत्वपूर्ण खनिज, नई तकनीकों, आपदा राहत और आर्थिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और वैश्विक चुनौतियों के बीच क्वाड की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में यह तीसरी बार है जब क्वाड देशों के विदेश मंत्री आमने-सामने बैठे हैं, जो इस मंच की बढ़ती सक्रियता को दर्शाता है। उन्होंने वैश्विक सप्लाई चेन की कमजोरियों, कनेक्टिविटी में रुकावटों, उत्पादन और संसाधनों की कुछ देशों पर अत्यधिक निर्भरता तथा बुनियादी ढांचे की कमी को बड़ी चुनौतियां बताया। जयशंकर ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक सहयोग और भरोसेमंद साझेदारी से संभव है। उनके मुताबिक इंडो-पैसिफिक ■ शेष पेज 15 पर

### अहम समझौता

- जयशंकर बोले-खुला और स्वतंत्र इंडो-पैसिफिक वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी
- रुबियो ने कहा-क्वाड अब केवल चर्चा नहीं, कार्रवाई करने वाला मंच
- क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हुए अहम समझौते
- समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा, खनिज और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

### भारत-अमेरिका ने महत्वपूर्ण, दुर्लभ खनिज समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति, खनन और प्रसंस्करण को सुरक्षित बनाने के लिए रणनीतिक समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्वाड बैठक से इतर इस पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के बाद महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिजों से देश को चीन से निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते के तहत भारत और अमेरिका ने 'जरूरी खनिजों और दुर्लभ तत्वों की खनन और प्रसंस्करण में आपूर्ति सुनिश्चित करने' पर एक ढांचा तैयार किया है। इसका मकसद खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और उससे जुड़े निवेश सहित महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ तत्वों की आपूर्ति शृंखला में भारत-अमेरिका सहयोग को और गहरा करना है।

## ईरान पर अमेरिका का बड़ा हमला, ट्रंप ने दी महायुद्ध की चेतावनी

**दोहा/वाशिंगटन/तेहरान, 26 मई।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव मंगलवार को एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया। कतर की राजधानी दोहा में दोनों देशों के बीच निर्णायक वार्ता शुरू होने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली ईरानी नौकाओं पर बड़ा हवाई हमला कर दिया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा के तहत की गई।

सेंटकॉम के प्रवक्ता टिम हॉकिन्स के अनुसार अमेरिकी सेना को ईरानी गतिविधियों से खतरे के इनपुट मिले थे। जिन नौकाओं को निशाना बनाया गया, वे होर्मुज जलडमरूमध्य में माइंस बिछाने की कोशिश कर रही थीं। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इन गतिविधियों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती थी। हालांकि सैन्य कार्रवाई के बावजूद दोहा में शांति वार्ता जारी रही।

ईरान की ओर से संसद अध्यक्ष और मुख्य वातार्कार मोहम्मद बागेर गालिबाफ, विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची और केंद्रीय बैंक के गवर्नर अब्दोलनासेर हेम्माती ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से बातचीत की। वार्ता का केंद्र ईरान के संवर्धित यूरेनियम कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे रहे। ■ शेष पेज 15 पर

- तनाव के बीच दोहा वार्ता जारी, हमले से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ी बेचैनी

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह पहुंचे सांचू बॉर्डर, जवानों का बढ़ाया हौसला

**बीकानेर, 26 मई।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित ऐतिहासिक सांचू पोस्ट का दौरा कर सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों का उत्साहवर्धन किया। भीषण गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बीच अमित शाह ने जवानों से मुलाकात कर सीमा सुरक्षा, चुनौतियों और बॉर्डर गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे।

### वित्तमंत्री के '3एफ' बयान पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली, 26 मई।** कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने पश्चिम एशिया संकट और अर्थव्यवस्था को लेकर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के 3एफ वाले बयान पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री खुद ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की बात कर रही हैं, जबकि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार बढ़ने से आम लोगों पर दवाब है। जयराम रमेश ने मंगलवार को एक्स पर कहा कि वित्तमंत्री ने 3एफ यानी फ्यूल, फर्टिलाइजर्स और फॉरेक्स को गंभीर चिंता का विषय बताया है, लेकिन वह चौथे और सबसे महत्वपूर्ण 'एफ' को भूल रही हैं।

### निवेशकों की मदद के लिए सहायता पोर्टल का शुभारंभ

**नई दिल्ली, 26 मई।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) ने वैश्विक, घरेलू निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों की मदद के लिए एक विशेष निवेशक सहायता ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार सरकार देश में एक मजबूत, विश्वसनीय और टिकाऊ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### मोदी सरकार के 12 साल: योगी ने गिनाईं विकास और विश्वास की उपलब्धियां

**नई दिल्ली, 26 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई देते हुए सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली और जनभागीदारी ने विकास को जन-आंदोलन का रूप दिया। दरअसल, 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। मंगलवार को उनके कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधान सेवक' के रूप में सेवा, सुशासन और लोक-कल्याण को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन वर्षों में अंत्योदय आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदला है और विकास योजनाएं सीधे आम लोगों तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने ऐसे 'नए भारत' का निर्माण किया है, जहां नारी सशक्तीकरण, नवाचार, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## महंगाई का डबल अटैक: पेट्रोल-डीजल के बाद सीएनजी भी महंगी

### दिल्ली समेत कई शहरों में सीएनजी के दाम बढ़े

**नई दिल्ली, 26 मई।** मध्य-पूर्व में जारी तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर अब आम लोगों की जेब पर साफ दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल के बाद अब सीएनजी की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

मंगलवार से दिल्ली में सीएनजी 2 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है। इसके बाद राजधानी में सीएनजी की कीमत 81.09 रुपए से बढ़कर 83.09 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

पिछले 11 दिनों में सीएनजी के दाम में कुल 6 रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे पहले 15 मई को 2 रुपए, 18 मई को 1 रुपए, 23 मई को 1 रुपए और अब 26 मई को फिर 2 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। लगातार बढ़ती कीमतों ने वाहन चालकों और आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बड़ा इजाफा दर्ज किया गया था। दिल्ली में पेट्रोल 2.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया।

इसके बाद राजधानी में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपए और डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में जवाबदेही जरूरी : योगी

**लखनऊ, 26 मई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहे सुधार का सीधा लाभ आम जनता को दिखाई देना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का लक्ष्य केवल संस्थानों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 108 जनपदीय चिकित्सालय, 106 विशिष्ट चिकित्सालय, 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3757 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 27,668 स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हैं।

वर्ष 2025-26 में सरकारी अस्पतालों में 26.41 करोड़ ओपीडी तथा 1.23 करोड़ आईपीडी सेवाएं प्रदान की गईं, जबकि 24.33 करोड़ पैथोलॉजी जांचें की गईं। प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2016-17 की तुलना में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 44 से बढ़कर 83 हो गई है। ■ शेष पेज 15 पर

### समीक्षा

- मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य सेवाओं, मेडिकल शिक्षा व आयुष्मान योजनाओं की समीक्षा
- आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण इलाज पर सीएम का जोर
- प्रदेश में मेडिकल कॉलेज 44 से बढ़कर 83, एमबीबीएस सीटें 12800 पहुंचीं
- आयुष्मान योजना से 96 लाख से ज्यादा मरीजों का मुफ्त इलाज

## मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है सच्चा ज्ञान : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, 26 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रातः अपने एक्स हैंडल पर ज्ञान पर केंद्रित सुभाषितम (वीडियो संदेश) साझा किया है। उन्होंने इसके माध्यम से देश और समाज को सच्चे ज्ञान का महत्व समझाया। उन्होंने लिखा, 'सच्चा ज्ञान देश, समाज और समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए यह जरूरी है कि हमारा ज्ञान और हमारे कर्म पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बनें।' प्रधानमंत्री के एक्स हैंडल में साझा सुभाषितम इस प्रकार है- आत्मा शुद्धः सदा नित्यः सुखरूपः स्वयम्प्रभः। अज्ञानान्मलिनो भाति ज्ञानाच्छुद्धो भवत्ययम्।। उन्होंने इस श्लोक के पीछे छुपे भाव का मर्म समझाते हुए ज्ञान और कर्म एक-दूसरे का पूरक बताते हुए समूची मानवता के कल्याण का आह्वान किया है।

## काल बनी रफ्तार, दो एक्सप्रेसवे पर 11 जिंदगियां खत्म

**बाराबंकी/उन्नाव, 26 मई।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को दो अलग-अलग एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसों ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। बाराबंकी और उन्नाव में हुए इन हादसों में कुल 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसों के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, यूपीडा और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल भेजा गया। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही और झपकी हादसों की मुख्य वजह मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण सड़क हादसे का तत्काल संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रशासन को घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं।

पहला हादसा बाराबंकी जिले में सुल्तानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के भिखरा गांव के पास देर रात करीब दो बजे हुआ। ■ शेष पेज 15 पर

### हादसा

- उन्नाव एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस पलटी, दरोगा व कैदी समेत सात की मौत
- बाराबंकी में ट्रेलर से टकराई इनोवा, चार श्रद्धालुओं की गई जान

## जनसांख्यिकीय बदलाव पर केंद्र सरकार ने बनाई उच्चस्तरीय समिति : शाह

**नई दिल्ली, 26 मई।** केंद्र सरकार ने असामान्य जनसंख्यिकी बदलाव और अवैध घुसपैठ के अध्ययन के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता वाली समिति राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक प्रभावों का आकलन करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला असामान्य जनसांख्यिकीय बदलाव देश के वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार ने 'हाई-लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक चेंज' का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को इस उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में गठित इस समिति में जनगणना आयुक्त के अलावा दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस) और डॉ. शमिका रवि सदस्य होंगे।

हजरतगंज हनुमान मंदिर के पास बड़े मंगल पर मंत्री रवींद्र जायसवाल के भंडारे में प्रसाद बाटते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य। - छाया तरुणमित्र

## दो इनामी बदमाश भारत-नेपाल सीमा पर गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, 26 मई (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस और लखीमपुर खीरी पुलिस के लिए सिरदर्द बने एक-एक लाख रुपये के दो मोस्ट वांटेड इनामी बदमाशों शामिल सुहैब और फिरोज को संपूर्णानगर थाना पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर दबोच लिया है। इनके कब्जे से लूट की रकम व अवैध असलहा कारतूस भी बरामद हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से गाजियाबाद एटीएम वैन लूट के बचे हुए एक लाख रुपये से अधिक की नकदी, अवैध असलहा, कारतूस और नेपाल के सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

### सपा-कांग्रेस की नजदीकी से बदले समीकरण, विपक्षी एकता पर बढ़ा नया दबाव

## बंगाल हार के बाद विपक्षी राजनीति में बढ़ीं ममता की मुश्किलें

समीर मंडल

**कोलकाता, 26 मई।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी की राजनीति नए मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है। कभी विपक्षी गठबंधन में अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाली ममता अब बदलते राष्ट्रीय समीकरणों के बीच खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की चुनौती से जूझ रही हैं।

खासतौर पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की बढ़ती नजदीकी ने विपक्षी राजनीति में नया शक्ति संतुलन तैयार कर दिया है, जिससे ममता की रणनीतिक मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बंगाल चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का ममता बनर्जी से दूरी बनाए रखना महज संयोग नहीं था, बल्कि यह एक सोची-समझी रणनीति थी। 2021 के बंगाल चुनाव में सपा ने खुलकर तृणमूल कांग्रेस का समर्थन किया था, लेकिन इस बार अखिलेश यादव ने प्रचार से पूरी तरह दूरी बनाए रखी।

माना जा रहा है कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन को मजबूत बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया। बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच तीखे राजनीतिक संघर्ष को देखते हुए अखिलेश किसी ऐसे मंच से बचना चाहते थे, जिससे यूपी में कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों पर असर पड़े।

यही वजह है कि अब विपक्षी राजनीति में राहुल गांधी का प्रभाव पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई दे रहा है।

एक समय ऐसा था जब विपक्षी गठबंधन के गठन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गठबंधन का चेहरा बनाए जाने की चर्चा पर ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने बंगाल में कांग्रेस और वामदलों को एक भी सीट देने से इनकार कर दिया था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं।

बंगाल की सत्ता हाथ से निकलने के बाद राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका बनाए रखने के लिए ममता को उसी विपक्षी मंच की जरूरत महसूस हो रही है, जिससे वह पहले दूरी बनाकर चल रही थीं। राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ा सवाल ■ शेष पेज 15 पर

### चुनौती

- अखिलेश की दूरी ने ममता की राष्ट्रीय रणनीति को झटका दिया
- राहुल का बढ़ता प्रभाव विपक्षी खेमे में नई बहस का कारण

## बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर 18 जून को चुनाव

**पटना, 26 मई।** बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 10 सीटों के लिए 18 जून को चुनाव कराया जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई सीट भी शामिल है, जिस पर उपचुनाव कराया जाएगा।

यह सीट विधानसभा कोटे से विधान परिषद के लिए भरी जाएगी और निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 6 मई 2030 तक रहेगा।

इसके अलावा बिहार विधान परिषद के नौ सदस्यों का कार्यकाल 28 जून को समाप्त हो रहा है। जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उनमें डॉ. कुमुद वर्मा, प्रो. गुलाम गौस, मोहम्मद फारूक, भीष्म सहनी, भगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। हालांकि इनमें से सम्राट चौधरी और भगवान सिंह कुशवाहा की सीट पहले से खाली हैं, क्योंकि दोनों विधानसभा चुनाव में विधायक बन चुके हैं।

चुनाव आयोग ने नीतीश कुमार की रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव और अन्य नौ सीटों के नियमित चुनाव के लिए अलग-अलग अधिसूचना जारी की है। आयोग के अनुसार, बिहार के साथ-साथ कर्नाटक विधान परिषद की कुछ सीटों के लिए भी चुनाव कराए जाएंगे।

# जनपद में संचालित ईंट-भट्ठों को जून तक जिग-जैक पैटर्न में परिवर्तित करें: डीएम

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सदस्य संयोजक प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रखर मिश्रा द्वारा आयोजित कराई गई।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में रायबरेली जनपद की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु तैयार की गई कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई एवं 25 विभिन्न विभागों के अधिकारियों को वांछित कार्यवाही हेतु समुचित निर्देश दिए गये।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बाईपास की प्रगति की मासिक समीक्षा की जाए ताकि रायबरेली शहर क्षेत्र में प्रवेश कर रहे भारी वाहनों की संख्या कम करी जा सकें। रायबरेली शहर में मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का चयन एवं क्रय के प्रस्ताव तैयार करने हेतु उप जिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र वाहनों पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने हेतु पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जाये। गल्ला मण्डी रोड, एवं रिफार्म क्लब रोड को गड्ढ़ा मुक्त कर धूल से हो रहे वायु प्रदूषण को कम किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि पी.ए.सी. कैम्पस में विशेष अभियान चलाते हुए शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण सुनिश्चित कराया जाये। इन्दिरा गाँधी वानस्पतिक उद्यान में स्थित फव्वारे एवं कम्पोस्ट पिट का शुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाये। सिविल लाइन क्षेत्र में एक कम्पोस्ट पिट बनाकर निकटवर्ती स्थित रेस्टोरेन्ट एवं ढाबो से निकल रहे जैविक कूड़े को खाद में परिवर्तित किये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्थित ईट के भट्ठों को माह जून 2026 तक जीग-जैक पैटर्न में परिवर्तित किये जाने हेतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रभावी कार्यवाही किया जाये। जनपद में हो रहे निर्माण गतिविधियों में ग्रीन कर्टन एवं स्प्रिंकलर की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने तथा रायबरेली वासियों के मध्य जनपद की वायु गुणवत्ता एवं उसमें सुधार हेतु जागरूकता लाने के लिए रेडियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में व्यवसायिक केन्द्रों पर संचालित किये जा रहे जनरेटरों द्वारा उत्सर्जित वायु प्रदूषण तत्वों को न्यूनतम करने हेतु ऐसे जनरेटरों को कवंस फ्यूल में परिवर्तित करना अथवा ऐसे जनरेटरों में प्रेसीप्रिटेटर लगवाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जाये।

इसके अतिरिक्त जनपद में स्थित ऐसे नाले जो कि गंगा नदी में सीधे गिर रहे है, में फिल्टरेशन यूनिट के सुचारू संचालन की जांच हेतु संयुक्त टीम गठित कर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली स्वर्ण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, डी०सी० मनरेगा प्रमोद सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई (द०) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी को पुनः बीजेपी प्रत्याशी घोषित किए जाने पर हर्ष

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** गणेश कुमार मिश्रा ने अपनी तहसील स्तरीय नवनिर्वाचित समिति सहित शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी जी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुनः लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानाचार्यो को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा जी ने कहा कि विधायक जी कर्मठ, जुझारू, ईमानदार तथा शिक्षकों के लिए अनवरत रूप से संघर्षशील रहे हैं। साफ-सुथरी छवि के चलते श्री द्विवेदी का पुनः विधायक निर्वाचित होना निश्चित है। हमारा पूरा संगठन पूरी मेहनत के साथ जीत सुनिश्चित करने के लिए जी-जान लगा देगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक अरुण कुमार त्रिपाठी, विपिन कुमार तहसील प्रभारी लालगंज, धर्मेंद्र मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष , विकेश कुमार महामंत्री, नैमिष क्तिवारी कोषाध्यक्ष सहित शशि मौर्य, के.के. मिश्रा, विनोद, रमेश , दीपेन्द्र कुमार, अमित कुमार यादव आदि दर्जनों की संख्या में प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# सरकार समस्याएं देकर जनता को चिढ़ा रही: सपा

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार बिजली की भयंकर कटौती,आंधी तूफान से बड़ी संख्या में टूटे खंभे आदि ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव एवं बछरावा के क्षेत्रीय विधायक श्यामसुन्दर भारती के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं द्वारा विधानसभा बछरावा क्षेत्र के महाराजगंज तहसील मुख्यालय स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत को दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देकर जन समस्याओं के तत्काल निराकरण की माँग की गयी।उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनसमस्याओं का निराकरण नहीं अपितु जनता को चिढ़ा रही है वर्तमान समय मे आम जनमानस तो परेशान है ही साथ ही जानवरों को भी पीने के पानी की

समस्या उत्पन्न हो गयी है।विधायक श्यामसुन्दर भारती ने कहा कि क्षेत्र के लोग भाजपा सरकार के उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं बिजली विभाग के अधिकारी निरंकुश हो चुके हैं।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र पटेल,महासचिव राजेश यादव,जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी,मेहरबान सिंह यादव, राजेश मौर्य, हसीन अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष समर बहादुर यादव,भानू प्रकाश पटेल, देशराज यादव,जिला सचिव श्रवण आजाद, प्रमोद पटेल, देवतादीन पासी, शिवम यादव, शोभनाथ वैश्य, फिरोज अहमद,कमलाकर विक्रमादित्य, रामसनेही यादव, चन्द्रकली भारती, श्रवण पासी, आशुतोष यादव, रिजवान, बासुदेव यादव, आफताब आलम, हरीश चौरसिया, आशीष पटेल, राममिलन गौतम, आशीष यादव, वीरेंद्र यादव, राजू रायनी, आदर्श भारती, प्रशांत लोहिया, गिरेन्द्र यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

# बकरीद को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**लालगंज, रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए लालगंज पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सोमवार को कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे के मुख्य बाजार, मस्जिद क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गस्त किया। मुस्लिम बहुल गांव बहाई में भी पुलिस ने भारी लाव लश्कर के साथ पैदल मार्च किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने लोगों से अपील की कि कुबार्नी निर्धारित स्थानों पर ही करें। खुले में कुबार्नी और प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए साइबर सेल को भी अलर्ट किया गया है।

कोतवाल ने कहा, त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है। कोई भी नई परंपरा न डालें। सड़क पर नमाज नहीं होगी। संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। गस्त में एसआई, बीट सिपाही और पीएसी बल शामिल रहा। ईदगाह और प्रमुख मस्जिदों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# रायबरेली में गर्मी का कहर, उल्टी-दस्त और डायरिया के मरीज बढ़े

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। गर्मी और दूषित खानपान के चलते उल्टी, दस्त और डायरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 40 से 50 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है।

जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट मोड पर काम शुरू कर दिया है। अस्पताल में आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक, अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती और मरीजों के लिए जरूरी सुविधाओं को बढ़ाया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। चिकित्सकों ने लोगों से साफ पानी पीने, बाहर के कटे-फटे और दूषित खाद्य पदार्थों से बचने तथा गर्मी में सावधानी बरतने की अपील की है।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पुष्पेंद्र ने बताया-** भीषण गर्मी के कारण उल्टी, दस्त और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 40 से 50 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्पताल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। दवाइयों, बेड और स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। लोगों से अपील है कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसी भी लक्षण पर तुरंत अस्पताल पहुंचें।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे का लाइव वीडियो आया सामने

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** चंदापुर थाना क्षेत्र में फौजी ढाबा के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे का लाइव वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार डंफर ने पटरी पर पैदल जा रहे लोगों को कुचल दिया, जिसमें एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक घायल का प्राथमिक उपचार जारी है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस वीडियो के आधार पर जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज में होगा होली महोत्सव

**मथुरा, 26 मई (तरुणमित्र)।** प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार जी महाराज कांकरोली नरेश, तृतीय पीठाधीश्वर के द्वारा किया गया है। इसी के तहत अधिक मास उत्सवों की श्रंखला में कल 27 तारीख को एकादशी के दिन राजभोग के दर्शनों में ठाकुर राजाधिराज कुंज में विराजमान होकर होली खेलेंगे। इसी क्रम में पूरे एक माह तक विशेष मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। जो भी भक्त अपने आराध्य के लिए कोई मनोरथ कराना चाहते हैं, वे करा सकते हैं। अतः समस्त धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध है, दर्शन कर पुण्य के भागी बने

### मुठभेड़ में दो अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

**मथुरा, 26 मई (तरुणमित्र)।** छाता पुलिस ने रिवार्ड और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इस दौरान चोरों के पैर में गोली लगी और उनके कब्जे से तीन चोरी की बाइक व हथियार बरामद हुए। छाता पुलिस, रिवार्ड टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार रात दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गये है। बदमाशों के कब्जे से तीन चोरी की बाइक, दो तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। सीओ छाता भूषण वर्मा ने बताया कि चेतक अकेडमी के पास जंगल में घेराबंदी की गई। आरोपितों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया।

# सहकारी ग्राम्य विकास बैंक डलमऊ के चुनाव पर घमासान

## नामांकन कटने पर फर्जीवाड़े और अनियमितता के आरोप

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखा डलमऊ के चुनाव को लेकर विवाद गहरा गया है। चुनाव प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता, फजीर्वाड़े और प्रशासनिक मिलीभगत के आरोप सामने आने के बाद मामला जिलाधिकारी तक पहुंच गया है। पीड़ित पक्ष के रूप में सामने आए रामनारायन यादव ने शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

रामनारायन यादव पुत्र बोधा, निवासी ग्राम खैरहनी, पोस्ट दीपेमऊ, डलमऊ का आरोप है कि उन्होंने 21 मई 2026 को नियमानुसार नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसे 22 मई को वैध घोषित किया गया। इसके बावजूद कथित रूप से बिना उनकी जानकारी और सहमति के उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। बाद में भाजपा समर्थित प्रत्याशी रविंद्र सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने किसी भी स्तर पर अपना नामांकन वापस नहीं लिया। इस संबंध में उन्होंने शपथ-पत्र भी जिलाधिकारी को सौंपा है, जिसमें चुनाव से हटने से इनकार किया गया है। रामनारायन यादव ने शाखा प्रबंधक समेत संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूरे प्रकरण को संदिग्ध

बताया है।

पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, चुनाव चिन्ह प्रदान कर चुनाव प्रक्रिया में शामिल करने तथा यदि किसी प्रकार की कूटरचित कार्रवाई या फजीर्वाड़ा सामने आता है तो दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, इस पूरा मामला सामने आने के बाद डलमऊ क्षेत्र में सहकारी बैंक चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब सभी की नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है कि शिकायत की जांच के बाद क्या कदम उठाए जाते हैं।

**महा प्रबंधक ने बड़े मंगल पर किया प्रसाद वितरण-** एनटीपीसी ऊंचाहार में जेठ के बड़े मंगल पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपर महाप्रबंधक चंद्रजीत सिंह के संयोजन में सीएचपी साइट में ठेका श्रमिकों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लेकर श्रमिकों का मान बढ़ाया। एनटीपीसी कार्यपालक संघ ने विशाल शरबत वितरण कराकर लोगों का दिल जीत लिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिकेत, महासचिव विकास वशिष्ठ तथा अन्य पदाधिकारियों ने राहगीरों को स्वयं शरबत वितरित किया। इस अवसर पर कार्यपालक संघ के अन्य पदाधिकारी हर्षित अग्रवाल, अभिषेक, अमनदीप प्रांजल सिंह सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी उपस्थित रहे। ऊर्जा विहार स्थित शॉपिंग सेंटर के दुकानदारों ने भी जेठ के मंगलवार को श्री हनुमान जी की पूजा किया तथा प्रसाद वितरित किया।

## ओबीसी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन ने नवनियुक्त प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता से की भेंट

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन (एमसीएफ, रायबरेली) के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एमसीएफ के नवनियुक्त प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता (पीसीएमई) राम प्रवेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना परिचय देते हुए उनका स्वागत किया और संस्थान के विकास व कर्मचारियों के हितों के लिए प्रशासन के साथ मिलकर पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा जताया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एसोसिएशन संस्थान के चहुंमुखी विकास, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और बेहतर कार्य वातावरण के लिए हमेशा प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता को शुभकामनाएं भी दी गईं।

शिष्टाचार भेंट में एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश मौर्य, सांस्कृतिक सचिव आदित्य प्रकाश, वित्त सचिव मुनेश कुमार पटेल सहित विनोद यादव, राजू कुमार, पूनम यादव, संतोष मौर्य, रवि प्रकाश वर्मा, नरदेव और दिग्विजय मौजूद रहे।

## महोबा कांड को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** महोबा जिले में दलित छात्रा के साथ हुई शर्मनाक घटना के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग उठाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि छात्रा के साथ हुई घटना बेहद निंदनीय है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा देने की मांग की। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। वहीं सरेनी विधानसभा प्रत्याशी सुधा द्विवेदी ने महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया।

# जनगणना ड्यूटी में 'पहुंच' का खेल? सदर तहसील में छुट्टियां काटने पर उठे सवाल

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनगणना ड्यूटी को लेकर रायबरेली जिले में इन दिनों एक गंभीर मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि यदि किसी कर्मचारी की पहुंच नेताओं, मंत्रियों या उच्च अधिकारियों तक है तो उसकी ड्यूटी कटवाने या रिजर्व कराने का रास्ता आसान हो जाता है, जबकि सामान्य कर्मचारियों को नियमों के तहत ड्यूटी निभानी पड़ रही है। इस कथित असमानता ने प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि सदर तहसील रायबरेली में कुछ अधिकारियों द्वारा जनगणना ड्यूटी से संबंधित छुट्टियां और ड्यूटी कटौती संदिग्ध तरीके से की जा रही हैं। आरोप यह भी है कि कई मामलों में आवेदन पत्रों में दर्शाई गई वजह और वास्तविक स्थिति में अंतर पाया जा रहा है। ऐसे में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर किन प्रभावशाली लोगों या अधिकारियों के दबाव में नियमों को दरकिनार कर कुछ कर्मचारियों को राहत दी जा रही है। मामला तब और गंभीर हो गया जब यह सवाल उठने लगा कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद आखिर कौन अधिकारी हैं जो कथित तौर पर शिक्षकों और कर्मचारियों की छुट्टियां काटने या ड्यूटी में फेरबदल का खेल कर रहे हैं। प्रशासनिक हलकों में यह मुद्दा अब चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

इस पूरे मामले पर रायबरेली की जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने नाराजगी जताई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में कोई अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने यह भी कहा कि जनगणना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में सभी कर्मचारियों का समान सहयोग जरूरी है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अब देखना यह होगा कि जांच के बाद प्रशासन इस मामले में कितनी पारदर्शिता और सख्ती दिखाता है, क्योंकि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल जनगणना व्यवस्था ही नहीं बल्कि प्रशासनिक निष्पक्षता पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा।

# चतुर्थ बड़े मंगल पर एनएसबीवीएम में प्रसाद वितरण आयोजित

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को एनएसपीएस परिवार की ओर से अनवरत चल रहे प्रसाद वितरण के क्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा तथा अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने शहर के सेमरी कोठी सुपर मार्केट स्थित न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर परिसर में भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर चने और शरबत का प्रसाद वितरित किया।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, श्रद्धा और जनकल्याण का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में रोहित पाण्डेय सभासद मालिक मऊ, परमजीत सिंह गाँधी, सभासद फिरोजगाँधी नगर, रवीन्द्र यादव, राजू यादव, दीपू शुक्ला, के. के. साहू, बलराज राना, व्यापारी के. के. गुप्ता नगर अध्यक्ष, प्रभाकर गुप्ता जिला अध्यक्ष, अब्दुल वाहिद, महेन्द्र अग्रवाल, अनिल मिश्रा, राजेश पांडेय, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह (एनएसबीवीएम), राजीव सिंह (एनएसपीएस सलेथू महराजगंज), शिवलखन प्रजापति (एनएसपीएस त्रिपुला), शिवांग अवस्थी (एनएसपीएस लालगंज), नितिन सिंह, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं जनपद के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## उर्स में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** महराजगंज विकासखंड के ओई गांव में सुबस शाह बाबा के भव्य उर्स मेले का आयोजन किया गया। यह मेला आपसी सौहार्द की मिसाल बना, जहां हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिलकर पूरी व्यवस्था संभाली। मेले में पहुंचे बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बताया। मेले के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन हुआ और रात में शरीफ परवाज व चाहत वारसी के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला हुआ। आयोजन समिति द्वारा दुकानदारों और जायरीनों के लिए मेडिकल, पेयजल और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस भव्य मेले को सफल बनाने में आयोजक अजमत अली, कमेटी अध्यक्ष महबूब, अमर तिवारी, सहित कमेटी के सभी सदस्यों और ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-213 में 500 कैडेट्स के प्रशिक्षण का शुभारंभ

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** 66 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-213) का शुभारंभ एसडी पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज, डीघा में किया गया। 25 मई 2026 से 3 जून 2026 तक चलने वाले इस 10 दिवसीय शिविर में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति जैसे मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 500 से अधिक जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर के पहले दिन की शुरूआत पंजीकरण प्रक्रिया और बायोमेट्रिक उपस्थिति से हुई।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी कर्नल उदयभानु ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना विकसित करना तथा उन्हें भविष्य के लिए जिम्मेदार और अच्छा नागरिक बनाना है, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने अपने संबोधन में अनुशासन और कठोर प्रशिक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष शिविर एनसीसी के नए पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित होगा। कर्नल उदयभानु ने बताया कि छात्रों को शस्त्र प्रशिक्षण, क्षेत्रीय कौशल, युद्ध कौशल, मानचित्र अध्ययन, ड्रोन प्रशिक्षण, प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। अपने संबोधन के दौरान कमान अधिकारी कर्नल उदयभानु ने जिलाधिकारी महोदया एवं एसडी पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज के स्टाफ का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# कुलदीप पाल एजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**रायबरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** बाबू कुलदीप कुमार पाल को अपनी जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश इकाई में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने उनसे संगठन को मजबूत करने और जिला, विधानसभा, सेक्टर व पोलिंग बूथ स्तर पर समितियों के गठन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है।

अपनी जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार रायबरेली जनपद के राही चक पचवारा निवासी बाबू कुलदीप पाल को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह मनोनयन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोरी सुभाष चंद्र लहरी द्वारा 25 मई को जारी पत्र में कहा गया है कि कुलदीप पाल संगठन हित में जिला, विधानसभा, सेक्टर और पोलिंग बूथ स्तर तक समितियों का गठन कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस नियुक्ति से समर्थकों और क्षेत्रीय कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

# मलिहाबाद के पुराने किले को लेकर विवाद गहराया

## भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, पूजा की थाली लेकर पहुंचे हिन्दू महासभा के पदाधिकारी

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** मलिहाबाद स्थित कसमंडी कलां इलाके में पुराने किले को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ गया है। मंगलवार को कुछ हिंदूवादी नेता यहां पूजा की थाली लेकर पहुंच गए। स्थल के पास तैनात पुलिस बल के जवानों ने उन्हें रोक दिया, तो जमीन पर बैठ गए।

वहीं से किले की तरफ मुंह करके आरती उतारी। यह सभी अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी थे। इनका कहना था कि यह मस्जिद नहीं, हिंदू नेता कंसा पासी का किला है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा है कि लोगों के विरोध के बाद मौलाना जमील अहमद उर्फ जॉनी क्यों भाग

गया? वहीं, बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर यहां बकरीद की नमाज करने पर पाबंदी लगा दी है। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के कसमंडी कला गांव में एक किला जैसा पुराना ढांचा है। गांववालों के अनुसार, यहां करीब 4 साल पहले जमील अहमद उर्फ जॉनी नाम का मौलाना आया। उसने ढांचे के बगल में ही मस्जिद बना ली और मदरसा चलाने लगा। इतना ही नहीं, उसने किले वाले ढांचे का भी इस्तेमाल शुरू कर दिया। किला वाले ढांचे को लोग ऐतिहासिक कंसा पासी का किला बता रहे हैं।

कंसा पासी के नाम पर ही गांव का नाम कसमंडी पड़ा था। गांववालों के मुताबिक, मौलाना की गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो पासी समाज के लोगों ने उसका विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद मौलाना यहां से 21 मई को भाग गया। राष्ट्रीय विकास की दूरगामी योजनाओं के लिए सटीक डिजिटल डेटा जुटाने का महाअभियान इन दिनों उत्तर प्रदेश में पूरे जोर-शोर से चल रहा है। लेकिन इस महत्वपूर्ण अभियान को धरातल पर सफल बना रहे बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों (प्रगणकों) को इस समय जिन अविश्वसनीय और तिहरी चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है, उसकी कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम रोमांचक नहीं है।

पहली चुनौती–आसमान से बरसती 45 से 50 डिग्री की जानलेवा गर्मी, जिसके साथ किसी अधिकार जताती 'पत्नी' की तरह पीठ पीछे लू चली आ रही है। दूसरी चुनौती–बिना किसी अतिरिक्त संसाधन के फील्ड में डटे रहने की मजबूरी, और तीसरी सबसे बड़ी चुनौती–ऐप की तकनीकी उलझनों के साथ-साथ जनता के ऐसे अतरंगी, अजूबे और मासूम बहाने जिसे सुनकर कोई भी सिर पकड़ ले।

# बड़े मंगल पर बोले केशव, 2047 तक 'बनवास' पर रहेगा विपक्ष

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ज्येष्ठ मास के 'बड़े मंगल' के पावन अवसर पर हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे में शिरकत की। यह भंडारा उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल द्वारा आयोजित किया गया था।

उपमुख्यमंत्री ने वहां पहुंचकर न सिर्फ बजरंगबली के दर्शन-पूजन किए, बल्कि श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया। मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं भगवान श्री हनुमान जी से प्रार्थना करता हूँ कि वे विपक्ष को सद्बुद्धि प्रदान करें।₹ उन्होंने आगे कहा कि आज वह बजरंगबली के दरबार में देश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आशीर्वाद लेने आए हैं।

वे 2047 तक सत्ता में नहीं आ पाएंगे और तब तक वनवास पर ही रहेंगे। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर अपनी सरकार की नीति को दोहराते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने अपराधियों को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ₹उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। जो भी कानून हाथ में लेगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। प्रदेश में अपराधियों के एनकाउंटर हो रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे।

## छत फांदकर घर में घुसे चोर, नकदी और जेवर किये पार

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। सोमवार रात चोर छत फांदकर मकान में घुसे और नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह गृहस्वामी के जागने पर चोरी का पता चला। यह घटना काकोरी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहरु में हुई। पीड़ित लवकुश पुत्र स्वर्गीय बलदेव के अनुसार, चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। परिवार को चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लवकुश की आंख खुली, तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से जेवर व नकदी गायब थे।

# भातखण्डे विवि में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शुभारंभ

### तबला, पखावज, सितार, वायलिन, गिटार, बांसुरी, जैसी विभिन्न विधाओं का दिया रहा प्रशिक्षण

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला कार्यशाला का मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ शुभारंभ हुआ। एक माह तक संचालित होने वाली यह विशेष कार्यशाला 26 मई से 25 जून तक आयोजित की जा रही है। ये जानकारी डॉ0 सृष्टि धवन, कुलसचिव ने दी। उन्होंने बताया कार्यशाला में प्रतिभागी बढ़ चढ़ कर

हिस्सा ले रहे हैं उनके बढ़ते उत्साह एवं कला के प्रति रुचि को दशार्ता है।

विशेष रूप से इस वर्ष सर्वाधिक आवेदन कथक नृत्य में प्राप्त हुए हैं, जिससे इस पारंपरिक नृत्य शैली के प्रति युवाओं एवं प्रतिभागियों का विशेष आकर्षण परिलक्षित होता है। इसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को भारतीय शास्त्रीय कलाओं की विविध विधाओं को सीखने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रही है।

इसके अंतर्गत शास्त्रीय संगीत, वादन, नृत्य एवं ललित कला की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है सुगम संगीत एवं लोकगीत के साथ-साथ तबला, पखावज, सितार, वायलिन, गिटार (वेस्टर्न), बांसुरी, हारमोनियम एवं की-बोर्ड जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण शामिल है।

## आजम खान व अब्दुल्लाह के लिए एससी में गुहार

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** सपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्लाह खान को इंसाफ दिलाने के लिए देश भर से सुप्रीम कोर्ट में 10 जून को ज्ञापन भेज का न्याय की गुहार लगायी जायेगी। इसे लेकर सपा नेता एवं पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि वर्ष 2019 तक मोहम्मद आजम खान एवं उनके परिवार के विरुद्ध किसी प्रकार का गंभीर आपराधिक इतिहास सामने नहीं था, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद लगातार बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज किए गए। यह हालात राजनीतिक प्रतिशोध और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग की आशंका को जन्म देती है। लोकतंत्र में कानून का उद्देश्य न्याय स्थापित करना होना चाहिए, न कि राजनीतिक विरोधियों को मानसिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से प्रताड़ित करना।

यदि किसी व्यक्ति पर आरोप हैं तो निष्पक्ष जांच, पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत सत्य सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर के लोकतंत्र प्रेमी नागरिक, संविधान में विश्वास रखने वाले लोग, किसान, नौजवान, सामाजिक संगठन, मानवाधिकार कार्यकर्ता, अधिवक्ता, बुद्धिजीवी तथा समाजवादी विचारधारा से जुड़े लाखों लोग 10 जून को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजेंगे।

## रोजगार मेला 29 को

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार हर युवा को काम देने की दिशा में लगातार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी मे क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लालबाग मे 29 मई रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।

इसे लेकर सहायक सेवायोजन निदेशक ने बताया इस रोजगार मेले में देश की नामी गिरामी कपंनियों के प्रतिनिधि युवाओं को रोजगार देने की दिशा में चयन करेंगे। इसमें इंटर , स्नातक एवं आईटीआई पास युवा अपने मूल दस्तावेजो के साथ भाग ले सकेंगे। युवाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष, मोटरसाइकिल एवं वाहन चलाने का लाइसेंस होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं को 24 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जायेगा। इस मेले में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्टी कार्यालय पर सुंदरकांड पाठ व भंडारे का हुआ आयोजन

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के

पावन अवसर पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होने इस मौके पर सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। इसके पश्चात आयोजित भण्डारे में भारी संख्या में आये हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कहा कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल में पूजा एवं भण्डारे की धार्मिक परम्परा चली आ रही है। यह ईश्वर के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास का प्रतीक है। अजय राय ने पतित पावनी माँ गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उन्नति, सुख एवं समृद्धि की कामना की है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, सुश्री अनुसुइया शर्मा, रिसर्च एवं डाटा एनालिसिस विभाग के चेयरमैन प्रो0 विनोद चन्द्रा, वीरेन्द्र मदान, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, रमेश मिश्रा, विचार विभाग के चेयरमैन एचएल दुसाध, केके शुक्ला, राजेन्द्र पाण्डेय, कैप्टन बंशीधर मिश्रा, विजय बहादुर, पंकज तिवारी, बृज मौर्या, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा, संजय सिंह, सुरेन्द्र यादव, विनोद मिश्रा सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आक्सीजन मैन राजेश जायसवाल की विशेष सहभागिता रही।

### सनसनीखेज चोरी, रामगढ़ फार्म हाउस से लाखों का सामान पार

**बीकेटी, लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के कठवारा गांव स्थित रामगढ़ फार्म हाउस में अज्ञात चोरों ने बाउंड्री वॉल काटकर और ताले तोड़कर लाखों रुपये के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि, मूल रूप से कल्याणपुर, गुड़म्बा के रहने वाले फार्म हाउस मालिक मनीष कुमार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने बेहद शातिर अंदाज में वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने सबसे पहले फार्म हाउस की सुरक्षा के लिए लगाई गई बाउंड्री फेंस (तारों की बाड़) को कटर से काटा। इसके बाद अंदर दाखिल होकर उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया।पीड़ित के मुताबिक, चोर फार्म हाउस के अंदर से सोलर बैटरी, सोलर माइक्रो कंट्रोलर, इन्वर्टर, ड्रिल मशीन और ग्राइंडर कटर समेत भारी मात्रा में कॉपर वायर सेट चोरी कर ले गए। शातिरों ने अपनी पहचान छुपाने के लिए फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई कैमरे और सिम कार्ड समेत वाई-फाई राउटर को भी उखाड़ लिया और साथ ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि, पीड़ित की शिकायत पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फार्म हाउस से वाई-फाई राउटर और सिम कार्ड चोरी होने के कारण पुलिस की सर्विलांस टीम को एक्टिव कर दिया गया है। पुलिस आसपास के मार्गों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों का सुराग लगाया जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया जाएगा।

### विद्यालयों में संस्कृति पर जोर, अभियान इसी सत्र से

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पठन संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के लिए आगामी शैक्षिक सत्र से अभियान तेज करने की तैयारी है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पठन संस्कृति को मजबूत करना हमारे शिक्षा तंत्र की प्राथमिकता है। जब बच्चे नियमित रूप से पढ़ेंगे, तो उनकी भाषा क्षमता, संवाद कौशल और तार्किक सोच विकसित होगी। विद्यालयों में रीडिंग , समाचार-पत्र पठन, डीईएआर कैंपेन को भी लागू किया जा रहा है। विद्यालयों में लेखन प्रतियोगिताएं, पुस्तक समीक्षा और समाचार आधारित लेखन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी अभिव्यक्ति को बेहतर बना सकें। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि शासन का उद्देश्य विद्यालयों में सकारात्मक पठन वातावरण तैयार करना है, जिससे विद्यार्थी नियमित रूप से पुस्तकों एवं समाचार-पत्रों से जुड़ सकें। प्राथमिक स्तर पर सुपर-20 तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर सुपर-30 रीडिंग चैलेंज को भी गति दी जाएगी। विद्यार्थियों को पढ़ी सामग्री के आधार पर लेखन कार्य, कहानी लेखन, समीक्षा लेखन एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सहभागी बनाया जाएगा, जिससे सोच, अभिव्यक्ति एवं विश्लेषण क्षमता विकसित हो सके।

## कुत्ते को बेरहमी से मारने व खाल उधेड़ने का वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** निगोहा के एक गांव में आवारा कुत्ते के साथ क्रूरता का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश फैल गया। युवक द्वारा कुत्ते को बेरहमी से मारने और उसकी खाल उधेड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। ग्रामीणों के अनुसार निगोहां गांव निवासी बल्लू ने मंगलवार सुबह एक आवारा कुत्ते को पकड़ लिया और उसे पटक-पटक कर मार डाला। आरोप है कि इसके बाद युवक ने चाकू से उसका गला काट दिया तथा उसकी खाल उधेड़ते हुए वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई।

घटना से नाराज दर्जनों ग्रामीण निगोहा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की मानसिकता समाज के लिए खतरनाक है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में वह किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकता है।तहरीर देने वालों में विकास, विवेक कुमार, सनी कश्यप, उमेश, रोहित कश्यप और रामकिशन समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## बीबीएयू में स्किल बेस्ड कार्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीजी स्किल बेस्ड (नॉन-सीयूईटी) कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार इन कार्यक्रमों में प्रवेश अभ्यर्थियों की योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों के अधीन होगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं कोर्स चॉइस लॉकिंग प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

# अर्टिगा और ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ंत, चालक की मौत

**पीजीआई इलाके के किसान पथ की घटना**

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार पीजीआई इलाके में किसान पथ पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। डालौना रेलवे पुल के ऊपर ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और अर्टिगा कार की टक्कर हो गई।

इस दुर्घटना में अर्टिगा चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार सात अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह लगभग 4:15 बजे हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अर्टिगा कार संख्या यूपी 85 जीटी 3554 में कुल 8 लोग सवार थे। सभी मथुरा से अयोध्या जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक वाहन के अंदर फंस गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद चालक को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला। उसे तत्काल इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई है। घायलों में शुभाशीष मोहंती (16), स्मितांजली साहू (35), तिलावेरा, टिडा सुबोधा, बसंतदास, जयंतीरथा (पत्नी गगन बिहारी मोहपात्रा) और साई रामरथ शामिल हैं। ये सभी ओडिशा के जगन्नाथपुरी के निवासी बताए गए हैं। इस हादसे के कारण किसान पथ पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को सामान्य कराया। पुलिस ने बताया कि मौके पर कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

# बड़े मंगल पर एयरपोर्ट बना आस्था और सेवा का केंद्र

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर द्वारा लखनऊ एयरपोर्ट परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सेवा, श्रद्धा और सनातन परंपरा से जुड़े इस आयोजन में यात्रियों, एयरपोर्ट कर्मचारियों, टैक्सी चालकों, सुरक्षाकर्मियों एवं आम नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

सुबह से शुरू हुए भंडारे में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजकों के अनुसार लगभग 3000

से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। एयरपोर्ट परिसर में आने वाले यात्रियों को भी बड़े मंगल की परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया गया, जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। भंडारे के दौरान प्रसाद वितरण की व्यवस्था बेहद सुव्यवस्थित रही। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया। बड़े मंगल के अवसर पर किए गए इस सेवा कार्य को लोगों ने सामाजिक सद्भाव और जनसेवा की मिसाल बताया।

## जैन मुनि महाराजों की सुरक्षा को लेकर सीएम से गुहार

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** जैन धर्म प्रवर्धनी सभा लखनऊ के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रदेश में आगमन करने वाले जैन मुनि महाराजों, आर्यिकाओं एवं संत समाज की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जैन संत समाज सदैव अहिंसा, शांति, सद्भाव एवं मानव कल्याण का संदेश देता आया है। विगत समय में देश एवं विभिन्न प्रदेशों में जैन मुनियों के साथ दुर्व्यवहार एवं अत्याचार की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक एवं निंदनीय हैं। ऐसी घटनाएं समस्त जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचाती हैं।

## लखनऊ के छोहरिया माता मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** लखनऊ के चिनहट स्थित छोहरिया माता मंदिर को पर्यटन विकास परियोजना में शामिल किया गया है। इस मंदिर के लिए स्वीकृत 1.15 करोड़ में 86 लाख रुपये जारी हो चुके है।

इससे मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा, पेयजल, मार्ग सुधार और अन्य मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जायेगा। मंदिर के पुजारी लल्ला बाबा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों से छोहरिया माता मंदिर के विकास का कार्य शुरू होने जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और मंदिर की पहचान भी बढ़ेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार सिर्फ बड़े और प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे स्थलों को भी विकसित किया जा रहा है जो अब तक पर्यटन की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए थे। उन्होंने कहा कि छोहरिया माता मंदिर के विकास से न सिर्फ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा पहुंचेगा। पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से आसपास छोटे कारोबार, दुकानों और स्थानीय रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के साथ उसे नई पहचान दे रही है।

# बीकेटी, इटौंजा और सैरपुर में भव्य भंडारे सुरक्षा व स्वच्छता की दिखी मिसाल

**बीकेटी, लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** जेठ मास के बड़े मंगलवार को लेकर सुबह से ही पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। बख्शी का तालाब, इटौंजा और सैरपुर के मुख्य चौराहों, बाजारों और हाइवे के किनारे समितियों द्वारा पंडाल लगाए गए थे।

भंडारा आयोजकों और सेवादारों ने राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को रोक-रोककर पूरी श्रद्धा के साथ प्रसाद वितरित किया। प्रसाद में मुख्य रूप से पूड़ी-सब्जी, हलवा, बूंदी और ठंडे पानी व शर्बत की व्यवस्था की

गई थी। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। भीड़ और हाइवे पर वाहनों की आवाजाही को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। बख्शी का तालाब, इटौंजा और सैरपुर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस बल प्रमुख आयोजन स्थलों पर तैनात रहा।

पुलिस कर्मियों ने यातायात व्यवस्था को संभाला ताकि भंडारे की वजह से सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा न हो। राहगीरों को सुरक्षित रोककर प्रसाद दिलाने और वाहनों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में पुलिस ने अहम भूमिका निभाई है। इस बार के भंडारों में सबसे खास बात स्वच्छता को लेकर दिखी। आयोजकों ने 'स्वच्छ भारत अभियान' की झलक पेश करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा। प्रसाद बांटने वाले स्थलों के पास बड़े-बड़े डस्टबिन (कूड़ेदान) रखे गए थे। सेवादार लगातार लोगों से पत्तल और दोने डस्टबिन में ही डालने की अपील कर रहे थे।

भंडारा खत्म होने के बाद भी समितियों के सदस्यों ने सड़कों और आसपास के मैदानों की अच्छी तरह सफाई की, जिसकी स्थानीय प्रशासन और राहगीरों ने खूब सराहना की।धार्मिक सौहार्द और सेवा भावना से ओतप्रोत यह आयोजन देर शाम तक शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ।

## मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का 100वां स्थापना दिवस आज

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का 100वा स्थापना दिवस (शताब्दी वर्ष) दिनांक 27.05.2026 को चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाया जायेगा। एसोसिएशन के प्रान्तीय महामंत्री जेपी पाण्डेय ने बताया कि संगठन की स्थापना 1926 को हुई थी। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेष पाठक द्वारा प्रातः 9.00 बजे दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा विभाग के विभागाध्यक्ष सहित प्रदेश के 75 जिलो के अध्यक्ष/ क्षेत्रीय मंत्री तथा अन्य कई विभागों के कर्मचारी नेता शामिल होंगे। इसी दिन संघ के प्रेरणा सदन में दोपहर 3.00 बजे से प्रदेश की त्रैमासिक बैठक के पश्चात सांय 7.00 बजे प्रेरणा सदन में दीपोत्सव कार्यक्रम होगा।

## मोहनलालगंज में फ्यूज पेटी में धमाके से संविदा कर्मी झुलसा

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज कस्बे में ट्रांसफॉर्मर के फ्यूज बॉक्स में फॉल्ट दुरुस्त करने पहुंचा संविदा कर्मी अचानक धमाके के साथ झुलस गया। जख्मी संविदा कर्मी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मोहनलालगंज के न्यू सबस्टेशन पर कार्यरत संविदा कर्मी महानन्द मंगलवार की दोपहर नवजीवन इंटर कालेज के निकट ट्रांसफॉर्मर की फ्यूज पेटी में आई खराबी दूर करने गए थे। लेकिन महानंद ने शट डाउन लिए बगैर ही फ्यूज पेटी खोलकर मरम्मत शुरू कर दी।

तभी अचानक फ्यूज पेटी में धमाके के साथ फ्लैशिंग हुई। जिससे महानंद झुलस गए और दर्द से कराहने लगे। सूचना पाकर पहुंचे जेई विजय कुमार शर्मा ने जख्मी महानंद को सुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर भर्ती कराया। उपचार के बाद डॉक्टर ने महामंद की हालत खतरे से बाहर बताई है। जेई के मुताबिक संविदा कर्मी के हाथ झुलस गए हैं। जिसका इलाज कराया गया है। शट डाउन लिए बिना ही फ्यूज बांधने की कोशिश के दौरान यह हादसा हुआ। सभी कर्मचारियों को सेफ्टी किट के इस्तेमाल और शट डाउन लिए बिना कोई कार्य नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

बुधवार, 27 मई 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी

## कमजोर होते ट्रम्प!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक संभावित समझौते ने न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ी है, बल्कि उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी के अंदर भी गहरी दरार पैदा कर दी है। ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि समझौता 'लार्जली नेगोशिएटेड' हो चुका है, जिसमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलना, ईरान द्वारा अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम का स्टॉकपाइल सौंपना और सीजफायर शामिल है। परंतु हॉक्स (कठोर नीति समर्थक) सीनेटर इस पर खुलकर सवाल उठा रहे हैं। यह विभाजन केवल नीति का नहीं, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी की वैश्विक रणनीति, इजराइल के साथ संबंध और मध्य पूर्व में अमेरिकी वर्चस्व का सवाल है। विभाजन के केंद्र में मुख्य मुद्दे हैं। पहला, परमाणु कार्यक्रम। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि ईरान यूरेनियम स्टॉकपाइल सौंपेगा और परमाणु हथियार न बनाने का आश्वासन देगा। लेकिन सीनेटर टेड क्रूज, लिंडसे ग्राहम और टॉम कॉटन जैसे कट्टरपंथी गणतंत्रवादी इसे अपर्याप्त मानते हैं। वे पूर्ण डिसमेंटलिंग की समाप्ति, मिसाइल कार्यक्रम पर अंकुश और आतंकवाद समर्थन (प्रॉक्सी ग्रुप्स जैसे हिजबुल्लाह) को समझौते में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। उनके अनुसार, मौजूदा रूप में यह ओबामा युग की छूट जैसी 'कमजोर डील' साबित होगी, जो ईरान को सांस लेने का मौका देगी और भविष्य में बड़ा खतरा खड़ा करेगी। ग्राहम ने चेतावाया कि इससे ईरान क्षेत्रीय रूप से प्रभुत्वशाली बनेगा और खाड़ी में तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की क्षमता बरकरार रखेगा। दूसरा मुद्दा सीजफायर और सैंक्शंस रिलीफ का है। कुछ रिपब्लिकन इसे व्यावहारिक कदम मानते हैं - युद्ध की लागत, तेल की कीमतों में उछाल और घरेलू थकान को देखते हुए। वे ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हवाला देते हैं, जिसमें अनावश्यक युद्ध से बचना शामिल है। परंतु हॉक्स इसे ₹सरेंडर₹ करार दे रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि क्या ईरान को कोई राहत दी जाएगी, तो क्या वह फिर से परमाणु रास्ते पर लौटेगा? सीनेटर क्रूज ने इसे ट्रंप के दूसरे टर्म की सबसे महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि अब रुकना नहीं चाहिए। तीसरा, इजराइल और क्षेत्रीय सहयोगी। इजराइल इस डील को 'क्षेत्र के लिए खराब' मान रहा है। रिपब्लिकन पार्टी में इजराइल समर्थक लॉबी मजबूत है। कई सांसद चिंतित हैं कि समझौता इजराइल की सुरक्षा से समझौता करेगा। साथ ही, युद्ध पावर रेजोल्यूशन पर भी पार्टी में विद्रोह हुआ है, जहां कुछ रिपब्लिकन सीनेटरों (जैसे लिसा मुर्कोवस्की, रैंड पॉल) ने ट्रंप की कार्रवाई पर अंकुश लगाने वाले प्रस्तावों का समर्थन किया। यह दशार्ता है कि पार्टी में आइसोलेशनिस्ट (युद्ध-विरोधी) और इंटरवेंशनिस्ट (हस्तक्षेपवादी) गुटों के बीच तनाव बढ़ रहा है। यह विभाजन ट्रंप के नेतृत्व की परीक्षा है। ट्रंप ने अतीत में ईरान पर सख्ती दिखाई थी ओवामा जैसी छूट से बाहर निकलना, कासिम सुलेमानी की हत्या। अब शांति की कोशिश उन्हें 'डीलमेकर' साबित कर सकती है, लेकिन अगर डील कमजोर साबित हुई तो पार्टी के हॉक्स उन्हें कमजोर ठहरा सकते हैं। मिडटर्म चुनावों के नजरिए से भी यह जोखिम भरा है, क्योंकि अमेरिकी जनता युद्ध की थकान महसूस कर रही है।सम्पादकीय दृष्टि से, यह फूट लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा पर एकजुटता जरूरी है। ट्रंप को हॉक्स की चिंताओं को संबोधित करना चाहिए- मजबूत सत्यापन तंत्र, सैंक्शंस स्नैपबैक और इजराइल की चिंताओं का समाधान। ईरान जैसे दुश्मन के साथ कोई समझौता पूर्ण नहीं होता, लेकिन अंधा युद्ध भी समाधान नहीं। सच्ची जीत वह होगी जो ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को स्थायी रूप से कुचल दे और अमेरिका-इजराइल गठबंधन को मजबूत करे। ट्रंप की पार्टी अगर इस मुद्दे पर एकजुट नहीं हुई, तो मध्य पूर्व में अमेरिकी विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे। समय है समझदारी का, न कि आंतरिक कलह का।

### सूडोकु नवताल- 7807

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?

ललित गर्ग

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी।**

अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं।

हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए।

पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है। पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को 'निरस्त्र' करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं।

इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा। इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं।

यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है।

स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए।

साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है।

यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है।

यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है, लेकिन इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन रखना अनिवार्य है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# मौत के मुंह में धकेलती नकली दवाएं

डॉ. ओपी त्रिपाठी

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं। देश में बनने वाली अंग्रेजी दवाएं पिछले कुछ सालों से अपनी गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में हैं।

देश में आये दिन घटिया और नकली दवाओं के जखीरे पकड़े जा रहे है जो साबित करते है आमजन का स्वास्थ्य खतरे में है। ताजा मामला राजस्थान के कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद चार महिलाओं की मौत का है। इस घटना के बाद हुई जांच में पता चला है कि महिलाओं को प्रसव के दौरान ब्लीडिंग रोकने के लिए जो ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन दिया गया था, उसकी एक खेप पूरी तरह नकली थी। ड्रग कंट्रोल विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस इंजेक्शन में वह एक्टिव इंग्रीडिएंट मौजूद ही नहीं था, जो प्रसव के बाद खून बहने से रोकने के लिए जरूरी होता है। मृत महिलाओं को भी इसी प्रभावित बैच का इंजेक्शन लगाया गया था।

हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने अभी महिलाओं की मौत का सीधा संबंध इस नकली इंजेक्शन से होने से इनकार किया है और मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित की है। असल में यह संकट केवल एक इंजेक्शन तक सीमित नहीं है। पिछले दस दिनों के भीतर राजस्थान में बिक रही बुखार, एलर्जी, एंटीबायोटिक, पेट संक्रमण और इमरजेंसी दर्द निवारक समेत कुल 11 दवाइयों के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। ये दवाइयां राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र की विभिन्न कंपनियों में बनाई जा रही थीं। विभाग अब इन सभी संबंधित कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की नियमित और कड़ी जांच बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसी लापरवाही सीधे मरीजों की जान से खिलवाड़ है। बीते साल भी राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद दवा बाजार को लेकर भूचाल उठ खड़ा हुआ था।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

तेलंगाना में 2024 में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी साल उत्तराखंड में भी कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देश भर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे। बीते साल भी यूपी के आगरा और अन्य शहरों से नकली दवाओं की बड़ी खेप प्रशासन ने पकड़ी थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रैंड की नकली दवा तैयार कर रहे थे।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# पवन और सौर ऊर्जा संयंत्रों ने रोकी शर्मीले गोडावण की उड़ान

प्रकाश चंद्र शर्मा

राजस्थान के शुष्कघासीय और मरुस्थलीय जिलों में पाया जाने वाला शमीर्ला पक्षी गोडावण सरकारी स्तर पर राज्य पक्षी घोषित होने के बावजूद संकट में है। राजस्थान के पश्चिमी जिलों में विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगाए गए पवन और सौर ऊर्जा संयंत्र उडने वाले पक्षियों में विश्व में सबसे भारी इस पक्षी की स्वैच्छिक उड़ान में सबसे अधिक बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

पहले यह पक्षी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि कुछ राज्यों के घास के मैदानों में व्यापक रूप से पाया जाता था किंतु अब यह पक्षी बहुत कम जनसंख्या के साथ राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और संभवतः मध्यप्रदेश राज्यों में ही पाया जाता है। आईयूसीएन की संकटग्रस्त प्रजातियों पर प्रकाशित होने वाली लाल डाटा पुस्तिका में इसे 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' श्रेणी में तथा भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम- 1972 की अनुसूची-1 में रखा गया है।

इस विशाल पक्षी को बचाने के लिए राजस्थान सरकार ने एक प्रोजेक्ट शुरू किया था। इस प्रोजेक्ट का विज्ञापन ₹मेरी उड़ान न रोकें₹ जैसे मार्मिक वाक्यांश से किया गया है। भारत सरकार के वन्यजीव निवास के समन्वित विकास के तहत किये जा रहे 'प्रजाति रिकवरी कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 17 प्रजातियों में गोडावण भी सम्मिलित है। राजस्थान में यह जैसलमेर के मरू उद्यान, सोरसन (बारां) व अजमेर के शोकलिया क्षेत्र में पाया जाता है। यह पक्षी अत्यंत ही शर्मिला है और सघन घास में रहना इसका स्वभाव है। यह पक्षी 'सोन चिरैया', 'सोहन चिडिया' तथा 'शर्मिला पक्षी' के उपनामों से भी प्रसिद्ध है। गोडावण का अस्तित्व वर्तमान में खतरे में है तथा इसकी बहुत ही कम संख्या बची हुई है अर्थात यह प्रजाति विलुप्ति की कगार पर है। राजस्थान में अवस्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान में गोडावण की घटती संख्या को बढ़ाने के लिये आगामी प्रजनन काल में सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। राष्ट्रीय मरु उद्यान (डेजर्ट नेशनल पार्क) 3162 वर्ग किमी. में फैले इस पार्क में बाडमेर जिले के लगभग 20 से 25 ग्राम पंचायतों में 59 ग्राम और जैसलमेर के लगभग 12 से 15 ग्राम पंचायतों में 39 ग्राम पूर्ण व आंशिक रूप से सम्मलित है। उक्त गांवों की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार) 71710 व पशुधन की संख्या लगभग 448000 है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह राजस्थान का सबसे बड़ा अभयारण्य है। इसकी स्थापना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अर्न्तगत वर्ष 1980-81 में की गई थी।

राजस्थान में सर्वाधिक संख्या में गोडावण पक्षी इसी उद्यान में पाए जाते हैं। इसलिये इस अभयारण्य क्षेत्र को गोडावण की शरणस्थली भी कहा जाता है। अभयारण्य में वानस्पतिक विविधता में कुल 245 प्रजाति के पेड़ पौधे, झाड़ी व विविध प्रजातियों की घास शामिल हैं। यहाँ पर मूलरूप से झरवेरी, खेजड़ी, जाल, केर, बड़बेर, आक, फोग, खींप तथा घास में सेवण व धामन मुख्य रूप से मौजूद हैं। वन्यजीवों में भी रेगिस्तानी प्रजातियों के वन्यप्राणी व पक्षी बहुतायत में पाए जाते हैं। यहां कुल 32 प्रजाति के स्तनधारी जीव, 40 प्रजाति के सरीसृप व 100 से अधिक प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं। मुख्य रूप से चिंकारा, रेगिस्तानी लोमड़ी, सामान्य लोमड़ी, रेगिस्तानी बिल्ली, लिजार्ड, सांडा, वाइपर सांप, करैत सांप आदि के अलावा पक्षियों में दुर्लभ प्रजाति का पक्षी गोडावण व तिलोर के अतिरिक्त लुप्तप्राय पक्षी जैसे गिद्ध व बाज भी पाए जाते हैं। रेगिस्तान के विपरीत माहौल में भी रहने वाले वन्य जीवों के बारे में वैसे तो समय-समय पर विभाग द्वारा विस्तृत जानकारी ली जाती है। प्रदेश के वन्य जीव प्रेमियो द्वारा भी कई बार केंद्र व राज्य सरकार को ज्ञापन देकर राज्य पक्षी गोडावण बचाने की अपील भी की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोडावण को राज्य सरकार ने राज्य पक्षी घोषित कर रखा है लेकिन उसको बचाने और संरक्षण के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। जैसलमेर, बाड़मेर के मरुस्थलीय इलाकों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को सोलर पार्क विकसित करने के लिए रियायती दरों पर भूमि दी जा रही है। इन सोलर प्लांटों की वजह से आए दिन गोडावण दुर्लभ पक्षियों की मृत्यु हो रही है। चूंकि गोडावण अन्य पक्षियों के मुकाबले में आकार में बड़ा होता है इसलिए बिजली के करंट की चपेट में जल्दी आता है। बड़ी कंपनियां लगातार सोलर प्लांट लगा रही हैं लेकिन वन्य पक्षियों के बचाव के लिए कोई उपाय नहीं कर रही है। ताजा जानकारी के अनुसार राज्य पक्षी गोडावण विश्व के दुर्लभतम पक्षियों में से एक है जो कि लुप्त होने के कगार पर है। भारत में इसकी बची हुई आबादी लगभग 150 पक्षियों में से अधिकतम राजस्थान के थार क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पाए जाते हैं। डेजर्ट नेशनल पार्क और अन्य महत्वपूर्ण गोडावण निवास क्षेत्रों में गोडावण की वैज्ञानिक जनगणना वर्ष 2017 में कि गई थी। और गोडावण की जनसंख्या 128 पाई गई थी। गोडावण वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 के शिड्यूल-1 का प्राणी है। गोडावण पक्षी प्राकृतिक रूप से धीमी गति के प्रजनन करने वाले पक्षी है जो कि अमूमन साल में मात्र एक अंडा देते हैं। और ये अकाल के समय अंडा नहीं देते हैं। यह पक्षी बिना घोंसला बनाए जमीन पर खुले में अंडा देता है। जिस कारण अंडे को परभक्षियों से अधिक खतरा रहता है। इसके अतिरिक्त हाईटेंशन लाइन से टकराकर मृत्यु होना गोडावण की संख्या कम होने का एक प्रमुख कारण बन कर उभर रहा है। ऐसे में इस राज्य पक्षी को बचाने की सख्त जरूरत है। साथ ही सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनियों को पाबंद किया जाए कि वे अपने प्लांट परिसर में वन्यजीवों को बचाने के लिए उपाय करें।

एक समय था, जब राजस्थान की पहचान वन क्षेत्र में गोडावण से होती थी लेकिन आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में गोडावण की संख्या शून्य हो गई है। अब थोड़े बहुत गोडावण पक्षी बाड़मेर, जैसलमेर के मरुस्थलीय क्षेत्रों में रह रहे हैं। यहां भी सोलर प्लांट और पवन चक्कियों के पंखों की वजह से गोडावण की संख्या लगातार घट रही है।

खुश खबरः राजस्थान में राज्य पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) के संरक्षण अभियान को हाल के महीनों में बड़ी सफलता मिली है। जैसलमेर के रामदेवरा और सम स्थित ब्रीडिंग सेंटरों में वर्ष 2026 में अब तक 11 से अधिक नए चूजों का जन्म हुआ है। इसके बाद संरक्षण केंद्रों में गोडावणों की कुल संख्या लगभग 79 से 82 तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, गोडावण दुनिया के सबसे संकटग्रस्त पक्षियों में शामिल है और इसकी जंगली आबादी लगातार घट रही थी। इसी कारण राजस्थान सरकार, वन विभाग और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया मिलकर 'कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम' चला रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक प्रजनन के साथ-साथ आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन (अक) तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है।

सरकार की ओर से प्रमुख उपायों में जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क क्षेत्र में विशेष संरक्षण केंद्र स्थापित करना, अंडों को सुरक्षित रखकर चूजों का पालन-पोषण करना, बिजली लाइनों से होने वाली मौतों को रोकने के प्रयास तथा भविष्य में तैयार पक्षियों को प्राकृतिक आवास में छोड़ने की योजना शामिल है। वन विभाग का कहना है कि यह परियोजना अब सकारात्मक परिणाम देने लगी है और आने वाले वर्षों में गोडावण की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

**वृष-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुन-** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क-** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। अपना कार्य स्वयं करें।

**सिंह-** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवंतन की संभावना हैं।

**कन्या-** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**तुला-** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**वृश्चिक-** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**धनु-** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**मकर-** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्ष

# नगर निगम सदन में देरी पर भड़के पार्षद, कार्यवाही स्थगित

## नगर आयुक्त और महापौर के देर से पहुंचने पर पार्षदों ने जताया विरोध रवींद्र सिंह बोले-'अपमान के बल पर सदन नहीं चलेगा'

**गोरखपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** नगर निगम का सदन आज मंगलवार को शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गया। निर्धारित समय सुबह 11 बजे की बजाय बैठक साढ़े 11 बजे शुरू होने पर पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। नगर आयुक्त और महापौर के देर से सदन हाल में पहुंचते ही पार्षदों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान करार दिया। करीब आधे घंटे तक इंतजार करने के बाद जब अधिकारी सदन में पहुंचे, तो पार्षदों ने एक स्वर में विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि जब पार्षद समय से उपस्थित हो सकते हैं, तो अधिकारियों को भी समय की पाबंदी का पालन करना चाहिए।

पार्षद रवींद्र सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि अपमान के बल पर सदन नहीं चलेगा, और चेतावनी दी कि यदि यही रवैया रहा तो सदन चलाना मुश्किल हो जाएगा। सदन में एक और

बड़ा मुद्दा उस समय उठा जब पार्षदों ने सम्भव कार्यक्रम को लेकर सवाल खड़े किए। हर मंगलवार को आयोजित होने वाला सम्भव कार्यक्रम उसी समय नीचे सभागार में चल रहा था, जबकि ऊपर सदन हाल में बैठक बुलाई गई थी। पार्षदों ने आरोप लगाया कि एक ही समय पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखकर अधिकारियों को सम्भव में व्यस्त कर दिया गया, जिससे सदन की कार्यवाही प्रभावित हुई। पार्षदों ने कहा कि यह प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। जब सदन की बैठक निर्धारित थी, तो अधिकारियों की उपस्थिति सदन में सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। लेकिन इसके उलट अधिकारी नीचे कार्यक्रम में व्यस्त रहे और सदन में देरी से पहुंचे। इसे पार्षदों ने सदन की गरिमा के साथ खिलवाड़ बताया।इसके अलावा, पूर्व पार्षद रोजा खातून (हुमायूंपुर) के निधन के बाद सदन का मिनट्स जारी न किए जाने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। पार्षदों ने इसे असंवेदनशीलता करार देते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि के निधन के बाद यह न्यूनतम औपचारिकता होती है, जिसे नजरअंदाज किया गया। साथ ही, पूर्व नगर आयुक्त के महराजगंज में जिलाधिकारी बनने के बाद हुए विदाई समारोह की सूचना पार्षदों को न दिए जाने पर भी सवाल उठाए गए।

पार्षदों का कहना था कि यह नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी को दशार्ता है और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का उदाहरण है। लगातार बढ़ते विरोध के बीच अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ने स्थिति संभालने का प्रयास किया। उन्होंने दोनों मामलों में नगर निगम की ओर से हुई चूक को स्वीकार करते हुए सदन में खेद व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी गलतियां नहीं दोहराई जाएंगी।

# अयोध्या घूमने गए युवक की ट्रेन हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**सहजनवा, गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** सहजनवा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा भीटी रावत निवासी 19 वर्षीय युवक आदित्य कनौजिया की ट्रेन हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहर.ाम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार आदित्य कनौजिया पुत्र रमेश कनौजिया 25 मई 2026 को अपने छह दोस्तों के साथ अयोध्या घूमने के लिए निकला था। सभी युवक मगहर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर यात्रा पर गए थे। परिजनों को दोस्तों द्वारा सूचना दी गई कि यात्रा के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से आदित्य की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आदित्य पढ़ाई में काफी मेहनती था। उसने

इंटरमीडिएट के साथ आईटीआई की शिक्षा भी प्राप्त की थी और आगे बेहतर भविष्य बनाने की तैयारी कर रहा था। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार पूरी तरह टूट गया है। आदित्य अपने परिवार में एकमात्र भाई था और पांच बहनों में सबसे छोटा था। उसकी सभी बहनों की शादी हो चुकी है। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां शर्मिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता रमेश कनौजिया गहरे सदमे में हैं। गांव के लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि आदित्य स्वभाव से बेहद मिलनसार और शांत प्रवृत्ति का युवक था। उसकी असमय मौत से हर कोई स्तब्ध है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन,शार्ट ओरिजिनेशन व मार्ग विस्तार

गोरखपुर, **26 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी है। इसी क्रम में, गोरखपुर जं. स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-07 एवं 08 पर पैदल उपरिगामी पुल (एफ.ओ.बी.) के निर्माण के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं मार्ग विस्तार निम्नवत किया जायेगा। निरस्तीकरण- - गोरखपुर से 04 जून, 2026 को चलने वाली 05057 गोरखपुर-दिल्ली विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। - दिल्ली से 05 जून, 2026 को चलने वाली 05058 दिल्ली-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। - गोरखपुर से 29 मई एवं 05 जून, 2026 को चलने वाली 05053 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। - बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई एवं 06 जून, 2026 को चलने वाली 05054 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। - गोरखपुर से 29 मई से 07 जून, 2026 तक चलने वाली 55031/55032 गोरखपुर-गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन- - आसनसोल से 29 मई एवं 05 जून, 2026 को चलने वाली 13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी 03.50 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी भटनी-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। - गोरखपुर से 30 मई एवं 06 जून, 2026 को चलने वाली 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी से 22.13 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-भटनी के बीच निरस्त रहेगी। - लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 03 जून, 2026 को चलने वाली 11081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी 03.10 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी भटनी-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी।

- गोरखपुर से 05 जून, 2026 को चलने वाली 11082 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी से 15.42 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-भटनी के बीच निरस्त रहेगी। - बनारस से 29 मई से 07 जून, 2026 तक चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट 10.50 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी।

# 2027 में जनता भाजपा को उखाड़ फेंकेगी , प्रदेश में होगी 'नई सुबह' :माता प्रसाद पांडे

**गोरखपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे आज गोरखपुर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर जिला जेल पहुंचकर सपा के पूर्व पार्षद श्याम यादव से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और तीखे तंज कसे।

महंगाई के नाम पर जनता को बकायदा लूट रही है सरकार' मीडिया से बात करते हुए माता प्रसाद पांडे ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, ₹आज देश और प्रदेश

की जनता त्रस्त है। सरकार महंगाई के नाम पर जनता को बकायदा लूटने का काम कर रही है।₹ उन्होंने आगे दावा किया कि इन सभी परेशानियों से तंग आ चुकी जनता साल 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सूबे से उखाड़ फेंकेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में समाजवादी पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी और प्रदेश में एक 'नई सुबह' की शुरूआत होगी।मायावती के '2007 वाले फॉमूर्ले' पर साधा निशाना जब मीडिया ने उनसे सवाल किया कि बसपा सुप्रीमो मायावती एक बार फिर अपने 2007 वाले सोशल इंजीनियरिंग के कार्ड को खेलने की कोशिश कर रही हैं, तो इस पर पलटवार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ₹मायावती जी केवल रणनीति ही बनाती रह जाएंगी। उनकी रणनीति हमेशा की तरह इस बार भी फेल साबित होगी।

वह इस समय राजनीतिक मैदान से पूरी तरह बाहर हैं । और आगे भी मैदान से बाहर ही रहेंगी। काकरोज जनता पार्टी' के सोशल मीडिया बैन पर बोले पांडे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर 'काकरोज जनता पार्टी' के अकाउंट्स को बैन किए जाने के सवाल पर माता प्रसाद पांडे ने सरकार के इस कदम को उनकी हताशा बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास व कार में आगजनी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सहजनवा गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के मैरियागढ़ विष्णु मंदिर निवासी अंकित उपाध्याय पुत्र तंगुनाथ उपाध्याय सोमवार को सुबह पौने आठ बजे परिजन को लेकर शहर में शॉपिंग करने गए थे। परिजन को घर पर छोड़कर चालक नंदन पांडेय निवासी नगवा थाना गीडा कार लेकर घर आ थे थे। नगवा के पास गाड़ी ओवरटेक को लेकर मनबढ़ो ने चालक की जान मारने की नीयत से हमला करते हुए कार पर पेट्रोल छिड़कर आग के हवाले कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर घटना में शामिल कपिल सिंह,शुभम सिंह, श्रेयांश सिंह,विशाल सिंह,सुनील सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास,आगजनी का केस दर्ज कर अभियुक्तों तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय,उपनिरीक्षक योगेश यादव,उपनिरीक्षक विकास मिश्रा,उपनिरीक्षक हरिशंकर यादव, कास्टेबल अंकित कुमार,पिंटू कुमार संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि हत्या के प्रयास और आगजनी के अभियुक्त कपिल सिंह पुत्र राम प्रसाद सिंह,विशाल सिंह पुत्र गिरिजाशंकर सिंह निवासी नगवा थाना गीडा अपने घर पर मौजूद थे। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

**गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़,यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 24 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल कासगंज एवं अपराध आसूचना शाखा इज्जतनगर द्वारा निगरानी के दौरान ग्राम-मल्हार नगर, थाना-सोरो, कासगंज से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक टिकट दलाल को 40 ई- टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। 23 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल एवं अपराध आसूचना शाखा कासगंज द्वारा निगरानी के दौरान ग्राम-करसाना, थाना-अमांपुर, कासगंज से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक टिकट दलाल को 37 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। 24 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-12565 में 14 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला, जिसे रेलवे सुरक्षा बल, गोंडा पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ के उपरांत लड़के को चाइल्ड लाइन गोंडा को सुपुर्द किया गया। 24 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बनारस को गाड़ी संख्या-11107 में 19 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरांत लड़के को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। 23 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बलरामपुर द्वारा तुलसीपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-01 से 360 बोतल अमानक पानी की बोतल जब्त किया गया।

### शैक्षिक व अकादमिक सहयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**सहजनवां गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सहजनवां एवं दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के मध्य 26 मई को शैक्षिक एवं अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों महाविद्यालय संयुक्त रूप से शैक्षिक गतिविधियों, शोध कार्यों, सेमिनार, कार्यशाला, व्याख्यानमाला, छात्र-शिक्षक आदान कार्यक्रम तथा कौशल विकास संबंधी आयोजनों का संचालन करेंगे। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार एवं शोध के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद कुमार पाल ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के मध्य ज्ञान, संसाधनों एवं अनुभवों के आदान-प्रदान को एक नवीन दिशा प्रदान करेगा। वहीं दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने इसे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया। एमओयू पर दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. दीपक सोनी, डॉ. करुणेश त्रिपाठी, ममता गौतम, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. महंथ यादव, डॉ. हरेराम यादव, डॉ. कौशल किशोर तिवारी, अनुप कुमार आदि मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन

**सहजनवा,गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विगत वर्षों की भांति आज चौथे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड परिसर स्थित महुआ बाबा के स्थान पर श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय एवं एच आर ०एडमिन हेड दशरथ मिश्रा के साथ कंपनी के समस्त कर्मचारीगण श्रद्धा के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसके पश्चात पूरे नियम और आस्था के साथ सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ।

# पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**गोरखपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 15 मई से 05 जून, 2026 तकचलाये जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के ग्यारहवें दिन 25 मई, 2026 को मुख्यालय तथा मंडलों के प्रमुख स्टेशनों, कारखानों, डिपो, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों एवं चिकित्सालयों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में, लखनऊ मंडल पर अभियान के ग्यारहवें दिन विश्व पर्यावरण दिवस अभियान को सफल बनाने हेतु मंडल रेल प्रबन्धक, लखनऊ श्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में खलीलाबाद स्टेशन पर स्वास्थ्य निरीक्षक/खलीलाबाद, रेल कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने जन-जागरूकता रैली निकालकर यात्रियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण के विषय में बताया तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु जागरूक किया। बस्ती स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक/बस्ती, स्वास्थ्य निरीक्षक/बस्ती एवं सफाई मित्रों ने पेड़ लगायें-प्रदूषण हटायें, पेड़ लगायें-प्लास्टिक हटायें तथा प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिये पुनः उपयोग वाली पानी की बोतलों को इस्तेमाल करने के लिये यात्रियों के बीच जन-जागरूकता रैली निकाली गई। वाटर रिफिल प्वाइंट का निरीक्षण किया गया तथा टी.डी.एस. की जांच की गई। यात्रियों को वाटर बूथ एवं वाटर रिफिल प्वाइंट से अपनी बोतल को भरकर पुनः उपयोग वाली बोतल को इस्तेमाल करने तथा उपयोग हो चुकी प्लास्टिक बोतल को बोतल क्रशर मशीन से निस्तारण करने की जानकारी दी गई।

यात्रियों को गीला कूड़ा- हरे डस्टबिन में, सूखा कूड़ा- नीले डस्टबिन में तथा खतरनाक अपशिष्ट- पीले डस्टबिन में निस्तारित करने की जानकारी दी गई। बस्ती स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में निर्मित ग्रीन एरिया में साफ-सफाई की गई। वाराणसी मंडल पर मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी श्री आशीष जैन के देखरेख में प्रमुख स्टेशनों- आजमगढ़, वाराणसी सिटी, बनारस, भटनी, बलिया, छपरा, देवरिया सदर, गाजीपुर सिटी, मऊ, प्रयागराज रामबाग, सीवान एवं सलेमपुर स्टेशनों पर जल पुनर्भरण केंद्रों का गहन निरीक्षण किया गया ताकि यात्रियों को अपनी गैर प्लास्टिक पानी की बोतलों को फिर से भरने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके, जिससे एकल उपयोग वाली प्लास्टिक की बोतलों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके। प्रमुख स्टेशनों पर माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण में कमी लाने के लिये पैकेजिंग बैग (डेयरी उत्पाद) को कम करनेह्य के विषय पर वेंडरों/कर्मचारियों के लिये एक संवादात्मक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर पक्षियों के लिये उपयुक्त स्थलों पर मिट्टी के पात्र रखने एवं वितरण करने के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण विषयों पर पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगितायें आयोजित की गईं तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सफाई मित्रों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के लियेसम्मानित किया गया। इन जागरूकता कार्यक्रमों में यात्री, रेल एवं हाउसकीपिंग कर्मचारी तथा सफाई मित्र सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर रहे हैं। इज्जतनगर मंडल पर अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावादेने हेतु काठगोदाम स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# आरामदायक यात्रा व अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन

**गोरखपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा हेतु अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 30 जून, 2026 तक के लिये 25 मई, 2026 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता है। - गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 30 मई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 133 बर्थ, 06 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 703 बर्थ, 13 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 787 बर्थ, 20 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 797 बर्थ तथा 27 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 649 बर्थ उपलब्ध हैं।

- मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 04 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 134 बर्थ, 11 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 80, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 278, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 68 बर्थ तथा 18 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 97, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 321, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 82 एवं शयनयान श्रेणी में 105 बर्थ तथा 25 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 96, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में286 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 98 बर्थ उपलब्ध हैं।

# शास्त्री चौक पर विशाल 'महाप्रसाद भंडारा'आयोजित

**गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** राजधानी के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में से एक, शास्त्री चौक पर आज एक भव्य धार्मिक आयोजन हुआ है। शास्त्री चौक के समस्त दुकानदार भाइयों के सौजन्य से आज, 26 मई 2026 (मंगलवार) को एक विशाल 'महाप्रसाद भंडारा' का आयोजन किया गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम आज सायं 5:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 8:00 बजे तक अनवरत रूप से चलेगा। भंडारे में क्षेत्र के श्रद्धालुओं और आम जनता के लिए महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति की मुख्य भूमिका इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में स्थानीय व्यापारी वर्ग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था के लिए समिति के मुख्य पदाधिकारियों को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं:?गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी महामंत्री पंकज श्रीवास्तव उपाध्यक्ष धनेश निषाद कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव पुस्तकालय मंत्री संजय कुमार संयुक्त मंत्री महेंद्र गौड़ गंवार कार्यकारिणी सदस्य अजीत सिंह रजनीश कुमार त्रिपाठी डॉ मनोज कुमार मिश्र कार्यक्रम आयोजक अध्यक्षः उदय प्रकाश दुबे मंत्रीः राम दुलारे कोषाध्यक्षः दीन बंधु जायसवाल उर्फ गोलू?आयोजन समिति ने स्थानीय जनता और सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुँचकर प्रभु का आशीर्वाद लें और महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें। हनुमान जी और प्रभु श्री राम के भजनों के साथ इस भंडारे को लेकर स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# एमएमएमयूटी में पहली महिला नवनियुक्त कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा ने किया कार्यभार ग्रहण

**गोरखपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,की नवनियुक्त कुलपति प्रो अनुपमा कौशिक शर्मा ने आज सुबह विश्वविद्यालय के पांचवें कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कुलपति के रूप में उनका कार्यभार ग्रहण करना ऐतिहासिक है क्योंकि मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज के समय से विश्वविद्यालय बनने के बाद अब तक किसी महिला के हाथ में संस्थान की कमान नहीं रही है। सम्भवतः प्रदेश के राजकीय तकनीकी संस्थानों में भी अब तक कोई महिला कुलपति या निदेशक नहीं रही है। जनभवन, लखनऊ द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की

तिथि से तीन वर्ष का होगा। अटल भवन स्थित कुलपति सचिवालय में पूर्व कुलपति प्रो जे पी सैनी ने उन्हें कार्यभार हस्तांतरित किया। इस दौरान कुलसचिव चंद्र प्रकाश प्रियदर्शी, वित्त नियंत्रक विनय कुमार राय, अधिष्ठाता प्रो जय प्रकाश एवं प्रो बी के पांडेय, जनसंपर्क अधिकारी डॉ अभिजित मिश्र, उप कुलसचिव डॉ डी के गोस्वामी, सहायक कुलसचिव प्रदीप कांत सिंह, मनोज बलोनी सहित प्रो अनुपमा कौशिक शर्मा ने पति प्रो एस के शर्मा, माननीय कुलपति, पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बठिंडा एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रो अनुपमा कौशिक शर्मा की उच्च शिक्षा पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से हुई है जहां उन्होंने 1993 में केमिकल इंजीनियरिंग में बी ई, 1995 में केमिकल इंजीनियरिंग में एम ई, 1999 में एम बी ए फाइनेंस, तथा 2005 में केमिकल इंजीनियरिंग में पी एच डी की है। इसके साथ ही उन्होंने सांख्यिकी में पी जी डिप्लोमा तथा फ्रेंच भाषा में डिप्लोमा भी किया है। उन्होंने लेक्चरर के तौर पर वर्ष 1999 में अपना करियर पंजाब विश्वविद्यालय के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग से शुरू किया था जहां वे 2008 में एसोसिएट प्रोफेसर और 2011 में प्रोफेसर बनीं।

उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी में विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का भी निर्वहन किया है जिसमें प्रमुख हैं समन्वयक टेक्विप, अधिष्ठाता पुरातन छात्र संबंध, एवं अध्यक्ष, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी। प्रो शर्मा के पास शिक्षण, शोध, एवम अकादमिक प्रशासन में 31 वर्षों का विशद अनुभव है।

# योगी सरकार में बाढ़ सुरक्षा प्रबंध को मिल रही मजबूती

## पांच दशक पुराने रेग्युलेटर के स्थान पर नए रेग्युलेटर स्थापित
## हाबर्ट तटबंध पर 8 रेग्युलेटर बन कर तैयार, ट्रेस रैक भी लगाया जाएगा

**गोरखपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर राप्ती नदी की बाढ़ से महानगर को सुरक्षित करने और शहरवासियों को वैकल्पिक यातायात मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हाबर्ट तटबंध को फोरलेन में विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं, सिंचाई विभाग ने पांच दशक पुराने रेग्युलेटरों की जगह 30.28 करोड़ रुपये की लागत से नए रेग्युलेटर बना दिए है।

गोरखपुर में राप्ती नदी के बाएं तट पर ब्रिटिश काल में बने 3.9 किलोमीटर लंबे हाबर्ट तटबंध का चौड़ीकरण किया जा रहा है। पहले इस तटबंध के शीर्ष की चौड़ाई सात

मीटर थी, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा फोरलेन सड़क के रूप में विकसित करते हुए 25 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है। दूसरी ओर इस तटबंध पर सिंचाई विभाग ने पुराने रेग्युलेटरों की जगह नए रेग्युलेटरों का पुनर्निर्माण करा दिया है। ड्रेनेज खंड (सिंचाई विभाग) के अधिशासी अभियंता आनंद गौतम के अनुसार बाक्स ड्रेन बना कर हाबर्ट बांध फोरलेन पर नए सिरे से रेग्युलेटर का निर्माण किया गया है। इस परियोजना से बारिश और बाढ़ के दौरान जलनिकासी की समस्या से शहर को बड़ी राहत मिलेगी और बाढ़ सुरक्षा व्यवस्था भी पहले से अधिक मजबूत होगी। रेग्युलेटर के गेट सिंचाई विभाग के कार्यशाला खंड की तरफ से लगाए गए हैं। आठों रेगुलेटरों के नालों पर आधुनिक ट्रेस रैक भी लगाए जाएंगे। मजबूत लोहे की जालियों वाले ट्रेस रैक लग जाने से ठोस कचरा सीधे नदी में नहीं जा पाएगा। नालों के रास्ते बहकर आने वाले मृत पशु भी ट्रेस रैक पर ही रुक जाएंगे। इससे नदी को प्रदूषित होने से भी बचाया जा सकेगा। इन आठ रेग्युलेटर का नए सिरे से हुआ निर्माण डोमिनगढ़, बहरामपुर, इलाहीबाग, मिजार्पुर, बसंतपुर नरकटिया, घसियारी, हांसूपुर राजघाट और ट्रांसपोर्टनगर स्थित सभी आठ रेग्युलेटरों का सिविल कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही रेग्युलेटर पर गेट लगाने का यांत्रिक कार्य भी करा लिया गया है।

# नकहा जंगल-डालीगंज-नकहा जंगल सवारी गाड़ी के संचलन की मिली स्वीकृति

**गोरखपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय जनता की मांग को ध्यान में रखते हुये रेल मंत्रालय द्वारा नकहा जंगल-डालीगंज-नकहा जंगल सवारी गाड़ी के संचलन की स्वीकृति प्रदान की गई है। 05065 गोंडा-डालीगंज उद्घाटन विशेष गाड़ी गोंडा से डालीगंज के लिए 26 मई, 2026 को चलाई जायेगी। इस गाड़ी का नियमित संचलन डालीगंज से 26 मई, 2026 से तथा नकहा जंगल से 27 मई, 2026 से 55062/55061 डालीगंज-नकहा जंगल-डालीगंज सवारी गाड़ी से किया जायेगा। उद्घाटन विशेष गाड़ी का सम्भावित समय निम्नवत है।

26 मई, 2026 को 05065 उद्घाटन विशेष गाड़ी गोंडा से सम्भावित समय 12.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा कचहरी से 12.42 बजे, कठोला हॉल्ट से 12.50 बजे, मैजापुर से 12.58 बजे, कस्तुरी से 13.05 बजे, करनैलगंज से 13.14 बजे, सरजू से 13.24 बजे, जरवल रोड से 

# सीडीओ की अध्यक्षता में स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर , 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति/जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं पी0 एम0 विश्वकर्मा जिला क्रियान्वयन समिति तथा विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में सदस्य सचिव/उपायुक्त उद्योग द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को प्रस्तुत किया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं यथा- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। सी0एम0 युवा अभियान के बारे में भी विस्तृत रूप से अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक, एस0बी0आई0 एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि इस उपरोक्त योजनाओं/सी0एम0 युवा अभियान को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध सुनिश्चित किया जाये। बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत प्राप्त एम0ओ0यू0 एवं जी0बी0सी0 / 5.0 हेतु तैयार प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गयी। श्री विशाल श्रीवास्तव, उद्यमी मित्र द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद हेतु धनराशि रू0 2000 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष अब तक कुल 1110 करोड़ का जी0बी0सी0 रेडी पोर्टल पर कर दिया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे जी0बी0सी0 / 5.0 हेतु अधिक से अधिक एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित करायें, जिससे जनपद का लक्ष्य पूर्ण हो सकें। इसी क्रम में उपायुक्त उद्योग द्वारा पी0एम0 विश्वकर्मा योजना सम्बन्ध में गठित समिति के समक्ष योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपायुक्त उद्योग से समन्वय करते हुए पी0एम0 विश्वकर्मा योजनान्तर्गत प्राप्त सूची का भौतिक सत्यापन करते हुए पात्र/अपात्र सूची उपायुक्त उद्योग को उपलब्ध कराये।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियम राजशेखर पांडे, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, बब्लू गुप्ता शासन द्वारा नामित उद्योग बन्धु समिति सदस्य औद्योगिक, लीड बैंक मैनेजर पवन कुमार सिन्हा, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, जिला बाट माप अधिकारी बी0पी0 वर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार, अरविंद पाठक सहित व्यापारिक संगठन के पदाधिकारीगण तथा जनपद स्तरीय अधिकारीगण/उद्यमीगण/व्यापारीगण आदि उपस्थित रहें।

# तंबाकू सेवन से कैंसर इलाज में खर्च के 10 लाख का भुगतान करे बीमा कंपनी

- क्षतिपूर्ति के रुप में रुपए 2.10 लाख अदा करने का आदेश
- जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

**संत कबीर नगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व महिला सदस्य संतोष ने मुंह के कैंसर के इलाज का खर्च बीमा कंपनी द्वारा न देने के मामले को गंभीरता से लिया है। इलाज में खर्च रुपए 14 लाख 86 हजार 72 में से बीमा धन रुपए 10 लाख ब्याज समेत अदा करने का आदेश बीमा कंपनी को दिया है। इसके साथ ही क्षतिपूर्ति के रुप में रुपए दो लाख 10 हजार अतिरिक्त अदा करना होगा। सूर्यविहार कालोनी गोरखपुर के निवासी अनिल सिंह ने अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से न्यायालय में वाद दाखिल कर कहा कि वह वर्तमान में खलीलाबाद में रहते हैं। उन्होंने आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस बीमा कंपनी से रुपए 10 लाख का वर्ष 2022 में स्वास्थ्य बीमा लिया था। उन्होंने अपना व अपने परिवार का बीमा कराते समय उनके खान पान के आदतों व अपने द्वारा किए जा रहे तम्बाकू/सुर्ती सेवन के बारे में बीमा कंपनी को बताया था, जिसके अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करते रहे।

वर्ष 2024 में उन्होंने रुपए 61 हजार 380 प्रीमियम की रकम का भुगतान किए। अगस्त 2024 में उन्हें पित्ताशय में पथरी हुई, जिसके आपरेशन में रुपए 29 हजार व्यय हुए। उक्त खर्च का भुगतान बीमा कंपनी द्वारा टाल मटोल कर नही किया गया। नवम्बर 2024 में मुंह में गांठ हो गया। एम्स गोरखपुर में बायोप्सी जांच हुई, जिससे मुंह के कैंसर की पुष्टि हुई। वह इलाज कराने फरीदाबाद गए। इसकी सूचना बीमा कंपनी को देने तथा स्वीकृति प्राप्त होने पर उन्होंने स्वयं को एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज फरीदाबाद में भर्ती करा दिया। दिनांक 30 जनवरी 2025 तक इलाज व आपरेशन हुआ, जिसमें रुपए 11 लाख 14 हजार 998 व्यय हुआ।

बीमा कंपनी को समस्त प्रपत्र उपलब्ध कराकर दावे के भुगतान की मांग की गई। कुछ समय बाद पुनः समस्या उत्पन्न हो गई, जिसके इलाज के लिए उन्हें पुनः फरीदाबाद जाना पड़ा। दवा इलाज में कुल रुपए 14 लाख 86 हजार 72 व्यय हुए। अंततः बीमा कंपनी सभी दावे को यह कहकर अस्वीकृत कर दिया कि दावेदार तम्बाकू सेवन करता है, जो बीमा से कवर नही है।

थक-हार कर अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से न्यायालय में वाद दाखिल करना पड़ा। न्यायालय ने पत्रावली पर दाखिल प्रपत्रों व साक्ष्यों का अवलोकन करने तथा दोनों पक्ष के बहस को सुनने के उपरांत बीमा कंपनी के खिलाफ फैसला सुनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में की समीक्षा

**संत कबीर नगर , 26 मई (तरुणमित्र)।** आज दिनाँक 26.05.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद, थाना दुधारा, थाना धनघटा, थाना महुली, थाना मेहदावल, थाना बखिरा व थाना बेलहरकला पर नियुक्त चौकी प्रभारियों के साथ जनशिकायती प्रार्थना पत्र में बढ़ोत्तरी के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी । समीक्षा के दौरान जनपद संतकबीरनगर के जिन चौकी क्षेत्रों से जनशिकायती प्रार्थना पत्र की बढोत्तरी हुयी है, उन चौकी प्रभारी को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही बढ़ रहे जनशिकायती प्रार्थना पत्र को लेकर नाराजगी व्यक्त की गयी । चौकी प्रभारियों को जनशिकायतों की सुनवाई कर त्वरित जांच, विधिक निस्तारण तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए । साथ ही भविष्य में किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरतने हेतु चेतावनी दी गयी । हिदायत दिया कि सभी चौकी प्रभारी खुद मौके पर जाकर दोनों पक्षों की बात सुनें और पूरी निष्पक्षता के साथ मामले की जांच करें । फर्जी या कागजी आख्या लगाने वालों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए तय की गई समय सीमा में शत-प्रतिशत पालन होना चाहिए । कोई भी आवेदन बेवजह लंबित न रखा जाए ।

### वरिष्ठ अधिवक्ता की जयंती पर हुआ प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह

**बिसवां (सीतापुर ), 26 मई (तरुणमित्र)।** तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव जयंती के उपलक्ष्य में तहसील परिसर स्थित तहसील सभागार में अधिवक्ता एवं प्रबुद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एवं बिसवां लायर्स एसोसिएशन बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ताओ अधिवक्ताओं एवं चिकित्सकों, शिक्षक को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश आशीष जैन, सीजेएम गौरव प्रकाश ने तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी वर्मा,आर एन सिंह,कमलेश मौर्य मृदु, शमीम कौसर सिद्दीकी,बिलाए अध्यक्ष आनन्द मेहरोत्रा,सचिव बिलाए नागेन्द्र प्रताप मौर्य सहित अनेकअधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। प्रबुद्ध नागरिकों में पंच कैलाशी साधना बाजपेई,वरिष्ठ अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश चन्द्र मिश्र,चिकित्सक डा अमित सक्सेना,नेत्र चिकित्सक डा मो शावेज सहित अन्य प्रबुद्धजन को भी सम्मानित किया गया।

# मौत, मोलभाव और मैनेजमेंट का अड्डा बना किलकारी हॉस्पिटल

- नवजात की मौत पर फिर फूटा गुस्सा, आखिर कितनी लाशों के बाद जागेगा सिस्टम
- नवजात की मौत पर सौदेबाजी, पुलिस की मौजूदगी में दफन हुआ सच

**कुशीनगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में निजी अस्पतालों की बेलगाम व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हमेशा विवादों में रहने वाले पडरौना स्थित किलकारी हॉस्पिटल और उसके संचालक डॉ. कमलेश वर्मा एक बार फिर नवजात की मौत के बाद सुर्खियों में है। आरोप वही पुराने हैं। गलत इलाज, लापरवाही, मौत और फिर समझौते का खेल। इस बार भी एक गरीब परिवार का दीपक बुझ गया और सिस्टम फिर अस्पताल की ढाल बनकर खड़ा दिखाई दिया। बतादे कि जनपद के खड्डा थाना क्षेत्र के सालिकपुर गांव निवासनी नंदनी पत्नी विष्णु अपने नवजात बच्चे को तेज धड़कन की शिकायत पर पडरौना बडी नहर के पटरी के किनारे स्थित किलकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

हास्पिटल प्रशासन द्वारा परिवार को भरोसा दिया गया कि बच्चा ठीक हो जाएगा। छह दिन तक भर्ती रखकर इलाज के नाम पर हजारों रुपये वसूले गए, लेकिन परिजनों का आरोप है कि हालत लगातार बिगड़ती रही। आखिर में बीस हजार रुपये जमा कराने के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मां जब कैमरों के सामने फूट-फूटकर डॉक्टर की लापरवाही गिना रही थी, उसी समय अस्पताल के भीतर मामला मैनेज करने की पटकथा लिखी जा रही थी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हंगामा बढ़ते देख अस्पताल प्रबंधन ने अपने करीबी लोगों, कथित पत्रकारों और पुलिस को मौके पर बुला लिया।

फिर शुरू हुआ दबाव का खेल। सबसे बड़ा सवाल पुलिस की भूमिका को लेकर उठ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय समझौते की सलाह देती दिखी। परिजनों को यह कहकर डराया गया कि यदि कार्रवाई करोगे तो नवजात का पोस्टमार्टम होगा, इतने छोटे बच्चे की चीर-फाड़ से क्या मिलेगा।

## पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

**लालगंज, प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** ग्राम पंचायत भवन में मंगलवार को डिजिटल लाइब्रेरी का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। लालगंज के तारापुर में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने डिजिटल लाइब्रेरी का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान विमलेश सिंह ने योजना के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को ज्ञानार्जन के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता है। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने कहा कि ज्ञानार्जन के क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाएं हर पटल पर सफलता का इतिहास रच रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र व संचालन सचिव अक्षय प्रताप सिंह ने किया।

# अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल का आरोप, विच्छेद हुई शादी,एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने महिला सुरक्षा, पुलिस कार्यप्रणाली और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।थाना क्षेत्र के गांव भुवालपट्टी निवासी प्रियंका देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में गांव के ही एक युवक पर अश्लील वीडियो बनाकर वर्षों तक ब्लैकमेल, मानसिक-शारीरिक शोषण और वैवाहिक जीवन बर्बाद करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सत्येंद्र पुत्र इंद्रासन गुप्ता ने मेरा निजी वीडियो बनाकर उसको हथियार बनाकर लंबे समय तक उसे धमकाया, बदनामी का डर दिखाया और लगातार दबाव बनाता रहा। परिवार ने सामाजिक सम्मान बचाने के उद्देश्य से उसकी शादी रामकोला क्षेत्र में कर दी,आरोप है कि शादी के बाद भी ब्लैकमेलिंग और कथित दबाव का सिलसिला नहीं थमा।शिकायत के अनुसार 14 मई 2026 की रात आरोपी कथित तौर पर पीड़िता के ससुराल पहुंच गया और जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया। हंगामे के बीच परिजनों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। घटना के बाद पीड़िता का दांपत्य जीवन टूट गया और उसे बच्चों सहित घर छोड़ने की नौबत आ गई।मामले का सबसे संवेदनशील पहलू यह बताया जा रहा है ।

# प्रगणक घर-घर जाकर कर रहे मकानों की गणना

**संत कबीर नगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया है कि भारत की जनगणना 2027 में *मकानों की गणना दिनॉक 22.05.2026 से दिनॉक 20.06.2026 के मध्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में जनपद के शत प्रतिशत मकानों की गणना किए जाने हेतु समस्त चार्ज आफिसरों को निर्देशित कर दिया गया है कि समस्त चार्ज आफिसर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जनगणना कार्य में लगें प्रगणकों, सुपरवाइजरों से मिलकर प्रक्रियागत समस्याओं, यदि कोई हो तो उसका निराकरण कराये तथा जनगणना के कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उक्त के क्रम में आज चार्ज आफिसर/तहसीलदार खलीलाबाद आनन्द ओझा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बेलहर अमित सिंह, तहसीलदार धनघटा रामजी, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर जनगणना में लगे प्रगणकों तथा अन्य क्षेत्र-वासियों से सम्पर्क किया गया तथा आमजनमानस को जनगणना में सहयोग करने हेतु संदेश/आह्वान किया गया। इसी क्रम में आज मेहदावल तहसील में 0621 के प्रगणक शिवचंद्र कुमार मौर्य व उनके सुपरवाइजर राम अनुज द्वारा अपने पूरे ब्लॉक की गणना (156 जनगणना मकान) कर नक्शा जमा किया गया। कम समय में इनके द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

# दलित छात्रा के उत्पीड़न मामले पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**देवरिया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद महोबा में नीट की तैयारी कर रही दलित छात्रा के अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म एवं अमानवीय यातनाओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में कांग्रेसजन टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में सुभाष चौक, सिविल लाइंस मार्ग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

इस दौरान कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महोबा की घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है तथा भाजपा सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तक संघर्ष जारी रखेगी। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी तथा पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, भरत मणि त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, आनंददेव गिरी चुन्नू, जुलेखा खातून, संजीव कुमार मिश्रा, चंदन वर्मा, मार्कण्डेय मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

**बस्ती , 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान कुछ परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करने एवं कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाना आवश्यक है।

# बैतालपुर में डीएम का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं व कार्यालय व्यवस्था पर सख्ती

**देवरिया , 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को बैतालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सुबह करीब 9:15 बजे पीएचसी पहुंचे जिलाधिकारी ने ओपीडी, प्रसव केंद्र, दवा वितरण कक्ष समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को समय से उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर और वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था को भी गंभीरता से लेते हुए नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इलाज और दवा के लिए किसी भी मरीज को परेशानी नहीं होनी चाहिए।इसके बाद लगभग 10 बजे जिलाधिकारी ने बीडीओ कार्यालय बैतालपुर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका और अभिलेखों की जांच करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने तथा जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण को कहा।

उन्होंने निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। साथ ही चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही या शिथिलता मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गौरव दिवस

**बस्ती , 26 मई (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत नगर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मंगलवार को गौरव दिवस का आयोजन गया। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने महर्षि वशिष्ठ जी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने 15 करोड़ रुपए की 79 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के 312 लाभार्थियों को स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्कृट कार्य करने वाले आधा दर्जन कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

श्रीमती कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाना मेरा दृढ़ संकल्प है। कहा कि सभी पंद्रह वार्डों में भेदभाव रहित गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष,साप्ताहिक जनता दर्शन, जन शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर,प्रत्येक माह स्वच्छता अभियान, मासिक योग दिवस, हर माह एक वार्ड में वृद्ध जन सम्मान समारोह, 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए श्री राम धाम निःशुल्क यात्रा, निःशुल्क शव वाहन की सुविधा, रिक्शा ठेला चालकों के लिए श्रमवीर सम्मान योजना, गरीब मृतक परिवारों के सहयोग हेतु संस्कार सहभागिता योजना, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना, धार्मिक स्थलों के लिए धर्म ज्योति योजना, खिलाड़ियों और कलाकारों को अवसर प्रदान करने के लिए नगर महोत्सव एवं अमर शहीद मेला जैसा कार्यक्रम संचालित करने वाला नगर देश की पहली नगर पंचायत बन गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह एवं स्वाधीनता सेनानी सरजू भगत निषाद लो पावन भूमि की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित संकल्प भारत यात्रा में सहभागी बनने के लिए नगर को विकसित नगर पंचायत बनाने का सुझाव दिया। अधिशाषी अधिकारी श्रृष्टि सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाएं तथा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम सख्त, एनएचएआई को दी चेतावनी

**गाजीपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्देश दिये गये कि समस्त अधिकारीगण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करेंगे एवं अनुपालन आख्या के साथ कृत कार्यवाही का विस्तृत विवरण फोटोग्राफ्स सहित क्रमिक माह एवं विगत वर्ष में उसी माह के तुलनात्मक विवरण के साथ संलग्न किया जाये।

हिट एण्ड रन केस के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने हेतु मीडिया में प्रचार-प्रसार करने हेतु पुलिस विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित करायी जाय एवं प्रभावित व्यक्तियों को परिवहन विभाग में आवेदन हेतु जानकारी दी जाये। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में हिट एण्ड रन का कोई प्रकरण लम्बित नहीं है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल गोल्डेन ऑवर में चिकित्सा केन्द्र पर पहुचाने हेतु आम लोगो को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि राहवीर योजना के तहत घायल व्यक्ति अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति को रू. 25000 का पुरस्कार भी दिया जायेगा। प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों टोल प्लाजाओं ब्लैक स्पॉट वाले स्थल, थाना व अस्पताल पर होडिग्सं लगाये जाने एवं सोशल मीडिया पर भी प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। हाईवे पर चिन्हित स्थानों पर ही पार्किंग की जायें अन्यत्र स्थलों पर पार्किंग किये जाने पर कार्यवाही की जाये। हाईवे पर ई रिक्शा का संचालन पूर्णत प्रतिबन्धित है अतः किसी भी स्थिति में ई रिक्शा का संचालन न होने दिया जाय। हाईवे पर तवदह पैकम चलने वाले, दो पहिया वाहनो पर बिना हेलमेट चलने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करने एवं शराब पीकर नशो की हालत में वाहन चलाने वाले चालको पर ब्रैथ एनालाइजर द्वारा जांच कर कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

वाराणसी-गाजीपुर राष्ट्रीय मार्ग संख्या-31 पर मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार मीडियन को तोडकर अवैध कट बना दिये जाते है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे स्थलों के नजदीक के भवनों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे द्वारा पुनः अवैध कट बनाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नामजद एफ.आई.आर. दर्ज करायी जाय।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल–फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

**–: सार्वजनिक सूचना :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट–ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 माता प्रसाद | भूखण्ड / भवन संख्या– बी–5 / 100 | विनय खण्ड गोमती नगर | 06.04.2018 | श्रीमती आशा श्रीवास्तव | श्री आलोक श्रीवास्तव श्रीमती अंजनी सहाय श्रीमती अल्का सक्सैना | पत्नी, पुत्र पुत्री, पुत्री |
| 2. | स्व0 रवि नारायण बाजपेई | भूखण्ड संख्या– 1 / 241 | विराम खण्ड गोमती नगर | 04.04.2025 | श्रीमती पुष्पलता बाजपेई, श्री अभिषेक बाजपेई, श्री आयुष बाजपेई, | ––– | पत्नी, पुत्र, पुत्र |
| 3. | श्रीमती अरूणा गुप्ता | भवन संख्या– 10 | निराला नगर कालोनी योजना | 23.11.2023 | श्री निलय गुप्ता श्रीमती सुमन जैन | ––– | पुत्र पुत्रवधु |
| 4. | श्रीमती मोहिनी बाला सिन्हा पत्नी स्व0 विश्ववीर | भूखण्ड संख्या– 998 | उदयन–2 शारदा नगर रायबरेली रोड योजना | 19.04.2026 | श्रीमती दिशा श्रीवास्तव | रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | पुत्रवधु |
| 5. | स्व0 बृज रानी टण्डन | भवन संख्या– ES-1B/560 सेक्टर–ए | सीतापुर रोड | 14.11.1996 | श्रीमती सरोज कपूर (विवाहित पुत्री) | श्री वीरेन्द्र टण्डन (पुत्र) श्री नरेन्द्र टण्डन (पुत्र) श्री शैलेन्द्र टण्डन (पुत्र) | पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, हर पोर्टल पर दिखे प्रगति में सुधारः डीएम

- स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश
- कमजोर प्रगति पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं पोर्टलों की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बता दें कि जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पोर्टलों पर वास्तविक प्रगति परिलक्षित होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित एसएनए स्पर्श पोर्टल 2.0 एवं डीडीओ पोर्टल पर कर्मचारियों, आशा, आशा संगिनी तथा जेएसवाई लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन कार्य की प्रगति देखी गई। अधिकारियों ने अवगत कराया कि ब्लॉक स्तरीय इकाइयों को 330.00 की लिमिट आवंटित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने लंबित पंजीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आरसीएच पोर्टल की समीक्षा में कई इकाइयों की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्ययोजना बनाकर वर्क प्लान पोर्टल से डेटा जनरेट करते हुए सभी सूचनाएं समय से अपडेट की जाएं। गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) चिन्हांकन की समीक्षा के दौरान छिरिया, कदौरा, पिंडारी, कुठौंद, कालपी, रामपुरा एवं अरवन क्षेत्र के कई उपकेंद्रों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की समय रहते पहचान कर उनका प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने एएनएम के क्षमता संवर्धन तथा पीएमएसएमए दिवस पर 15 से 20 प्रतिशत एचआरपी चिन्हित करने के निर्देश दिए। एफबीएनसी पोर्टल के अंतर्गत एनआरसी कार्यक्रम की समीक्षा में बेड ऑक्यूपेंसी दर मात्र 59 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सा इकाइयों को निर्देशित किया कि अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी में भर्ती कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय इकाई को न्यूनतम 25 बच्चों को प्रतिमाह एनआरसी में भर्ती कराने का लक्ष्य दिया। साथ ही जिला महिला चिकित्सालय, पुरुष चिकित्सालय तथा सीएचसी कोच, कालपी, जालौन एवं माधौगढ़ के बाल रोग विशेषज्ञों को ओपीडी के दौरान बच्चों की स्क्रीनिंग कर एनआरसी में भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएनसीयू एवं एनबीएसयू इकाइयों की समीक्षा में सीएचसी जालौन, माधौगढ़ एवं कोंच में कम एडमिशन तथा कम बेड ऑक्यूपेंसी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और आगामी माह में सुधार लाने के निर्देश दिए। ई-कवच पोर्टल के तहत आभा आईडी, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, सीबीएसी स्क्रीनिंग तथा हेल्थ फैसिलिटी लॉगिन की समीक्षा में न्यूनतम प्रगति वाले ब्लॉकों को चेतावनी देते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन में रामपुरा, कदौरा, कुठौंद, डकोर, उरई एवं अरवन ब्लॉकों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभावी रणनीति बनाकर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल स्क्रीनिंग अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने की टास्क फोर्स समिति की बैठक, दिए निर्देश

**उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की उच्चस्तरीय बैठक कर अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना रॉयल्टी परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए निर्देश दिए कि खनन पट्टा क्षेत्रों की आकस्मिक निगरानी अब ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को तुरंत चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जा सके।उन्होंने तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों को सक्रिय करते हुए निर्देश दिए कि स्रोत स्थल पर पहुंचकर अवैध खनन एवं परिवहन को रोका जाए। ओवरलोडिंग, बिना रॉयल्टी एवं एनआर वाहनों पर कठोर कार्रवाई करते हुए कहा गया कि यदि कोई वाहन तीन बार अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसे ब्लैकलिस्ट करते हुए सीज एवं स्क्रैप कराने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारी अकेले चेकिंग नहीं करेगा। समस्त कार्रवाई टास्क फोर्स समिति द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी, जिससे जांच में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्रवाई पूरी दक्षता एवं समन्वय के साथ हो ताकि जनपद में अवैध परिवहन पर पूर्णतरू अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी बालू पट्टा धारक की अवैध खनन में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई करते हुए पट्टा निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाए। तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों की कार्रवाई की निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, आईपीएस एवं एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य को जनपद प्रभारी नामित किया गया है।

दोनों अधिकारियों को लगातार इनपुट एकत्र कर अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कालपी स्थित यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के दृष्टिगत वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगातार निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो और आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, सीओ आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हनुमान जी मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

**जालौन/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** पुरुषोत्तम मास (अधिकमास मास) के दूसरे मंगलवार को नगर के हनुमानजी मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर सामूहिक 108 सुंदरकांड व श्रीहनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पाठ कर धार्मिक अनुष्ठान में आहूति दी।

हर तीन वर्ष बाद आने वाले अधिमास (पुरुषोत्तम मास) को धार्मिक आयोजनों के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। पंडित अरविंद बाजपेई बताते हैं कि अधिमास (पुरुषोत्तम मास) में की गई पूजा, व्रत और दान-पुण्य का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक प्राप्त होता है। यह मास भगवान विष्णु को समर्पित है। इसलिए श्रीहरि की आराधना से मोक्ष, पापों से मुक्ति और अटके हुए कार्यों में सफलता मिलती। पुरूषोत्तम मास में नगर व क्षेत्र में धार्मिक आयोजन लगातार चल रहे हैं। माह के दूसरे मंगलवार को नगर के मंदिरों में श्रीरामचरित मानस का अंखड पाठ चल रहा है और पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद वितरण कराया जा रहा है।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, उत्पीड़न का आरोप

**जालौन/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** जालौन में मंगलवार सुबह एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि महिला लंबे समय से अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। मामला कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडितपुर का है।

बता दें कि पंडितपुर निवासी श्याम बिहारी दोहरे ने अपनी पुत्री प्रियंका की शादी वर्ष 2017 में मध्य प्रदेश निवासी एक युवक से की थी। परिजनों का आरोप है कि शुरूआती समय में सब कुछ सामान्य रहा,

लेकिन बाद में ससुराल पक्ष द्वारा प्रियंका का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। आरोपों के अनुसार, प्रताड़ना से परेशान होकर प्रियंका अपने मायके आकर रहने लगी थी। परिजनों का कहना है कि उसने कई बार ससुराल जाकर परिवार के साथ रहने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष ने उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया। लगातार मानसिक तनाव और अपमान से आहत होकर प्रियंका ने मायके में ही पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गई है, जिनकी उम्र लगभग 8 वर्ष और 5 वर्ष बताई जा रही है। मां की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और दोनों मासूमों के सिर से मां का साया उठ गया।

घटना की सूचना मृतका की मां पुष्पा देवी ने कुठौंद थाना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस दौरान मृतका की मां सदमे में बेहोश हो गईं, जिन्हें पुलिस ने संभाला। थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालय भूमि पर अवैध खनन का आरोप

- प्रधानाचार्य ने डीएम से की शिकायत, ग्रामीणों में नाराजगी

**कदौरा/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** कदौरा क्षेत्र के महंत भगवान विशाल इंटर कॉलेज की भूमि पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। विद्यालय प्रशासन ने आरोप लगाया है कि माफियाओं द्वारा स्कूल की जमीन से अवैध रूप से बालू निकालकर बेची गई है, जिससे विद्यालय को भारी नुकसान हुआ है।

प्रधानाचार्य ने इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि प्रधानाचार्य विकास कुमार ने बताया कि पथरेहटा मौजा हिमनपुर स्थित विद्यालय की भूमि पर खनन माफियाओं ने बड़ी मशीनों का उपयोग कर अवैध खुदाई की। आरोप है कि इस दौरान सैकड़ों ट्रक बालू निकालकर बेच दी गई। मामले की शिकायत के बाद भूमि की पैमाइश भी कराई गई थी। इसके बावजूद, विद्यालय प्रशासन ने दोबारा खनन किए जाने का आरोप लगाया है। इस घटना से ग्रामीणों और शिक्षकों में नाराजगी है। विद्यालय प्रबंधन समिति का कहना है कि अवैध खनन के कारण विद्यालय की जमीन को क्षति पहुंची है। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। बताया गया कि जब विद्यालय स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर खनन कार्य का विरोध किया, तो कर्मचारियों ने उनकी बात को नजरअंदाज कर काम जारी रखा। शिकायत के बाद कथित तौर पर साक्ष्य मिटाने के लिए खनन स्थल पर मिट्टी डालने की बात भी सामने आई है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग दोहराई है।

# स्टियरिंग फेल होने से पुलिया से टकराई पिकअप

**जालौन/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** औरैया की ओर जा रही पिकअप गाड़ी की स्टियरिंग फेल होने से गाड़ी चुंगी नंबर चार के पास पुलिया से टकरा गई। हादसे में पुलिया के पास फल की ठिलिया लगाए खड़ी वृद्ध महिला को मामूली चोटें आईं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी पहुंचाया।

मंगलवार की शाम करीब पांच बजे एक पिकअप गाड़ी जालौन की ओर से औरैया की ओर जा रही थी। जब पिकअप गाड़ी चुंगी नंबर चार के पास पहुंची तो अचानक से गाड़ी की स्टियरिंग फेल हो गई और गाड़ी बेकाबू होकर चुंगी नंबर चार के सामने बनी पुलिया से टकराकर रूक गई।

इसी दौरान पुलिया के पास मोहल्ला हिरदेशाह निवासी वृद्ध महिला गफूरन फल की ठिलिया लगाए खड़ी थी। उन्होंने बेकाबू कार से बचने की कोशिश की लेकिन कार की टक्कर से उनके पैर में चोट आ गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बहला फुसलाकर कर ले जाने पर मुकद्मा दर्ज

**कोंच/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 24 मई 2026 समय करीब रात्रि 1:30 बजे की है। जब मेरी 17 वर्षीय नाबालिक पुत्री को अभिषेक पुत्र गोटीराम अहिरबार बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसकी मैने अपनी रिस्तेदारी एवं अभिषेक की रिस्तेदारी में जानकारी की लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बगैर सीसी निर्माण के क्षेत्र पंचायत ने करा लिया भुगतान

**कोंच/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** भ्रष्टाचार के नए-नए कारनामे सामने आते रहते हैं। जिनमें से ग्राम पंचायत गुमावली के मजरा ग्राम हरदुआ में फर्जी सी सी भुगतान बगैर कार्य के क्षेत्र पंचायत द्वारा करा लिया गया। बता दें कि क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार निवासी ग्राम कैथी ने दिन मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को एक शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि ग्राम हरदुआ में क्षेत्र पंचायत द्वारा वर्ष 2022-23 में सीसी निर्माण शंकर जी के मंदिर से रघुराज के मकान तक बर्क आईडी संख्या 3138006/आर सी/958486255823410959 है। जिसका कुल भुगतान 5 लाख 27 हजार रुपया निकाला गया है जबकि मौके पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया प्रदीप कुमार ने एस डी एम से उपरोक्त फर्जी काम की जांच टी एस सी/चीफ टीएससी से कराकर भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# कोल्ड स्टोर में गैस रिसाव से कर्मचारी झुलसा, इलाज जारी

**कोंच/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के कोंच तहसील क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कोल्ड स्टोर में गैस रिसाव हो गया। अंडा गांव के पास स्थित इस कोल्ड स्टोर में हुए हादसे में एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि मंगलवार सुबह कोल्ड स्टोर में सामान्य रूप से काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक गैस टैंक से रिसाव शुरू हो गया। मैनपुरी निवासी 24 वर्षीय कर्मचारी अनूप पुत्र जयवीर जहरीली गैस की चपेट में आकर झुलस गए। हादसे के बाद अन्य कर्मचारियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायल अनूप को पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां उसका इलाज जारी है और चिकित्सक उसकी हालत पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गैस रिसाव होते ही अन्य कर्मचारी तुरंत बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने कोल्ड स्टोरों में गैस पाइपलाइन और सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। कोल्ड स्टोर के पार्टनर श्याम द्विवेदी ने बताया कि टैंक के पाइप में थोड़ी मात्रा में अमोनिया गैस भरी हुई थी, जिसकी सफाई करते समय रिसाव हो गया। उन्होंने कहा कि इस घटना में कर्मचारी के मुंह पर फफोले पड़ गए हैं और वह मामूली रूप से झुलसा है। उसका इलाज कराया जा रहा है। फिलहाल, प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# घरेलू कलह से परेशान अधेड़ ने की आत्महत्या

**जालौन/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के कुठौंद थाना क्षेत्र में घरेलू कलह से परेशान एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह गांव के बाहर एक पेड़ से उसका शव लटका मिला। मृतक की पहचान मदारीपुर गांव निवासी मुस्ताक (55 वर्ष) पुत्र उस्मान के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि मुस्ताक लंबे समय से घरेलू कलह से जूझ रहा था। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका देखा, तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुठौंद थाना पुलिस टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

# सैंडी इलेविन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट से जीत की दर्ज

**कोंच/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय ग्राउंड में सोमवार देर रात 10:30 बजे माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियम नाइट क्रिकेट टूनामेंट का मुकाबला आयोजित किया गया। विधायक मूलचन्द्र निरंजन के तत्वावधान में चल रहे इस टूनामेंट को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे। मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

बता दें कि इस टूनामेंट को देखने के लिए आसपास के जिलों के अलावा कानपुर से भी युवा दर्शक तीतरा पहुंचे। कानपुर के क्रिकेट प्रेमी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर टूनामेंट के वीडियो देखे थे, जिसके बाद वे मैच देखने के

लिए यहां आए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर के नाइट क्रिकेट टूनामेंट के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामजी गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें केवल उचित मंच और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम अनुरागी भी उपस्थित थे। रात में खेले गए पहले मुकाबले में रामराज असुपुरा 11 और सैंडी इलेविन की टीमें आमने-सामने थीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामराज असुपुरा 11 ने निर्धारित 8 ओवरों में 46 रन बनाए। जवाब में, सैंडी इलेविन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 4.4 ओवरों में 52 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की। आयोजन समिति के प्रमुख आशु निरंजन के निर्देशन में आकाश, अंकित, हिमांशु, प्रदीप धनौरा, विकास पटेल धनौरा, पंकज और जीतू राज सहित समिति के सदस्यों ने मैदान और अन्य व्यवस्थाओं का प्रबंधन किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सुनील शर्मा, वारिस राइन, हरिश्चंद्र गौरी चबोर सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

# लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड एंड पैथोलॉजी का हुआ शुभारंभ

**कोंच/उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** नगर के मारकंडेश्वर तिराहे के पास लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड एंड पैथोलॉजी का शुभारंभ माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन के पुत्र आशु निरंजन व पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया कार्यक्रम में सभी अस्थियों को स्मृति चिन्ह व शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

लाइफ केयर पैथोलॉजी के शुभारंभ पर बोलते हुए अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नगर के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा और रंगीन अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी खोली गई है। यह एक अलग पैथोलॉजी है जिसका लाभ नगर व क्षेत्र के लोगों को मिलेगा उन्होंने कहा कि अभी तक रंगीन लैब नगर में नहीं थी जिससे यहां के लोगों को उरई जाना पड़ता था और अब यह सुविधा नगर के लोगों को मिलेगी उन्होंने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिल सके इसके लिए लाइफ केयर पैथोलॉजी मील का पत्थर साबित होगी। विधायक पुत्र आशु निरंजन ने कहा कि लाइफ केयर पैथोलॉजी के सभी आयोजको को बधाई देते हैं नगर के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा और रंगीन पैथोलॉजी की सेवाएं मिल सकेंगी उन्होंने कहा कि नागरिकों को सही सुविधा देने का काम करें। जिससे नगर के लोगों को लाभ मिल सके। वहीं आयोजक पत्रकार अली जावेद के भाई शाह हुसैन, गुड्डू खान, मजहर खान, शादाब खान ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान सिरौठिया, अधिवक्ता कांग्रेस नेता अनिल पटेरिया, डॉ आलोक निरंजन, अमित उपाध्याय, नरेश कुशवाहा, सभासद शादाब अंसारी, अशोक गुर्जर, अनिल पटेल, उद्योगपति सैयद महबूब अली, संजय नगाइच, खेमचंद नामदेव हाजी, जैनुल आब्दीन, जैद आब्दीन, मुहतसिन उद्दीन, सुजाअत हुसैन, अफीसा हुसैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों का आभार पत्रकार अली जावेद ने व्यक्त किया।

# स्वयं सहायता समूहों से बदलेगी ग्रामीण महिलाओं की तस्वीर

- डीएम ने मिशन शक्ति के तहत आजीविका संवर्धन, बैंक लिंकेज और 'लखपति दीदी' अभियान को तेज करने के दिए निर्देश

**उरई, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार उरई में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बता दें कि बैठक में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने, बैंक लिंकेज बढ़ाने तथा ह्लखपति दीदी योजनाह्व के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर समूहों से जोड़ा जाए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं स्वरोजगार एवं आय सृजन गतिविधियों से जुड़ सकें। जनपद में अब तक 9413 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है तथा 1,37,701 परिवारों का समूहों से संतृप्तिकरण किया गया है। वहीं 986 ग्राम संगठन एवं 36 संकुल स्तरीय संघ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने समूहों को रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक लिंकेज से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवार

संतृप्तिकरण में कम प्रगति वाले विकास खंड माधौगढ़, नदीगांव, रामपुरा एवं जालौन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों को बैंक समन्वय स्थापित कर समूहों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा। लखपति दीदी योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई। आगामी वर्षों में जनपद की 41,526 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 472 लखपति सीआरपी चयनित की जा चुकी हैं तथा 80 सीआरपी को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महिलाओं को कृषि, डेयरी, सिलाई, फूड प्रोसेसिंग, पेपर उत्पाद, प्रेरणा कैंटीन, पीडीएस दुकान, मूंगफली उत्पादन एवं गैर कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जाए। जनपद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिनमें सर्वाधिक 6143 महिलाएं गैर कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एसवीईपी, पीडीएस दुकान, ड्राई फूड वितरण, प्रेरणा कैंटीन एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विकास खंड, तहसील, जिला अस्पताल एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज में समूहों द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन स्थापित कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, सहित समिति के समस्त सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने जनसम्पर्क कर सुनीं जनता की समस्याएं

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिया समस्याओं को समाधान कराने का आश्वासन

**बांदा, 26 मई (तरुणमित्र)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने साथियों सहित वार्ड नम्बर दस मोहल्ला शंकर नगर व मोहल्ला आजाद नगर में मौके में पहुंचकर लोगो से जनसंम्पर्क किया, क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि बांदा शहर के वार्ड नम्बर- 10(दस), मोहल्ला- शंकर नगर व आजाद नगर में मौके में पहुँचने पर लोगों द्वारा विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी गई, जिसमें तमाम विद्युत उपभोक्ताओं ने बतलाया कि विद्युत खम्भों व विद्युत लाईनों का आभाव है, गली में लोगों द्वारा खुद के विद्युत तार लगाकर अस्थाई विद्युत लाईनों को घर तक ले जाया गया है, जिससे गली से निकलने वाले लोगों को करेंट लगने का खतरा बना हुआ है, हमारी शासन, प्रशासन, नगर पालिका, विद्युत विभाग से मांग है कि मोहल्ला- शंकर नगर में सन्तोष कुमार द्विवेदी जी के निवास वाली गली और मोहल्ला- आजाद नगर में आरिफ निजामी जी वाली गली में जल्द से जल्द नए मजबूत विद्युत खम्भे लगवाकर तीन फेस व एक न्यूटल एवम् रोड लाइट सहित स्थाई विद्युत लाईनों को लगवाया जाए, जिससे गली से निकलने वाले लोगों को करेंट लगने का गम्भीर खतरा जल्द समाप्त हो। शहर बांदा में मोहल्ला- शंकर नगर व आजाद नगर के क्षेत्र में बरसात के मौसम में पानी भर जाता है, शासन प्रशासन द्वारा जल भराव की समस्या को हल करने के लिए नालों, नालियों व रास्तों एवम् गलियों का निर्माण कराया जा रहा है, संभावना है कि आगामी बरसात में जल भराव की समस्या से उक्त क्षेत्र वासियों को निजात मिलेगी, परन्तु उक्त समस्या के समाधान / हल की जानकारी वर्षा होने पर बरसात के मौसम में ही सम्भव हो पाएगी।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के साथ महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, पूर्व सभासद रानी देवी श्रीवास, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, आरिफ निजामी उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने समाचार पत्रों में प्रकाशित जनसमस्याओं का लिया गंभीर संज्ञान

**बांदा, 26 मई (तरुणमित्र)।** अजीत कुमार, आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित जनहित से जुड़ी खबरों का गंभीर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। साथ ही जनसुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करते हुए विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।आयुक्त ने जनपद चित्रकूट की तहसील मानिकपुर अंतर्गत ऐचवारा उपकेंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) में आयोजित आरोग्य मेला के संबंध में प्रकाशित समाचार ऐचवारा में नहीं पहुंचे डॉक्टर, मरीज की रही कतार को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चित्रकूट से स्पष्टीकरण तलब किया है। समाचार में उल्लेखित तथ्य के अनुसार आरोग्य मेला के दौरान अधिकांश चिकित्सकीय कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिसके कारण मरीजों का उपचार फार्मासिस्ट एवं पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे किया गया।

# राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली

**ललितपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र पर क्षयरोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद ने कहा कि इसका उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है।

क्षयरोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये मरीजों को गोद लेने की योजना संचालित की गयी है, इसमें आमजन, अधिकारी व समाजसेवी संगठन मरीजों को गोद ले सकते हैं। इसके बाद मरीजों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये पोषण किट वितरण की जाती है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने बताया है कि टीबी एक पूर्णतः इलाज योग्य बीमारी है बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवा लें और उचित पोषण प्राप्त करें। पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के इलाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को न केवल दवा बल्कि पर्याप्त पोषण भी मिले, ताकि वह जल्दी से जल्दी स्वस्थ्य होकर सामान्य जीवन में लौट सके।

उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं और समुदायिक की सहभागिता इस अभियान की सफलता के लिये अत्यंत आवश्यक है। टीबी की बीमारी से ग्रसित मरीजों को गोद लेने के लिये आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। निःक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों के पोषण में सुधार करके आम जन उनसे सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। क्षयरोग से ग्रसित मरीजों को समय से इलाज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ0 रामनरेश सोनी, परामर्शी चिकित्सक डॉ0 जेएस बक्शी, जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह, डीपीटीसी मनोज गुप्ता, टीबीएचवी विकास कुमार श्रीवास्तव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ईद-उल-अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**चित्रकूट, 26 मई (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर एवं अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय की अध्यक्षता में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी चित्रकूट ने तहसीलवार समस्याओं के बारे में जानकारी लिए एवं उपस्थित धर्म गुरूओ एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों, विशेष रूप से बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न दी जाए, तथा कोई कुबार्नी खुले में भी न हो। उपस्थित समस्त क्षेत्रीय धर्म गुरूओ से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किए कि त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध रूप से संचालित रहे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आए एवं साफ सफाई की विशेष ध्यान रहे। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकार नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने इलाकों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए त्योहार के दिन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पहले से ही सुनिश्चित रखी जाए। उपजिलाधिकरी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता व अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें, इन कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**हमीरपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** थाना जलालपुर क्षेत्र के अंतर्गत पुरैनी गांव के चालीस वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरैनी गांव निवासी धर्मेंद्र 35 वर्षीय युवक ने सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरीला लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने युवक को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# पट्टी शाह में श्री रुद्र महायज्ञ का 41वां आयोजन भंडारे के साथ सम्पन्न

### भंडारे में साधु संतों सहित सैकड़ो भक्तों ने छका प्रसाद

**हथगाम /फतेहपुर , 26 मई (तरुणमित्र)।**क्षेत्र के परमहंस आनंद आश्रम पट्टीशाह शिवाला घाट में नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का 41 वां आयोजन आयोजित हुआ ।इस अवसर पर कलश विसर्जन, गंगा पूजन के उपरांत महा प्रसाद भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी परमहंस राघवानंद महाराज ने गंगा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दसवीं के दिन भागीरथी का जन्म हुआ था जिसे हम गंगा दशहरा के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाते चले आ रहे हैं और भंडारे का निरंतर आयोजन हो रहा है। भंडारे में साधु संतों ने

महाप्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य माना। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के प्रसिद्ध परमहंस आनंद आश्रम शिवाला घाट के प्रांगण में श्री रुद्र महायज्ञ का 41 वां अनुष्ठान 18 से प्रारंभ होकर 26 मई गंगा दशहरा के दिन मंगलवार को पूणार्हुति, कलश विसर्जन, गंगा पूजन के उपरांत साधु संतों एवं आयोजक स्वामी परमहंस राघवानंद महाराज द्वारा गंगा दर्शन एवं स्नान के पश्चात मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें स्वामी जी द्वारा सभी साधु संतों को अंग वस्त्र व मुद्राएं भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दूर दराज से आए भक्तों ने श्री रुद्र महायज्ञ में सम्मिलित होकर भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य माना।भंडारे का आयोजन देर रात तक चलता रहा। पूणार्हुति कलश विसर्जन के समय महिलाओं सहित भक्तों की काफी भीड़ रही ।सभी भक्तों ने कलश यात्रा में सम्मिलित होकर गंगा तट पर पहुंचकर गंगा दर्शन के पश्चात स्वामी जी के साथ भक्तों ने भी स्नान किया। नौ दिवसीय अनुष्ठान आचार्य पंडित पारस दुबे विंध्याचल,मालवीय बनारसी मिजार्पुर, द्वारिका प्रसाद दुबे मिजार्पुर, रामकृष्ण दुबे विंध्याचल आदि विद्वत जनों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ रुद्र महायज्ञ विधवत संपन्न कराया गया। इस अवसर पर दूर दराज से आए साधु संतों के अलावा शिवनारायण गुप्ता, अंगद, सर्वेश द्विवेदी , जागेश्वर प्रसाद गुप्त ,रामेश्वर गुप्त, विनोद कुमार यादव, , शारदा प्रसाद, दिवाकर,राजेश कुमार गुप्ता,राजेश अग्निहोत्री,सरयू प्रसाद साहू ,भोंदू, कमलेश सहित सैकड़ो भक्तों ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

# किशनपुर को हराकर धाता बनी जालंधरपुर प्रीमियर लीग की चैंपियन

## शुभम का धमाकेदार प्रदर्शन, बने मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज

**विजयीपुर/फतेहपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** विजयीपुर विकासखंड के जालंधरपुर गांव में आयोजित जालंधरपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) का रोमांचक फाइनल मुकाबला सोमवार को धाता और किशनपुर की टीमों के बीच खेला गया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए धाता की टीम ने किशनपुर को हराकर जेपीएल 2026 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले शुभम को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया।

नौ मई से शुरू हुए इस क्रिकेट महाकुंभ में कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया था। क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले की कई मजबूत टीमों ने टूनार्मेंट में भाग लेकर प्रतियोगिता को बेहद रोमांचक बना दिया। फाइनल

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी किशनपुर की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 123 रन बनाए। टीम की ओर से अजीज धोनी और रेहान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30-30 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धाता की टीम की शुरूआत धीमी रही, लेकिन इसके बाद शुभम और मुसाहिद रजा ने आक्रामक बल्लेबाजी कर मैच का रुख बदल दिया। शुभम ने मात्र 15 गेंदों में 41 रन और मुसाहिद रजा ने 11 गेंदों में 28 रनों की विस्फोटक पारी खेलते हुए धाता को 12वें ओवर में ही शानदार जीत दिला दी।

विजेता बनी धाता टीम को 31 हजार रुपये तथा उपविजेता किशनपुर टीम को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि हंसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान एवं विजयीपुर मंडल अध्यक्ष प्रीति सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विनय निषाद, विक्रम निषाद, रामप्रसाद निषाद, संजू बाबा, लोकेश निषाद सहित क्षेत्र के सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### दहेज हत्या में ससुर-बेटे को 10-10 साल की सजा

**विजयीपुर,फतेहपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने वाले ससुर और बेटे को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या-02 ने थाना किशनपुर क्षेत्र के ग्राम थुरियानी निवासी अभियुक्त राजेश और बुद्धराज को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक पर ?10 हजार अर्थदंड लगाया है। मामला वर्ष 2019 का है, जब अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने का मुकदमा थाना किशनपुर में दर्ज हुआ था। पुलिस ने धारा 498ए, 304बी आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था।पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**महोबा, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद महोबा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बंध में बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना, धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, सलइया-नथुपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना एवं कबरई ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों एवं ग्रामों में की जा रही नियमित जलापूर्ति की समीक्षा की गयी समीक्षा में धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़े निर्देश दिये कि शीघ्र ही आवश्यक मैन पॉवर एवं मशीनरी लगाकर योजना के सभी अवशेष रोड

रेस्टोरेशन (पैंच वर्क) पूर्ण कर योजना के सभी ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को आदेशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण कराते हुये नियमित पेयजलापूर्ति करायें। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो एवं ग्रामीणों को पेयजल योजना का लाभ मिल सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) महोबा, अधिशासी अभियन्ता, प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, महोबा, जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) महोबा, टी.पी.आई. सेन्सिस, महोबा एवं सम्बंधित फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

# नेहरू नगर में पाइपलाइन बिछी फिर भी पानी को तरस रहे लोग

**ललितपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी के बीच शहर में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड नंबर-01 स्थित नेहरू नगर, टोरिया मंदिर के पास ढिमरौला मोहल्ला से सामने आया है, जहां पानी की पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद लोगों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। मुख्य लाइन से घरों तक सांटा (कनेक्शन) न डाले जाने के कारण मोहल्लेवासी बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। मोहल्ले की निवासी रेखा सहित क्षेत्र के लोगों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र देकर समस्या समाधान की मांग की है।

शिकायत में बताया गया कि विभाग द्वारा क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन डालने का कार्य तो काफी पहले पूरा कर लिया गया था, लेकिन आज तक घरों को मुख्य पाइपलाइन से जोड? के लिए सांटा नहीं डाला गया। इसके चलते पूरी योजना अधूरी पड़ी हुई है और लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# तहसीलदार के आदेश के बाद भी नहीं हटा कब्जा

**ललितपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** महरौनी तहसील के ग्राम कुआगांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। तहसीलदार न्यायालय द्वारा बेदखली और जुमार्ने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीण ने जिला प्रशासन को आमरण अनशन की चेतावनी दी है। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से गांव सभा की भूमि पर अवैध कब्जे कराए जा रहे हैं। ग्राम कुआगांव निवासी जण्डेल सिंह विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव की आराजी संख्या

1438, जो ग्राम सभा की बंजर भूमि है, उस पर वीर सिंह द्वारा अवैध रूप से मकान और टीनशेड बनाकर कब्जा किया गया है। इस मामले में तहसीलदार महरौनी न्यायालय में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत मुकदमा चलाया गया था। तहसीलदार ने दिए थे ध्वस्तीकरण के आदेशशिकायतकर्ता के अनुसार तहसीलदार न्यायालय ने 20 जनवरी 2024 को आदेश जारी करते हुए अवैध निर्माण हटाने और आरोपी पर 58 हजार 850 रुपये का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि आदेश के दो साल बाद भी न तो अवैध कब्जा हटाया गया और न ही जुमार्ने की वसूली की गई।

पीड़ित ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान नेकपाल सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से गांव की बंजर, चारागाह और पत्थर वाली जमीनों पर अवैध कब्जे कराए जा रहे हैं। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि ग्राम प्रधान के परिजनों ने आराजी संख्या 1715 और 1714 पर भी कब्जा कर रखा है। जण्डेल सिंह का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर तहसीलदार के आदेश का पालन कर अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, जिसके चलते आज वह घंटाघर पर आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

### हीट वेव व आपदा प्रबंधन को लेकर सिविल डिफेंस व आपदा मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**ललितपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में एवं अत्यधिक हीट वेव के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आरती सिंह आपदा विशेषज्ञ के संचालन में सिविल डिफेंस एवं आपदा मित्रों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक एवं उप जिलाधिकारी भूपेंद्र जी के उपस्थिति मे अग्निकांड' हीट बेब प्रबंधन,आपदा से होने वाले प्रभाव को कम करने हेतु आम जनमानस को जागरूक करने के लिए सिविल डिफेंस टीम एवं आपदा मित्र को आम जनमानस के बीच जाकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही नये सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई साथ ही आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के हाथों से सिविल डिफेंस सेक्टर वार्डन को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया साथ ही अग्निशमन विभाग द्वारा आज को कैसे बुझाया जा सकता है या आग पर कैसे काबू किया जा सकता है पर विस्तृत जानकारी देते हुए डेमो दिया गया जिसमें आग बूझाकर फायर इक्विपमेंट को चला कर दिखाया गया साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डॉक्टर देशराज दोहरे द्वारा सीपीआर का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा पर किस तरीके से बचाव किया जा सकता है या फिर आपदा के समय में क्या करें क्या ना करें का प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

# एनएच-34 पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से प्रशासन अलर्ट

## जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को व्यापक कार्ययोजना लागू : डीएम

**हमीरपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में बढ़ती सड़क दुर्कोघटनाओ देखते हुए सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाए जाने हेतु जिलाधिकारी अभिषेक गोयल विभागों की जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यवाही की जाने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आमजन की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए अवैध, बिना फिटनेस एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एआरटीओ, पुलिस और नगर निकाय संयुक्त रूप से बिना परमिट एवं बिना फिटनेस संचालित स्कूल बसों तथा अवैध बस स्टैंडों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

खनन क्षेत्र से संबंधित सड़क सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी खनन पट्टेदार वाहनों का फिटनेस रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से रखना होगा। खदानों से निकलने वाले वाहनों की प्री-डिस्पैच जांच सुनिश्चित की जाए।

ओवरलोडिंग रोकने हेतु खदान गेटों पर प्रणाली स्थापित करने तथा वाहनों की चरणबद्ध निकासी व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया, ताकि एक साथ भारी संख्या में ट्रकों के निकलने से जाम एवं दुर्घटनाओं की स्थिति उत्पन्न न हो। राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रतिदिन लगभग 7500 छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं ।जिले में वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध न होने के कारण यातायात दबाव अत्यधिक रहता है। इस स्थिति को देखते हुए खनन क्षेत्रों से वाहनों की नियंत्रित एवं समयबद्ध निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग को सड़क पर खराब एवं परित्यक्त वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने, ट्रकों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य कराने तथा ड्राइविंग लाइसेंस एवं परमिट संबंधी प्रवर्तन कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। ट्रक एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित कर जागरूकता बढ़ाने एवं नियमों के पालन करने की बात की है। नगर निकायों एवं पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से शहर क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े वाहनों एवं खराब वाहनों को हटाने हेतु प्रभावी अभियान चलाने तथा आवश्यकतानुसार टोइंग वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। फुटपाथ निर्माण एवं यातायात सुधार योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने, लोकल इंटेलिजेंस ग्रुप को सक्रिय रखने तथा दर्ज एफआईआर की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2023 में कुल 76 दुर्घटनाओं में 48 व्यक्तियों की मृत्यु एवं 66 लोग घायल हुए थे। वर्ष 2024 में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़कर 88 हो गई, जिनमें 57 लोगों की मृत्यु एवं 78 लोग घायल हुए। वर्ष 2025 में कुल 94 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 68 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 86 लोग घायल हुए। वहीं वर्ष 2026 में 15 मई तक 35 सड़क दुर्घटनाओं में 24 लोगों की मृत्यु एवं 29 लोग घायल हो चुके हैं।विशेष रूप से सुमेरपुर, कोतवाली नगर एवं मौदहा क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के रूप में चिन्हित किए गए हैं, जहां लगातार विशेष निगरानी एवं प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग को विभिन्न इंजीनियरिंग सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनगणना अभियान में बांदा ने बनाया नया कीर्तिमान

**बांदा, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी बाँदा के कुशल निर्देशन, सतत मानिटरिंग एवं जनसहभागिता के परिणामस्वरूप जनपद बाँदा ने जनगणना अभियान में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है।

जनपद में संचालित स्वगणना अभियान को सफल बनाने हेतु प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर से लेकर नगर क्षेत्रों तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वगणना के प्रति जागरूक किया तथा आमजन को ऑनलाइन माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की गणना करने हेतु प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने

### उत्तर प्रदेश में प्राप्त की प्रथम रैंक

बताया कि यह उपलब्धि केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि जनपद के जागरूक नागरिकों, मीडिया बंधुओं, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं समस्त विभागों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बाँदा ने टीमवर्क, पारदर्शिता एवं जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।उन्होंने समस्त जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों में जनता की सक्रिय सहभागिता ही विकास की वास्तविक पहचान है। बाँदा जनपद ने रिकॉर्ड स्तर पर सहभागिता दर्ज कर प्रदेश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनहितकारी कार्यों में सहयोग की अपील की। जनभागीदारी से जनकल्याण और जनकल्याण से विकास इसी संकल्प के साथ बाँदा जनपद निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने रची हत्या की साजिश

## थाना कोहंडौर पुलिस ने अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** वादी निवासी ग्राम भावापुर नगर पंचायत कोहंडौर थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना कोहंडौर पर तहरीर दी गई कि दिनांक 28.04.2026 की रात्रि उनके भाई विनोद कुमार शौच हेतु घर से निकले थे, जो देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान उनका शव गांव स्थित कब्रिस्तान के पास संदिग्ध अवस्था में पाया गया।

वादी द्वारा मृतक की पत्नी पिंकी के आचरण एवं गतिविधियों पर संदेह व्यक्त करते हुए आरोप लगाया गया है कि उसने किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर मृतक को विषाक्त पदार्थ देकर हत्या कराई हो सकती है। इस

संबंध में थाना कोहंडौर में बीएनएस बनाम 1 नामजद व 1 व्यक्ति अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी कोहंडौर धनन्जय राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 1 अभियुक्ता पिंकी देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी ग्राम भावापुर थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 34 वर्ष को घटना में प्रयुक्त 1 अदद सैमसंग के साथ थाना कोहंडौर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भावापुर में उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता द्वारा पूछताछ में बताया कि मेरे पति विनोद कुमार जो ज्यादा पढे लिखे नही थे मेहनत मजदूरी व दिहाडी का काम करते थे मेरे गांव के बदरे आलम के यहां भी कभी कभार मजदूरी करने जाते थे फिर मेरे पति व बदरे आलम के बीच व्यवहार हो गया था। बदरे आलम का भी मेरे यहा आना जाना हो गया था मेरे पति गरीब किस्म के व्यक्ति थे कुछ पैसे की मदद भी बदरे आलम कर देता था मेरा पति कभी कभार शराब भी पीता था।

धीरे-धीरे बदरे आलम मुझसे बात करने लगा फिर हम दोनो के बीच में प्रेम सम्बंध हो गया था। मैं और बदरेआलम आपस में फोन से भी दो वर्षों से बात चीत करते थे, जिसकी जानकारी मेरे पति को भी हो गयी थी जो कि कई बार मुझे डाट फटकार लगाया था। हम दोनो का आपस में मिलना मेरे पति को नागवार लगता था हम दोनो ने अपने पति विनोद को अपने रास्ते से हटाने के लिये पहले से योजना बना लिये थे। योजना के तहत 28 अप्रैल को समय करीब 9 बजे रात्रि में मेरे प्रेमी बदरे आलम ने मेरे पति से मेरे ही मोबाईल से कुछ बात चीत करके बुला लिया और गांव में स्थित कब्रिस्तान के पास ले गया और कुछ खीला पीला कर मेरे पति का नाक व मुंह दबा दिया और जब मेरे पति की मृत्यु हो गयी।

तब मुझे बताया कि विनोद का काम खत्म हो गया है अब आकर देख सकती हो कुछ देर बाद मैने सच्चाई को छुपाते हुये अपने देवर से बतायी कि मेरे पति शौच के लिये निकले थे लौट कर नहीं आये परिवार से छूठ बोलकर अपने परिवार के साथ अपने पति को खोजने गयी तो मेरे पति की लाश कब्रस्तान व बांस की कोठ के पास पड़ी हुयी पहले की तरह मिली।

# बार एसोसिएशन चुनाव में बचान सिंह की शानदार जीत, अध्यक्ष पद पर जमाया कब्जा

**कौशाम्ब, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के बार एसोसिएशन चुनाव में अधिवक्ता बचान सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे चुनाव में बचान सिंह को कुल 331 वोट प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनुदेव को बड़े अंतर से पराजित किया।

मतगणना के अनुसार मनुदेव को 243 वोट मिले और वह दूसरे स्थान पर रहे। वहीं केडी द्विवेदी को 155 वोट प्राप्त हुए, जबकि राकेश जायसवाल को 75 मत मिले। चुनाव परिणाम सामने आते ही बार परिसर

में उत्साह का माहौल बन गया और समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बचान सिंह का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद बचान सिंह ने सभी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वह बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखने तथा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा।

चुनाव परिणाम के बाद देर तक बार परिसर में समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई।

# धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले 2 अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और देवी-देवताओं व समाज विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वाले तत्वों के विरुद्ध प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा कठोर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में, थाना महेशगंज पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। सोमवार को वादी निवासी झींगुर, थाना महेशगंज द्वारा थाना महेशगंज पर तहरीर दी गई। तहरीर में अवगत कराया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कॉमेडियन सचिन नामक आईडी के माध्यम से देवी-देवताओं एवं विशेष सम्प्रदाय/ समाज के संबंध में लगातार आपत्तिजनक व अभद्र वीडियो/ टिप्पणियां प्रसारित की जा रही हैं। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना महेशगंज पर मु0अ0सं0 132/2026, धारा 299 भारतीय न्याय संहिता (इठर) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी महेशगंज संदीप त्रिवारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है- सचिन गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता, निवासी ग्राम कुरमई, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ और देवीदीन गौतम पुत्र रामस्वरूप, निवासी सुभई का पुरवा, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़।

# तहसीलों में 3 और 5 वर्ष पुराने मामलों का जल्द निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ने अभिषेक पाण्डेय ने सोमवार देर रात कैम्प कार्यालय सभागार में कर-करेत्तर, आईजीआरएस, जनगणना, स्थानान्तरण नीति तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकताओं वाले मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों

को निर्देशित किया कि 5 वर्ष एवं 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने विशेष रूप से धारा-24 एवं धारा-116 के प्रकरणों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी टीम के साथ कार्ययोजना तैयार करें और नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित मामलों को समाप्त करें। उन्होंने अंश निर्धारण से संबंधित मामलों में भी तेजी लाने को कहा तथा निर्देशित किया कि जनता को न्याय दिलाने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसीलों व कार्यालयों में साफ-सफाई, अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। स्थानान्तरण नीति की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में पटल परिवर्तन तथा लेखपालों के स्थानान्तरण की प्रक्रिया 31 मई तक हर हाल में पूरी कर ली जाए।

उन्होंने तहसीलों में आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन टूलकिट्स के लिए 11 जून तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निःशुल्क मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन टूल किट्स के वितरण हेतु 8 लाभार्थियों का लक्ष्य मुख्यालय द्वारा निर्धारित किया गया है। फार्म भरने की पंजीकरण प्रक्रिया आनलाइन है जो बोर्ड की वेबसाइट नचाअपइण्हवअण्पद की आनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत आनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन के नाम से अपलोड किया जाएगा। इस योजना का लाभ परम्परागत कारीगर एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्ति भी आवेदन कर सकते है। लाभार्थियों का चयन, चयन कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन पत्र आनलाइन भरने की अंतिम तिथि 11 जून 2026 निर्धारित है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### अवैध धनराशि मांगने, मारपीट व धमकी देने के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** वादी निवासी ग्राम सरखेलपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना दिलीपपुर पर एक तहरीर दिया गया कि रविवार को रात्रि लगभग 11:00 बजे, जब वे अपने भतीजे के सगाई कार्यक्रम से लौट रहे थे, तब ग्राम सरखेलपुर नहर हरिजन बस्ती के पास शिवम मिश्रा पुत्र हरिकेश मिश्रा द्वारा उनका वाहन रुकवाया गया। आरोपी ने वादी से जबरन धनराशि (रंगदारी) की मांग की और विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज, हाथापाई की तथा जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध खनन और ओवरलोड पाए गए 95 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**प्रयागराज, 26 मई (तरुणमित्र)।** अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने के लिए जिले के यमुनानगर जोन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस, परिवहन, राजस्व एवं खनन विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 95 वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। यह जानकारी सोमवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि यमुनानगर पुलिस तथा आरटीओ, राजस्व और खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा की गई आकस्मिक जांच के दौरान अवैध खनन में संलिप्त 11 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। वहीं थाना लालापुर क्षेत्र के मानपुर घाट पर अवैध बालू खनन करते पाए जाने पर खान निरीक्षक की तहरीर के आधार पर संबंधित आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में 40 वाहनों को मौके पर सीज किया गया, जबकि 12 वाहनों का चालान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### छिवकी स्टेशन पर बैटरी कार सुविधा की हुई शुरुआत

**प्रयागराज, 26 मई (तरुणमित्र।** यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर बैटरी संचालित कार सेवा का शुभारम्भ किया गया। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस नई सुविधा के शुरू होने से अब यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने तथा स्टेशन परिसर से बाहर निकलने में काफी सहूलियत मिलेगी। विशेष रूप से बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार एवं छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को इस सेवा से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हरिमोहन के प्रयासों के परिणामस्वरूप यह सुविधा प्रारम्भ की गई है। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर बढ़ती यात्री संख्या एवं यात्रियों की आवश्यकताओं को देखते हुए इस सेवा की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने बताया कि बैटरी कार सेवा का संचालन पर्यावरण अनुकूल एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा।

# अपराधियों पर प्रशासन सख्त आठ लोगों को किया जिला बदर

**कौशाम्बी, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित पाल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(3) के तहत कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुल आठ लोगों को जिला बदर करने का आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार महेवाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम हटवा अब्बासपुर निवासी दिनेश सेन पुत्र चम्पा सेन को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसी गांव के मनीष सेन पुत्र चम्पा सेन पर भी छह माह की जिला बदर की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा कड़ाधाम थाना क्षेत्र के ग्राम औरैनी निवासी रिंकू सरोज पुत्र रामदास सरोज को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर अम्बारी निवासी अलीशान पुत्र मोईनउद्दीन को तीन माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया गया है। पिपरी थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर औधन निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्कू पुत्र बादाम सिंह को छह माह, कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम अलीगंज निवासी सोनू यादव पुत्र महेन्द्र यादव उर्फ अध्दा यादव को छह माह तथा करारी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक हिंगुई निवासी मो. फैसल उर्फ एसेन पुत्र नफीस अहमद को भी छह माह के लिए जिला बदर किया गया है।

इसी क्रम में मंझनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटिया का पूरा मजरा भरसवां निवासी समर सिंह यादव पुत्र स्व. राजाराम के खिलाफ भी छह माह की जिला बदरी की कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे।

### ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियो का हुआ चयन

**प्रातपगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग की संचालित समस्त योजनाओं के अन्तर्गत खरीफ-2026 की समस्त फसलो हेतु 18.05.2026 से 24.05.2026 के मध्य जनपद के जिन कृषको द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल दर्शन 1.0 पर ऑनलाइन बुकिंग की गयी उनमें से जिन विकास खण्डो में लक्ष्य से अधिक बुकिंग हुई उनमें से लाभार्थियो का चयन ई-लाटरी के माध्यम से उ0प्र0 शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में कृषि भवन प्रतापगढ़ के सभागार कक्ष में जनपद स्तर पर गठित समिति की उपस्थिति में ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन की कार्यवाही सम्पन्न की गयी। कार्यवाही में समिति के समस्त सदस्य एवं कृषक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने ब्लाक अध्यक्षों को सौंपी एसआईआर के उपरान्त अन्तिम मतदाता सूची

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार को पूरे पितई स्तिथ कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में रक्फ प्रक्रिया के बाद प्रकाशित मतदाता सूची ब्लाक अध्यक्षों को सौंपी गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि रक्फप्रक्रिया के बाद आगामी चुनावों के मद्देनजर हम सभी मजबूत जनाधार के साथ विधानसभा चुनावों में उतरेंगे! जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने 17 ब्लाक अध्यक्षों जिनमें सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद कासिम, लालगंज ब्लॉक अध्यक्ष के.डी. मिश्र, रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष लालजी यादव, सांगीपुर ब्लॉक अध्यक्ष दृगपाल यादव, मांधाता ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद असलम, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, गौरा ब्लाक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, आसपुर देवसरा ब्लाक अध्यक्ष विवेक पांडेय, बाबा बेलखरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार गौतम, कालाकाकर ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पांडेय, बाबागंज ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सरोज, बिहार ब्लॉक अध्यक्ष मेराज अंसारी को बूथों की सूची सौंपी गई।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** वादी निवासी ग्राम खूँझी थाना मानधाता जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना मान्धाता पर तहरीर दी कि 19/20.05.2026 की रात्रि उनके घर आयोजित बहूभोज कार्यक्रम के दौरान उनके रिश्तेदार निवासी जनपद प्रयागराज की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस वाहन संख्या वढ70ऋ2426 घर के बाहर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई।

प्रार्थी द्वारा संदेह व्यक्त किया गया है कि उक्त चोरी की घटना में नामजद व्यक्तियों की संलिप्तता है, जो अन्य मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में थाना मान्धाता में बीएनएस बनाम 05 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी मान्धाता अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनूप यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत हरखपुर पुलिया के पास से बीएनएस थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 1 अभियुक्त सागर पटेल पुत्र राकेश कुमार पटेल नि0 ग्राम हरखपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा 3 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### 30 मई तक बारिश व तेज हवाओं के आसार, मौसम विभाग का अलर्ट

**प्रयागराज, 26 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदलता नजर आ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी ताजा पूवार्नुमान के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 29 से 31 मई तक बारिश, गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एस एन सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 29 मई से 30 मई तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली घर में घुसकर पलटी, मचा हड़कम्प

**कौशाम्बी, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली एक घर में घुसकर पलट गई। हादसे में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन घर के बाहर रखी बिक्री की सीमेंट चादरें और बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना पिपरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में बीती रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मनौरी की ओर से चायल की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे नौसे अहमद पुत्र स्वर्गीय अली जान के घर में जा घुसी। हादसे के समय परिवार के सदस्य घर के बाहर बैठे हुए थे।

अचानक हुए हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय गांव की बिजली भी गुल थी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली के घर में घुसते ही बाहर खड़ी दोपहिया बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं बिक्री के लिए रखी गई सीमेंट की चादरों को भी भारी नुकसान पहुंचा। पीड़ित परिवार ने लाखों रुपये के नुकसान का दावा किया है। हादसे में ट्रैक्टर चालक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए चायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

घटना के बाद गांव में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही और लोग तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग करते रहे। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने तथा क्षेत्र में बेलगाम वाहनों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस के हत्थे चढ़े चार शातिर अपराधी

**सुलतानपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** अखंडनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और 1 बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में लूट गिरोह के चार शातिर अपराधी गिरफ्तार कर लिए गए। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी,जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से दो बिना नंबर प्लेट की बाइक, दो तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि नेमपुर घाट की ओर से कुछ संदिग्ध बदमाश असलहों के साथ क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना पर अखंडनगर पुलिस ने कुन्दाभैरोपुर के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई,जिसमें दो बदमाश घायल हो गए।घायल बदमाशों की पहचान संगम उर्फ प्रमोद निवासी नितमपट्टी, सरपतहा जौनपुर और हेमचंद्र उर्फ हेमू निवासी मुस्तफाबाद, सरपतहा जौनपुर के रूप में हुई है। वहीं राजू गौतम और मुकेश पाल को भी गिरफ्तार किया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**NER-LJN-2026-150 & 151**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है-

**क्र.सं.1. ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2026-150, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/बहराइच के अधीन कुल = 9 LHS एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ नानपारा के अधीन कुल = 9 LHS में जल-भराव के रोकथाम हेतु का मरम्मत का कार्य। (कुल = 18 LHS), अनुमानित लागतः ₹ 7,96,79,067.80, अग्रिम धनः ₹ 15,93,600.00, समापन अवधिः 09 माह।

**क्र.सं.2. ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2026-151, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के (लखनऊ डिवीजन) के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय में अनुभाग विभिन्न ट्रैक कार्यो से संबंधित 52 kg/90 UTS, 60 kg/90 UTS, 60 kg/R260 रेलो के वेल्डिंग एवं पोर्शन के आपूर्ति का कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,29,85,999.74, अग्रिम धनः ₹ 2,59,700.00, समापन अवधिः 09 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-150 & 151 के लिये ई-निविदा दिनांक 23.06.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**

मुजाधि/डब्लू-127

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# निर्धारित समय पर शिशुओं का करायें टीकाकरण : नीलम प्रभात

**सुलतानपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** श्रीमती नीलम प्रभात, सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा वन स्टाप सेंटर, पांचोपीरन निजामपट्टी, सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सेंटर में कार्यरत कार्मिकों से उनके पदगत दायित्वों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही सेंटर की कार्य प्रणाली से सम्बन्धित केस रजिस्टर, उपस्थित पंजिका सहित अन्य पंजिकाओं का अवलोकन किया गया।

सेंटर में आवासित पीड़िताओं से उनकी समस्यों की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये। तदपश्चात सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में प्रेरणा सभागार, विकास भवन, सुलतानपुर में उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित

न्याय दिलाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी के साथ महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जन सुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई हुई पीड़ित महिलाओं की समस्या की सुनवाई की गयी, सुनवाई के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के साथ ही पूर्व में हुई जन सुनवाई से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा भी की गयी। सदस्य द्वारा सरकार द्वारा संचालित महिला परक योजनाओं के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तृत जानकारी एवं योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु आवाहन किया गया।

तदपश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कूरेभार के सभी सम्बन्धी सेक्टरों का गहनता निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके पश्चात पूरी भव्यता के साथ जन्मी नवजात बालिका शिशुओं के परिजनों के साथ केक काटकर उत्सव मनाया गया तथा उपहार स्वरूप बेबी किट, कपड़ा व बेबी तौलिया दे कर सम्मानित किया गया।

सदस्या, द्वारा समाज में बेटियों के बढ़ते प्रभाव एवं उच्च पदों पर आसीन महिलाओं के बारे में सराहना करते हुए जन्मी बालिका शिशुओं के परिजनों से यह अपेक्षा की है कि वह अपने जन्मी शिशुओं को भी उच्च शिक्षा दे। साथ ही बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाने की पहल की भूरी-भूरी, प्रशंसा की गयी, इससे जनमानस में बालिकाओं के जन्म पर लोगों की मानसिकता में बदलाव आयेगा। वी0पी0 वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा यह कहा गया कि परिवार में उत्सव की भावना हो इसके लिए कन्या जन्मोत्सव आयोजित किया जा रहा है, सरकार का उद्देश्य है कि कन्या के जन्म पर दुखी होने की जरूरत नहीं हैं, कन्याओं के जन्म से लेकर विवाह तक अभिभावकों की मदद के लिए सरकार की योजनाएं चल रहीं हैं। उपस्थित परिजनों को बताया गया कि बेटियों को बोझ न समझे लड़का/ लड़की में समानता का व्यवहार करें।

तद्पश्चात महिला कल्याण विभाग से संचालित समस्त योजनाओं जैसे-निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। डॉ0 शैलेष प्रताप सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कूरेभार द्वारा कन्या जन्मोत्सव की बधाई दी गयी साथ ही उपस्थित परिजनों को यह अव

# डीएम ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

**बहराइच, 26 मई (तरुणमित्र)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जनपद में क्रियान्वयन की सोमवार की देर षाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए डीएम अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद में प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों, स्थापित संयंत्रों, लंबित प्रकरणों तथा डीसीआर अपलोड की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होने योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को वेंडर्स को लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने निर्देष दिया कि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर वेंडर चयन की

प्रक्रिया में प्रगति लाए जाए।

वेंडर्स की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग, बैंक एवं यूपीनेडा के अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित की जाए। जनपद बहराइस में कार्यरत समस्त सरकारी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची तैयार की जाए, जो जनपद बहराइच में कार्यरत हो जिससे पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति मिल सके। वेंडर्स की बैंक एवं विद्युत विभाग से संबंधित लंबित समस्याओं का चिन्हांकन कर उनका त्वरित निराकरण कराया जाए। बैंकों द्वारा 841 अस्वीकृत आवेदनों की सूची कारण सहित प्राप्त की जाए।

उन्होनें निर्देष दिया कि आगामी बैठकों में बहराइच शहर के प्रमुख बैंकों की शीर्ष 05 शाखाओं के शाखा प्रबंधकों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया। ऐसे लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए जिनके द्वारा वेंडर चयन कर लिया गया है. परन्तु संयंत्र स्थापना नहीं कराई गई है. तथा उनसे दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जाए। प्रत्येक शुक्रवार अपराह्न 03 बजे विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं वेंडर्स के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। साथ ही 04 बजे अपराहन बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक भी आयोजित की जाए।

समस्त वेडर्स को निर्देशित किया गया कि स्थापित संयंत्रों के डीसीआर यथाशीघ्र पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। हाईब्रिड संयंत्रों की स्थापना से संबंधित समस्याओं को चिन्हित कर बैंक एवं संबंधित विभागों के माध्यम से उनका निराकरण कराया जाए। अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच को पीएम सूर्यधर योजना से संबंधित कार्यों हेतु एक कनिष्ठ लिपिक नामित/आदेशित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग स्थापित संयंत्रों का निरीक्षण एवं नेट मीटर/स्मार्ट मीटर से संबंधित कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। समस्त जिला समन्वयक/ जिला अग्रणी प्रबंधक लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर लाभार्थियों को समय से ऋण योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के माध्यम से कैम्प आयोजित कर जनजागरूकता अभियान संबालित किया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, जिला अग्रणी प्रबन्धक, अधिषासी अभियन्ता विद्युत बहराइच, नानपारा, कैसरगंज, सहायक अभियन्ता विद्युत मीटर, जिला समन्वयक सहित वेंडर्स व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आंधी-तूफान से तबाही, पेड़ बिजली पोल गिरे, आपूर्ति ठप

**करनैलगंज (गोंडा), 26 मई (तरुणमित्र)।** सोमवार की रात करीब पौने ग्यारह बजे अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के चलते हुजूरपुर रोड और कटरा रोड पर सड़क किनारे लगे कई बड़े पेड़ गिर गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया। बाद में रस्से और ट्रक की मदद से पेड़ों को सड़क किनारे हटाकर यातायात बहाल कराया गया। आंधी-पानी के दौरान जगह-जगह बिजली के पोल गिर जाने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। रात में कटी बिजली मंगलवार शाम तक भी

पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के टीनशेड और छप्पर के मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि आंधी-पानी से कोई जनहानि नहीं हुई है, हालांकि बिजली व अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं।

# शादी की हां या ना को लेकर युवक चढ़ा टावर पर

**गोण्डा, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद अन्तर्गत नवाबगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में एक युवक अपनी प्रेमिका के बर्ताव से आजिज होकर टावर पर चढ गया और सबसे ऊपर जाकर बैठ गया । युवक के टावर पर चढने की जानकारी होते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।करीब आधे घंटे बाद सूचना पर पहुंची पुलिस को युवक को टावर से उतारने के लिए कडी मशक्कत करनी पडी। करीब दो घंटे चले इस हाइ वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस द्वारा युवक से फोन पर बात करते हुए उसकी समस्याओं के समाधान का पुख्ता आश्वासन दिया गया तब कहीं जाकर युवक नीचे उतरा।

पुलिसिया पूछताछ में टावर पर चढने वाले युवक पुत्तन (26) पुत्र राजाराम यादव ने बताया कि वह

बलरामपुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के रौटी पुरवा गांव का रहने वाला है और बीते करीब 10 वर्षों से वह एक होटल पर काम करता है। युवक ने बताया कि दुकान के सामने रहने वाली एक 21 वर्षीय युवती से वह बीते 6 साल से बात करता था लेकिन वह युवती ठीक से बात भी नहीं करती है। युवक के मुताबिक युवती शादी के लिए राजी भी नहीं हो रही है और ना ही उसका पीछा छोड़ रही थी। जिससे परेशान होकर वह टावर पर चढ़ गया था।

थानाअध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि युवती ने शादी के लिए मना कर दिया है और उसने कहा है कि अब वह युवक को कभी परेशान नहीं करेगी। दोनों प्रेमी युगल बालिग हैं पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 विद्यालयों के शिक्षकों को डीएम ने किया सम्मानित

**बलरामपुर, 26 मई (तरुण मित्र)।** जनपद में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने तथा शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष नवीन नामांकन अभियान में जनपद ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जनपद के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप चालू शैक्षिक सत्र में 50 हजार से अधिक नवीन नामांकन दर्ज किए गए हैं , जो कि पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपद के 15 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन

एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव प्राथमिक शिक्षा होती है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के आकांक्षी जनपद बलरामपुर में 50 हजार से अधिक बच्चों का विद्यालयों में पंजीकरण इस बात का प्रमाण है कि शिक्षकों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया तथा बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इन शिक्षकों ने अपने विभागीय दायित्वों से आगे बढ़कर कार्य किया है तथा अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी।

नवीन नामांकन अभियान के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों से सर्वाधिक नवीन नामांकन करने वाले निम्नलिखित विद्यालयों को सम्मानित किया गया।

ब्लॉक बलरामपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय खगईजोत एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदनगर थठिया-2 ब्लॉक गैण्डास बुजुर्ग प्राथमिक विद्यालय मस्जिदा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय गैण्डास बुजुर्ग ब्लॉक गैसड़ी कंपोजिट विद्यालय नत्थीडीह, कंपोजिट विद्यालय जानकीनगर, कंपोजिट विद्यालय बेनीनगर वल्हसा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नचौरा ब्लॉक हरैया सतघरवा प्राथमिक विद्यालय चौधरीडीह, प्राथमिक विद्यालय दुंदपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कोड़री ब्लॉक पचपेड़वा प्राथमिक विद्यालय गौराभारी ब्लॉक रेहरा बाजार कंपोजिट विद्यालय सहजौरा एवं प्राथमिक विद्यालय बादलपुर ब्लॉक उतरौला कंपोजिट विद्यालय पिपराराम समीक्षा बैठक में साझा किए जाएंगे 'बेस्ट प्रैक्टिस मॉडल' उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को आज दिनांक 26 मई 2026 को आयोजित जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। बैठक में इन विद्यालयों द्वारा अपनाई गई 'बेस्ट प्रैक्टिस' को साझा किया किए, ताकि जनपद के अन्य विद्यालयों में भी नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट दर में कमी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके।

# 6 साल बाद पटरियों पर लौटी नकहाजंगल-लखनऊ पैसेंजर

## यात्रियों में खुशी की लहर, स्थानीय लोगों ने जताया आभार, वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई

**मनीष कश्यप**

**(जरवलरोड) बहराइच, 26 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय जनता की बरसों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। कोरोना काल के समय से पिछले 6 सालों से बंद पड़ी नकहाजंगल-लखनऊ डालीगंज पैसेंजर ट्रेन एक बार फिर पटरियों पर दौड़ने लगी है। मंगलवार दोपहर को विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया ने गोंडा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया है। यह ट्रेन रोजाना सुबह 6:50 बजे जरवल रोड से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी और रात को 7:50 बजे लखनऊ से जरवल रोड आएगी फिर करनैलगंज गोंडा होते हुए नकहाजंगल जाएगी। ट्रेन के दोबारा शुरू होने से दैनिक यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों ने राहत की सांस ली है। इस सौगात पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए रेलवे प्रशासन, रेल मंत्री और सरकार सहित गोंडा सांसद व विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया का आभार व्यक्त किया है।

**व्यापार को फिर मिलेगी नई रफ्तार**

पिछले छह सालों से इस ट्रेन के बंद होने की वजह से लखनऊ से मार्केट करना और सामान लाना बहुत महंगा और असुविधाजनक हो गया था। बस या निजी वाहनों से सफर करने में समय और पैसा दोनों बर्बाद होते थे। इस पैसेंजर ट्रेन के दोबारा शुरू होने से व्यापारियों को बहुत बड़ी राहत मिली है। अब हम सबका व्यापार फिर से रफ्तार पकड़ेगा।

**धर्मेंद्र दीक्षित, व्यापारी, जरवल रोड**

**आम जनता की बड़ी परेशानी हुई दूर**

यह ट्रेन इस रूट की लाइफलाइन मानी जाती थी। इसके बंद होने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को इलाज, रिश्तेदारी या अन्य कामों के लिए लखनऊ जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सरकार और रेल मंत्रालय का यह फैसला बेहद सराहनीय है, जिससे आम जनता को सीधी राहत मिली है।

**माधवराम शुक्ला, समाजसेवी**

**लखनऊ जाकर उच्च शिक्षा लेना होगा आसान**

लखनऊ जाकर उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने वाले हम जैसे सैकड़ों छात्रों के लिए यह ट्रेन किसी वरदान से कम नहीं है। सुबह 7 बजे का समय बिल्कुल सही है, जिससे हम समय पर अपनी क्लास अटेंड कर पाएंगे और रात को सुरक्षित घर लौट सकेंगे। हमारा आने-जाने का खर्च भी अब काफी कम हो जाएगा।

**सूरज कश्यप, छात्र**

**अदालती कार्यवाही और कामकाज के लिए मिली सहूलियत**

हाईकोर्ट और लखनऊ के अन्य प्रशासनिक दफ्तरों में रोजाना पैरवी के लिए जाने वाले वकीलों और मुवक्किलों के लिए यह ट्रेन बेहद जरूरी थी। सड़क मार्ग के जाम और अनिश्चितता से अब हमें मुक्ति मिलेगी। इस ट्रेन के चलने से समय की बचत होगी और कानूनी कामकाज में भी सहूलियत रहेगी।

**रुद्र प्रताप पाल, अधिवक्ता उच्च न्यायालय**

# तहसील परिसर में एसडीएम की पहल पर भंडारे का आयोजन

**गोंडा, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के करनैलगंज तहसील परिसर में मंगलवार को एसडीएम नेहा मिश्रा की पहल पर पहली बार भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, वादकारियों, फरियादियों तथा तहसील कर्मचारियों समेत हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ एसडीएम ने हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर किया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा।

तहसील परिसर में पहली बार आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की लोगों ने जमकर सराहना की। सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपालों ने सक्रिय सहयोग किया। पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक प्रसाद

ग्रहण किया।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने तथा लखनऊ रोड स्थित कटहल बगिया में भी भंडारों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विभिन्न स्थानों पर चावल, छोला, हलुआ, पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल और बूंदी मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और देर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहा।

आयोजकों ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखीं। पूरे नगर में धार्मिक आस्था और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला।

# भाजपा नेताओं ने लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**गोण्डा, 26 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार को गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर नकहा जंगल डालीगंज पैसेंजर ट्रेन को करीब दर्जन भर भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करोना काल के बाद बंद की गई लखनऊ पैसेंजर का संचालन करने की मांग अनेकों समाजिक संस्थाओं और सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं एवं रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज श्रीवास्तव द्वारा अनेकों बार की गई। मंगलवार केन्द्रीय मंत्री कीर्तिवर्मन सिंह को नकहा जंगल से डालीगंज पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना था, परन्तु भाजपा नेताओं के वाहवाही लूटने के चक्कर में केन्द्रीय मंत्री कीर्तिवर्मन सिंह हरी झंडी दिखाने वाली भीड़ में विलुप्त हो गये और लगभग दर्जन भर भाजपाइयों ने हरी झंडी दिखा डाली। लखनऊ पैसेंजर के संचालन के लिए स्टेशन को साफ - सुथरा किया गया। स्टेशन के बाहर प्रायवेट गाड़ियों का जमावड़ा नहीं दिखा। आरपीएफ प्रशासन ने मोटर साइकिल तक को साइकिल स्टैंड से अंदर स्टेशन परिसर में नहीं जाने दिया। यहां तक मीडिया कर्मियों को भी आम जनता की तरह बाहर ही गाड़ी खड़ी करने को कहा गया। मीडिया को बुलाने के अतिरिक्त न तो उनके बाइक खड़ी करने के लिए कोई इंतजाम था और न ही कार्यक्रम स्थल पर कोई प्रेस दीर्घा बनाई गई। पूरा कार्यक्रम रेलवे की जगह भाजपा का नजर आ रहा था।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती, 26 मई, (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही

**❑ सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के दिये दिशा निर्देश**

तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

# 29 मई को आयोजित होगा किसान दिवस

**बहराइच, 26 मई (तरुणमित्र)।** शासन के निदेर्शानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 29 मई 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

**श्रावस्ती, 26 मई, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट,पारिवारिक विवाद, महिला सम्बन्धी एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों, से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**गोण्डा, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय भूलेख विभाग, नजारत, रिकॉर्ड रूम सहित अन्य सभी कार्यालयों एवं पटलों का गहन अवलोकन किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, फाइलों की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागों में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए तथा कार्यालय परिसर को साफ एवं व्यवस्थित बनाए रखा जाए।

उन्होंने कहा कि सरकारी अभिलेख अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए उनके सुरक्षित संरक्षण एवं व्यवस्थित संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभिलेखों एवं फाइलों का वर्गीकरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए, जिससे आवश्यक दस्तावेज समय पर आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने रिकॉर्ड रूम में अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पुराने अभिलेखों के संरक्षण के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाई जाएं तथा कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं तत्परता बनाए रखी जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में आने वाले फरियादियों एवं आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चेन चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**गोंडा, 26 मई (तरुणमित्र)।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-451/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्ता- दीपमाला पत्नी गजेन्द्र कुमार उर्फ गब्बर निवासी मुन्डेरा थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 अदद चोरी की चैन बरामद किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक वादिनी गुड़िया अग्रवाल पत्नी श्याम मनोहर अग्रवाल निवासी पटेल नगर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 18 मई 2026 को दुखहरन नाथ मंदिर में दर्शन के दौरान अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके गले से सोने की चैन काट ली गयी।

# सीएमओ ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती, 26 मई, (तरुणमित्र)।** सीएमओ द्वारा 11:40 अपरान्ह पर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें ओपीडी कक्षा जनरल वार्ड इमरजेंसी एवं लेबर रूम का निरीक्षण किया गया।

डायलिसिस संचालित नहीं थी, जानकारी मिली कि पानी की वजह से समस्या हो रही है, टंकी में पानी नहीं भरा जा रहा है, तत्काल सही करने का निर्देश दिए गए एमआरआई का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पायी गयी, कमियों को जल्द सही कराने के निर्देश दिये गये साफ सफाई सही नहीं पाई गई।

## दहेज के लिए महिला को मार डालने का आरोप

**सिरसिया/श्रावस्ती, 26 मई, (तरुणमित्र)।** सूचना प्राप्त हुई की थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडरहवा में एक महिला जिसकी शादी लगभग 04 वर्ष पूर्व हुई थी, जिसको मारपीट करके फांसी के फंदे से लटका दिया गया है।

इस सूचना पर तत्काल थाना सिरसिया पुलिस द्वारा मौके पर जांच की गई तो मृतका की पहचान रुबिया बेगम के रूप में हुई। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मृतका के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

मृतका के पिता की तहरीर के पर थाना सिरसिया पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# हाई-वे पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि चिंता का विषय, रोकने के करें उपाय : डीएम

## ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर करें कठोर कार्रवाई

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि चिंता का विषय है, जिसे रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की खराब सड़कों की अतिशीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर आवश्यकता होने के बावजूद स्पीड ब्रेकर नहीं बने हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। बैठक में

उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग वाहनों, अवैध खनन में प्रयुक्त गाड़ियों तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किया जाए, जिससे विशेष रूप से युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी टोल प्लाजा पर एंबुलेंस के संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं, ताकि दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके।

बैठक में उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायतों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए जांच कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भगत सिंह सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# एडीएम प्रशासन ने नगर पालिका नवाबगंज का किया औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित ईओ का रोका वेतन, तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने नगर पालिका परिषद, नबाबगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय राम रतन अम्बेश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नबाबगंज अनुपस्थित मिले एवं कार्यलय का स्टाफ भी नदारद मिला।

केवल कम्प्युटर आपरेटर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित मिले। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा बताया गया कि अधिशासी अधिकारी बाहर गये हुए हैं। निरीक्षण के समय नगर पालिका के सम्पत्ति रजिस्टर आदि मांगे गये जो अवलोकन से अपूर्ण मिले।

कार्यालय में रिकार्ड भी अव्यवस्थित मिला। कार्यालय में साफ-सफाई नहीं पायी गयी। जगह-जगह गन्दगी मिली। अधिशासी अधिकारी के अनुपस्थित रहने एवं कार्यालय अभिलेख तथा रिकार्ड अधूरा मिलने के संबंध में राम रतन अम्बेश का स्पष्टीकरण जारी कर तीन दिन जबाब मांगा गया है।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नबाबगंज को अधिशासी अधिकारी का वेतन रोके जाने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने को लिखा गया है।

# निकास मार्ग विवाद में खूनी संघर्ष,घर में घुसकर पिता-पुत्र पर धारदार हथियारों से हमला

**पीलीभीत , 26 मई (तरुणमित्र)।** पूरनपुर में घर के निकास मार्ग को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। रास्ते से अवरोध हटाने की बात कहने पर दबंगों ने कथित रूप से घर में घुसकर पिता-पुत्र पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले पूरनपुर सीएचसी, फिर जिला अस्पताल और हालत अत्यधिक गंभीर होने पर बरेली रेफर किया गया। वर्तमान में उनका उपचार बरेली के रूहेलखंड अस्पताल में आईसीयू में चल रहा है। मामले में पुलिस ने 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम रूद्रपुर निवासी विजय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के छत्रपाल सिंह ने उनके घर के निकास मार्ग पर ईंट, मिट्टी से भरे कट्टे और वाहन खड़े कर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था। इससे परिवार को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था और पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया था।आरोप है कि 24 मई की शाम करीब आठ बजे विजय सिंह के पिता द्वारिका सिंह ने छत्रपाल सिंह से रास्ते पर रखे सामान को हटाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कुछ देर बाद छत्रपाल सिंह सहित अन्य लोग एक राय होकर धारदार हथियार, कसी, बांका और लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए द्वारिका सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित पक्ष के अनुसार, जान बचाने के लिए द्वारिका सिंह घर के अंदर चले गए, लेकिन आरोपियों ने पीछा नहीं छोड़ा और घर में घुसकर हमला कर दिया।

आरोप है कि हमलावरों ने द्वारिका सिंह के सिर पर धारदार हथियार से वार किया तथा लाठियों से भी पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। इस दौरान बचाव करने पहुंचे अजय सिंह को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घायलों को परिजन तत्काल सरकारी अस्पताल पूरनपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद द्वारिका सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने धोबी तालाब प्रकरण का किया सफल निस्तारण

## आईएएस इशिता किशोर का साफ संदेश, सरकारी भूमि पर कब्जा नाकाबिले बर्दाश्त

### एक दशक पुराना विवाद खत्म, अब होगा सौंदर्यीकरण

**बहेड़ी - बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने लगभग एक दशक से विवादों में घिरे धोबी तालाब प्रकरण का सफल निस्तारण कर दिया। अब जल्द ही तालाब का सौंदर्यकरण का कार्य शुरू हो जायेगा। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बहेड़ी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाब की पैमाइश कर सरकारी भूमि का चिन्हांकन कराया। कार्रवाई पूरी होने के बाद अब तालाब के सौंदर्यकरण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कराई जाएगी। बता दें कि धोबी तालाब की भूमि को

लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चला आ रहा था। मामले में न्यायालय में सुनवाई के बाद प्रशासन को सरकारी भूमि की पैमाइश और सीमांकन के निर्देश दिए गए थे। आदेश के अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बहेड़ी इशिता किशोर ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र की पैमाइश कराई और तालाब की वास्तविक सीमा निर्धारित कराई। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे शांति व्यवस्था बनी रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तालाब की सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने बताया कि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तालाब के सौंदर्याकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा।

इसके तहत तालाब की सफाई, सुंदरीकरण और आसपास हरियाली विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है। इससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से लंबित पड़े मामले के समाधान पर संतोष जताया है। लोगों का कहना है कि तालाब के विकसित होने से क्षेत्र को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल मिलेगा और जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

# श्रद्धालुओं की सेवा कर दिया मानवता का संदेश

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार को इनरव्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से 4वें बड़ा मंगल के अवसर पर डॉ. मधु गुप्ता एवं डॉ. मधुलिका सिंह के नेतृत्व में शरबत वितरण एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजनबरेली।

4वें बड़ा मंगल के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की ओर से हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस में श्रद्धालुओं हेतु शरबत वितरण सेवा एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मधु गुप्ता एवं डॉ. मधुलिका सिंह की प्रमुख सहभागिता एवं नेतृत्व में सेवा कार्य संपन्न हुआ। भीषण गर्मी को देखते हुए

संस्था की सदस्यों ने भक्तों को शीतल शरबत वितरित कर सेवा, भक्ति एवं मानवता का संदेश दिया। साथ ही श्रद्धा भाव से हनुमान चालीसा का पाठ कर सभी के सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर डॉ. ममता पाराशर, अनीता, वैशाली, सुनीता, अफजा, रीना, सुरभि पाठक, डॉ. कविता अंजू, रमा सभरवाल, रेनू सभरवाल, पार्थ ईशान, पंकज पाराशर, मणि मेधा, अनूप, श्यामा, सरिता शर्मा, हिरदेश, सरिता, सरस्वती एवं मीता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सदस्यों ने कहा कि बड़ा मंगल सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सहयोग का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं जनसेवा की भावना को मजबूत करते हैं। श्रद्धालुओं ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की। इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस द्वारा समय-समय पर सामाजिक, स्वास्थ्य एवं सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं तथा आगे भी ऐसे जनहित कार्य जारी रहेंगे। बड़ा मंगल के अवसर पर डॉ. मधु गुप्ता एवं डॉ. मधुलिका सिंह के नेतृत्व में टीम ने श्रद्धालुओं की सेवा कर मानवता एवं सहयोग का संदेश दिया।

# गुरुदेव भू- अवतरण दिवस पर हुई विशेष ध्यान साधना

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार को सिद्धयोग शक्ति दरबार ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के संस्थापक गुरुदेव गोविन्द के भू-अवतरण दिवस के अवसर पर विशेष ध्यान साधना का आयोजन किया गया। विशेष साधना सत्र के दौरान गुरुदेव गोविन्द द्वारा शक्तिपात द्वारा कुंडलिनी जागरण ध्यान साधना करवाई गई, यह सत्र 2 घंटे का रहा इस कुंडलीनि जागरण ध्यान साधना कार्यक्रम में अनेक साधकों ने प्रतिभाग किया। उपस्थित जनों को इस साधना के दौरान अनेक अनुभव हुए। ध्यान साधना सत्र के पश्चात साधकों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए एक साधक ने बताया कि वह ध्यान के दौरान योग निद्रा में चला गया,किसी को नीले रंग का प्रकाश अपने आज्ञा चक्र पर नजर आया, एक साधक ने बताया कि मैं गहरे ध्यान चला गया । ?साधना के पश्चात ट्रस्ट के वरिष्ठ साधकों के विशेष आग्रह पर गुरुदेव गोविन्द ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर केक काटा। कुछ साधकों ने गुरु वंदना का गायन प्रस्तुत की गुरुदेव गुरुमां का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात भजन संध्या प्रारंभ हो गयी उत्कर्ष अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, पुष्पी शर्मा, नेहा मिश्रा, अनामिका मेहरोत्रा, प्रियंका कपूर ने भजन प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

# ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर संस्कार समर कैम्प का शुभारम्भ

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** ब्रह्माकुमारीज के चौपला सेवा केंद्र पर मंगलवार से तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह शिविर 26, 27 एवं 28 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों के नैतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु विभिन्न प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैम्प के प्रथम दिन 60 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक मॉरल एक्टिविटीज, स्पिरिचुअल गेम्स तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अच्छे संस्कारों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संचालिका बीके पार्वती दीदी ने बच्चों को जीवन जीने के महत्वपूर्ण मॉरल टिप्स देते हुए सकारात्मक सोच, अनुशासन, माता-पिता एवं शिक्षकों के सम्मान तथा अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बचपन में दिए गए श्रेष्ठ संस्कार ही उज्ज्वल भविष्य की नींव बनते हैं। बीके नीता दीदी ने बच्चों को क्रिएटिव मेडिटेशन का अभ्यास कराया, जिससे बच्चों ने शांति, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास का अनुभव किया। वहीं बीके पारुल दीदी ने बच्चों को स्पिरिचुअल गेम्स एवं रोचक एक्टिविटीज कराईं, जिनमें बच्चों ने बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नैतिकता, आत्मिक जागरूकता एवं रचनात्मकता का विकास करना है ताकि वे श्रेष्ठ चरित्रवान नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी दिनों में भी विभिन्न शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायी गतिविधियों के आयोजन की जानकारी दी।

# जिलाधिकारी ने ग्यारह अपराधियों को किया जिला बदर

## योगी सरकार की अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हुई बड़ी कार्रवाई

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह द्वारा प्रदेश सरकार की अपराध के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत उ०प्र० गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत माह मई 2026 में विभिन्न अभियुक्तों को जिला बदर किया गया। जिला बदर होने वाले अपराधियों में सरकार बनाम रंजीत थाना इज्जत नगर, सरकार बनाम सुरजीत सिंह थाना इज्जत नगर, सरकार बनाम पंकज यादव थाना इज्जत नगर एवं सरकार बनाम सचिन थाना इज्जत नगर को धारा-3 (1) उ०प्र० गुण्डा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया। सरकार बनाम महीपाल थाना शेरगढ़ को धारा-3 (1) उ०प्र० गुण्डा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया। इसी तरह सरकार बनाम खलील थाना बिथरी चैनपुर एवं सरकार बनाम कैशव पटेल थाना बिथरी चैनपुर को भी धारा-3 (1) उ०प्र० गुण्डा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया। सरकार बनाम अवधेश उर्फ राजकुमार थाना बारादरी और सरकार बनाम पिंटू उर्फ टिंकू थाना बारादरी एवं सरकार बनाम लक्की राठौर थाना बारादरी को धारा-3 (1) उ०प्र० गुण्डा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया। सरकार बनाम मो आरिफ उर्फ पप्पू बुलेट थाना बहेड़ी को धारा-3 (1) उ०प्र० गुण्डा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में प्रवेश पंजीकरण की तिथि 8 जून तक बढ़ी

## प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना'के अन्तर्गत वित्तीय सत्र 2026-27 में सिविल सर्विसेज, जेईई, नीट, एसएससी परीक्षाओं हेतु प्रतिभाशाली एवं उत्साही विद्यार्थियों के पंजीकरण/प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र छात्राएं ऑफलाइन/ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किये जाने हेतु दिनांक 25 मई 2026 तक इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन मांगे गये थे, पंजीकरण अपेक्षाकृत कम होने की दशा में प्रशिक्षण सत्र संचालन से 08 जून 2026 तक प्रवेश पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि विस्तारित की जाती है। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में पंजीकरण/प्रवेश प्राप्त करने हेतु दिनांक 08 जून 2026 समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कमरा नम्बर-05 कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, बरेली एवं राजकीय इण्टर कॉलेज, बरेली से प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश फार्म की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतियां सहित अंतिम तिथि 08 जून 2026 को सायं 05:00 बजे तक कमरा नम्बर-05 कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, बरेली एवं राजकीय इण्टर कॉलेज, बरेली में जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्तिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन पत्र जमा नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों को शासनादेश के अनुसार समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा/मेरिट/साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों को इंटरैक्टिव पैनल से युक्त स्मार्ट क्लास एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों से सुसज्जित लाइब्रेरी की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध है। आवेदन की पात्रता हेतु जेईई/नीट हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र, यूपीएससी/यूपीपीएससी (सिविल सेवा) के परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष अथवा उत्तीर्ण छात्र पात्र होंगे। एसएससी परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र पात्र होंगें। एनडीए परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र पात्र होगें। अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत कम्प्यूटर ऑपरेटर चन्द्रवती 9719302888 एवं अनुज सक्सेना (पटल सहायक) मो0नं0 9456950090 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# लिंटर खोलते समय ठूला गिरा, एक मजदूर की मौत, चार घायल

**पीलीभीत, 26 मई (तरुणमित्र)।** बीसलपुर में आज सुबह नगर में एक निमार्णाधीन लिंटर का ठूला गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार मजदूर घायल हो गए. हादसे के बाद भगदड़ मच गई। नगर के मोहला दुर्गा प्रसाद निवासी राजेश चंद्र अरविंद उर्फ राजू एडवोकेट के मकान पर 16 दिन पूर्व लिंटर डाला गया था। लिंटर की समयावधि पूर्ण होने के बाद आज सुबह 10 बजे से मजदूरों ने मकान पर डाले गए लिंटर का दूला खोलना शुरू किया। बताया जा रहा है कि आधे घंटे बाद जब श्रमिक लिंटर के नीचे लगा लोहे का गर्डर निकालने की कोशिश कर रहे थे इसी समय लोहे का गर्डर अचानक टूट गया। उसके टूटते ही लिंटर खोलने को नीचे खड़े श्रमिक ऊपर से गिरे मलबे में दब गए और चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग जब तक मौके पर एकत्र होकर लिंटर का मलवा हटाकर श्रमिकों को बाहर निकलते तब तक रामचंद्र लाल 62 पुत्र सोवरन लाल निवासी पटेल नगर की लोहे के गर्डर के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने काफी प्रयास कर मलवे को हटाकर उसके नीचे दबे श्रमिक वीरेंद्र कुमार पुत्र सुंदरलाल 50 वर्ष, ब्रजपाल पुत्र ताराचंद 43 वर्ष तथा बुद्ध सेन पुत्र फूलचंद 35 वर्ष निवासी पटेल नगर को घायलावस्था में बाहर निकाल कर तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद रामचंद्र लाल 62 वर्ष का चिकित्सक द्वारा परीक्षण करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा घायल श्रमिक वीरेंद्र कुमार, बृजपाल तथा बुद्ध सेन का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर चोटे आने के कारण उन्हें जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया है. अचानक हुए हादसे से घटनास्थल के आसपास हड़कंप मच गया।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हड़कंप मचा

**पीलीभीत , 26 मई (तरुणमित्र)।** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया भजा गांव के मजरा चियोना में मंगलवार सुबह एक युवक का शव गांव के प्राइमरी स्कूल के नजदीक आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने चुनरी के सहारे शव फांसी के फंदे पर झूलता देखा। तो हडकंप मच गया और यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान हरीशंकर (22) पुत्र ओमप्रकाश निवासी पियोना के रूप में हुई है। मृतक अविवाहित था तथा मजदूरी करता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में मां चंपा देवी, बड़ा भाई अरविंद तथा दो बहने हैं जिनकी शादी हो चुकी है। सूचना पर पहुंची गजरौला पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगा।

## 31 मई को 21 केन्द्रों पर होगी परीक्षा

**बरेली, 26 मई (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य, राजकीय महाविद्यालय(प्रा.) परीक्षा-2025 दिनांक 31 मई 2026 को जनपद बरेली में कुल 21 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 09.30 बजे 11.30 बजे तक आयोजित होगी। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जारी निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ संख्या-10 के अन्तर्गत अंकित किया गया है कि विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने अथवा कर्फ्यू लगे होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को ही कर्फ्यू पास की मान्यता दी जाएगी, जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा इस सम्बन्ध में ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी।
पता–निकट विकास भवन, बाराबंकी
ई–प्रोक्योरमेण्ट

पत्रांक 200/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा आंम/2026–27 दिनांक–19.05.2026

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी द्वारा ऑनलाइन निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रतिशत दर पर विभागीय अधिकृत पंजीकृत ठेकेदार/फर्म श्रेणी A,B,C एवं D श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार से दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक अथवा सभी कार्यो की निविदा डाली जा सकती है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 छोड़कर (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत (2025–26) द्वितीय कॉल) | | | | |
| 1 | वि0ख0 बनीकोडर के रामसनेहीघाट में लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज दरियाबाद बाराबंकी में 11 ि ाक्षण कक्षों की छत प्लास्टर खिड़की दरवाजा फ"ा सहित मरम्मत कार्य एवं शौंचालय, मरम्मत आदि। | 33.33 | 0.67 | 854 | 06 माह |
| | त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत (द्वितीय कॉल) | | | | |
| 2 | पूरे बढ़ई मजरे बबुरी गांव में मेन रोड से अशोक शुक्ला के दरवाजे तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 17.15 | 0.35 | 854 | 03 माह |
| 3 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के रतौली (ओहराम) में चौबीसी कोलवा–किरसिया रोड से अरविन्द सिंह के दरवाजे होते हुए गांव तक मार्ग निर्माण कार्य। | 25.27 | 0.51 | 854 | 03 माह |

2 वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 28.05.2026 को प्रातः 10.00 बजे।
3 बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय:– 29.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे।
4 प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समय:– 30.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे।
5 ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय:– 01.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे से।
6 ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय:– 06.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7 ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 06.06.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8 टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9 निविदा आन–लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10 निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सम्बिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

(इं0 ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बाराबंकी।

U.P. 251716 dt. 25/05/2026 विज्ञापन
वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# डीएम-एसपी ने आग प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

- राहत कार्य तेज करने के निर्देश, पीड़ितों को भोजन व सहायता जारी
- प्रशासन ने संभाला मोर्चा, रातभर चला राहत अभियान, आंधी में लगी आग से 50 घर प्रभावित
- प्रभावित परिवारों से मिले डीएम-एसपी, हर संभव मदद का दिया भरोसा

**लखीमपुर-खीरी, 26 मई (तरुणमित्र)।** तहसील मितौली क्षेत्र के ग्राम कारी बडेरी मजरा मुल्तानपुर ग्रंट परगना कस्ता में सोमवार देर रात तेज आंधी के दौरान अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। आग की चपेट में आकर करीब 50 मकान प्रभावित हुए,जबकि 74 परिवारों का सामान जलकर राख हो गया। हादसे में पांच मवेशियों की भी मौत हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, सीओ यादवेंद्र यादव, तहसीलदार दिनेश कुमार सहित प्रशासन और पुलिस टीम पूरी रात मौके पर डटी रही और राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली। जिला अग्निशमन अधिकारी अक्षय रंजन शर्मा तीन फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे। तेज हवाओं और विकराल लपटों के बीच घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ राहत सामग्री उपलब्ध कराने की कार्रवाई भी शुरू कर दी।

मंगलवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह,एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने घटनास्थल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। डीएम ने राजस्व विभाग की टीम को नुकसान का शीघ्र आंकलन कर अनुमन्य शासकीय सहायता उपलब्ध कराने को कहा। वहीं एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था, राहत कार्यों को लेकर मातहतों को जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान तहसील प्रशासन और ग्राम प्रधान की ओर से गांव के पंचायत भवन में भोजन पैकेट तैयार कराए जा रहे थे। प्रभावित परिवारों को मौके पर ही भोजन भी वितरित किया गया। प्रशासन की टीम लगातार राहत सामग्री उपलब्ध कराने और प्रभावितों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में जुटी रही।

डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में शासन-प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा था।

**डीएम ने गर्मी में सतर्कता बरतने की अपील,आग व बिजली से सावधानी जरूरी-** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में सभी लोग सतर्कता बरतें। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सावधानी जरूरी है। डीएम ने आग और बिजली से संबंधित जोखिमों के प्रति भी सजग रहने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन प्रभावितों के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## वोट नहीं दिया तो दीवार गिराने का आरोप, प्रधान व भाई का वीडियो वायरल

**हरदोई, 26 मई (तरुणमित्र)।** विकासखंड कोथावां के नरा मदनापुर गांव में पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर विवाद का मामला सामने आया है।

गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान श्रीराम और उसके भाई सीताराम ने उनकी निमार्णाधीन दीवार को गिरा दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।पीड़ित रामेश्वर प्रसाद के अनुसार उन्होंने पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान श्रीराम को वोट नहीं दिया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर प्रधान पक्ष उनसे नाराज चल रहा था। रामेश्वर अपने घर के सामने सहन की जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे, तभी प्रधान श्रीराम और उसका भाई सीताराम मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि पहले निर्माणाधीन दीवार को नुकसान पहुंचाया गया और बाद में ट्रैक्टर बुलाकर पूरी दीवार गिरा दी गई।ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। घटना के दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। अब इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित ने अतरौली थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आईआरएस प्रणाली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित: डीएम

**फर्रुखाबाद, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी डॉ० अंकुर लाठर द्वारा दिनांक 1 मई से 26 मई तक प्राप्त आईजीआरएस संदर्भों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में अत्यंत लापरवाही, शिथिलता एवं शासनादेशों की अवहेलना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की।

समीक्षा में पाया गया कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत फरुर्खाबाद एवं मोहम्मदाबाद, पूर्ति निरीक्षक कायमगंज, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, नगरीय एवं कायमगंज, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कमालगंज, शमसाबाद, कायमगंज, नवाबगंज एवं राजेपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, उप निदेशक कृषि, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढ़पुर, कायमगंज, शमसाबाद, राजेपुर, नवाबगंज, कमालगंज एवं मोहम्मदाबाद, तथा खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर, कमालगंज एवं राजेपुर द्वारा आई0जी0आर0एस0 संदर्भों के निस्तारण में स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा में पाया गया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो आई0जी0आर0एस0 संदर्भों की नियमित समीक्षा की जा रही है और न ही शिकायतों का निस्तारण शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जा रहा है। साथ ही, शिकायतकर्ताओं से शत-प्रतिशत संपर्क स्थापित न किए जाने के कारण मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है तथा शासन स्तर पर जनपद की छवि धूमिल हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 प्रणाली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है तथा मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण को विशेष महत्व दिया गया है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता न बरतना अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति शिथिलता, अकर्मण्यता एवं प्रशासनिक अक्षमता का परिचायक है।

उक्त परिस्थितियों को अत्यंत गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों का माह मई 2026 का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सुसंगत स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क स्थापित कर शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन कराया जाए।

## अखिलेश यादव के खिलाफ लगे होर्डिंग पर भड़के सपाई

### पोस्टर फाड़कर जताया कड़ा विरोध

**हरदोई, 26 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की सियासी बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। इसी क्रम में आज हरदोई जिले में उस वक्त राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया, जब भारतीय जनता पार्टी भाजपा द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व माननीय अखिलेश यादव के खिलाफ 'महिला विरोधी' होने के पोस्टर लगाए गए। इस आपत्तिजनक होर्डिंग को देखते ही सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सपा युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष हरिनाम सिंह यादव के नेतृत्व में आक्रोशित सपाई तत्काल मौके पर पहुंचे और होर्डिंग्स को फाड़कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

सपा नेता हरिनाम सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा अपनी नाकामियों और कमरतोड़ महंगाई से जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की घटिया हरकतों पर उतर आई है। उन्होंने कहा:₹भाजपा शासन में महिलाओं के साथ अत्याचार, बलात्कार और लूट की घटनाएं चरम पर हैं। मणिपुर में महिलाओं के साथ जो बर्बरता हुई, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तक चुप हैं। भाजपा में खुद महिला विरोधी नेता भरे पड़े हैं, जिसके कारण आज प्रदेश की बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

सपाइयों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी और डिंपल यादव जी के खिलाफ ऐसी ओछी राजनीति को समाजवादी लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों और बेरोजगारी से त्रस्त उत्तर प्रदेश की जनता अब सब कुछ समझ चुकी है। सपा नेताओं ने दावा किया कि जनता इस बार बहकावे में नहीं आएगी और आने वाले 2027 के चुनाव में भाजपा का उत्तर प्रदेश से पूरी तरह सफाया होने जा रहा है।

## ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**मथुरा, 26 मई (तरुणमित्र)।** गंगा दशहरा पर्व एवं चल रहे पावन अधिक मास के दौरान ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना कोसीकलां क्षेत्र में व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, साफ सफाई, शेड, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, भोजन, भंडारा, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों और परिक्रमार्थियों की सुविधाओं के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने ग्राम गढ़ी भरवारी स्थित स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता और एक्सपायरी डेट की जांच की। साथ ही मरीजों के रजिस्टर का अवलोकन कर निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कैंप में 24 घंटे स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और गर्मी के मौसम को देखते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने श्रद्धालुओं को फल वितरित किए और उनसे बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को नियमित गश्त करने, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और सोशल मीडिया पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा, तहसीलदार छाता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## तरुणमित्र लखीमपुर कार्यालय का भव्य उद्घाटन

- कई विशिष्ट अतिथि सहित ब्यूरो प्रमुख रहे मौजूद

**लखीमपुर-खीरी, 26 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक तरुणमित्र अखबार एवं वंदे भारत सोलर एनर्जी प्लांट के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन ऐरा रोड स्थित सलेमपुर कोन,अमर विहार कॉलोनी के पास किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला ब्यूरो चीफ विजयपाल सिंह द्वारा विधि-विधान एवं पूजा-पाठ के साथ सम्पन्न कराया गया,इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मनार,निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, रमियाबेहड़ के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित प्रकाश वर्मा,युवराज दत्त कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह तथा आरआईयूईटी उद्योग निमार्ता राजीव पाल सिंह शामिल रहे। सभी अतिथियों ने नए कार्यालय के उद्घाटन पर शुभकामनाएं देते हुए इसकी सराहना की। उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। शाम करीब 5 बजे पूजा-अर्चना के उपरांत कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर आयोजनकर्ता विजयपाल सिंह ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उन्होंने कहा, ह्लआज हमने तरुणमित्र अखबार के नए कार्यालय का उद्घाटन किया है, जिससे हमारी टीम को जमीनी मुद्दों को और मजबूती से उठाने में नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सोलर प्लांट का उद्घाटन भी किया गया है। यह कदम प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सोलर ऊर्जा संबंधी दूरदर्शी विजन को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। वहीं,विशिष्ट अतिथि एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने कहा कि तरुणमित्र कार्यालय के उद्घाटन में शामिल होकर उन्हें खुशी हुई। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं,जो समाज को जागरूक करते हैं तथा जमीनी समस्याओं को जनता और प्रशासन के सामने लाते हैं। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर पत्रकार ललित वर्मा, सरोज वर्मा(प्रधान), विजय शंकर वर्मा, राजुल वर्मा, सचिन गुप्ता, उत्कर्ष वर्मा सिंह शाक्य, शिवा सिंह, शहनूर अली, अनिल वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज गेट पर लगे मिनी नलकूप की टोटियां चोरी

**हरदोई, 26 मई (तरुणमित्र)।** शहर में चोर अब ऐसी चीजों पर हाथ साफ कर रहे हैं, जिनसे सीधे आम जनता की जरूरतें जुड़ी हैं। मेडिकल कॉलेज गेट के पास नगर पालिका परिषद द्वारा लगाए गए मिनी नलकूप की टोटियां ही चोर खोल ले गए।

करीब 20 दिन पहले भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका ने यहां शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मिनी नलकूप शुरू कराया था, ताकि राहगीरों, मरीजों और तीमारदारों को राहत मिल सके। लेकिन बीती रात आई तेज आंधी और बारिश के दौरान बिजली गुल होते ही टोटी चोर सक्रिय हो गए और नलकूप की चारों टोटियां चोरी कर ले गए।सुबह जब लोग पानी पीने पहुंचे तो नलकूप सूना मिला। मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों के तीमारदार, राहगीर और आसपास के लोग पानी की बोतल लेकर पहुंचे जरूर, लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। हालत यह है कि अब लोगों को मजबूरी में बाजार से महंगा पानी खरीदना पड़ रहा है। खास बात यह है कि यह मिनी नलकूप मेडिकल कॉलेज परिसर में बने पुलिस सहायता केंद्र के ठीक पीछे स्थित है, इसके बावजूद चोर आराम से टोटियां खोलकर ले गए।नगर पालिका ने गर्मी में लोगों को निशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था शुरू की थी, लेकिन चोरों की इस हरकत ने पूरे इंतजाम पर पानी फेर दिया।

## भीषण गर्मी में विद्युत विभाग 24 घंटे अलर्ट

**मथुरा, 26 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत निगम अलर्ट हो गया है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण को लेकर आदेश जारी किए गए हैं कि अधिकारी एवं कर्मचारी सभी के कॉल रिसीव करें। सभी से ठीक प्रकार बात करें। किसी कारण कॉल न उठने पर बैक कॉल करें। सीयूजी नंबर 24 घंटे चालू रखें। गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में फॉल्टों की संख्या में इजाफा एवं लोड बढ़ रहा है। सप्लाई बंद हो रही। इसको देखते मथुरा जोन के मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं की फोन कॉल रिसीव करें। उनकी समस्या सुनकर निस्तारण करें।

## सुदिति ग्लोबल एकेडमी में राजस्थानी रंगत के साथ 'भारतीय भाषा समर कैंप' का समापन

**मैनपुरी, 26 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय भाषा समर कैंप में विद्यार्थियों ने जाना राजस्थान की संस्कृति और लोक परंपराओं को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी भारतीय भाषा समर कैंप (बीवीएससी)-2026 के अंतर्गत सुदिति ग्लोबल एकेडमी में विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं, सांस्कृतिक विविधता, राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय परंपराओं के प्रति जागरूकता विकसित करना था। यह गतिविधियाँ एकेडेमिक प्रिंसिपल श्रीमती सुप्रिया शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुईं।

समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं एवं भाषाई विरासत को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जाना और प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राजस्थानी लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शन, चित्रकला, लोकगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा भाषा आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहर, किलों, लोक जीवन, ऊंट, पारंपरिक परिधानों एवं मरुस्थलीय संस्कृति को चित्रों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

## प्रधानमंत्री से टोल टैक्स फ्री कर डीजल-रसोई गैस पर सब्सिडी देने की मांग

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच भाजपा नेता विकास राजपूत की पीएम मोदी से अपील

- विकास राजपूत बोले- महंगाई पर राजनीति नहीं, राहत की नीति चाहिए

**फर्रुखाबाद, 26 मई (तरुणमित्र)।** देश में लगातार बढ़ रही पेट्रोल और डीजल की कीमतों के बीच भाजपा नेता विकास राजपूत ने केंद्र सरकार से आम जनता को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध जैसे हालातों के कारण ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर देश की जनता पर पड़ रहा है। विकास राजपूत ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों को तुरंत नियंत्रित करना आसान नहीं है, लेकिन सरकार जनता को राहत देने के लिए देशभर में ठल्लअकद्वारा संचालित सभी वाहनों का टोल टैक्स कम से कम 6 महीने के लिए फ्री कर सकती है।

उन्होंने कहा –जब तक अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां सामान्य नहीं हो जातीं, तब तक सरकार को टोल टैक्स माफ कर आम लोगों को राहत देनी चाहिए। इससे ट्रांसपोर्ट खर्च कम होगा और महंगाई पर भी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी।

राजपूत ने कहा कि टोल टैक्स फ्री होने से पेट्रोल-डीजल से बढ़ने वाले भाड़े के दामों में कमी आएगी, जिससे रोजमर्रा के घरेलू उत्पादों पर महंगाई का असर कम पड़ेगा और आम आदमी को सीधा फायदा मिलेगा।

**प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर दिए सुझाव-** विकास राजपूत ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में सुझाव देते हुए आग्रह किया कि यदि देशभर में टोल टैक्स फ्री किया जाता है, तो इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने पत्र में घरेलू गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त सब्सिडी देने एवं किसानों को डीजल खरीद पर सब्सिडी उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।

**किसानों के लिए डीजल सब्सिडी की मांग-** भाजपा नेता ने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि खेती और सिंचाई के लिए किसानों को बड़ी मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है। ऐसे में सरकार को अस्थायी तौर पर कृषि कार्य हेतु डीजल पर सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए, ताकि किसानों की लागत कम हो सके और उनकी आय स्थिर बनी रहे।

**गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त राहत की अपील-** विकास राजपूत ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि गरीब परिवारों को राहत देने के लिए गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त रू200 से रू300 तक की सब्सिडी दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार यदि टोल टैक्स, किसानों के डीजल और गैस सिलेंडर पर राहत देती है, तो इससे देश की आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और महंगाई के बोझ को कम करने में मदद मिलेगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए विकास राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के विकास और जनता के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार आने वाले समय में देशहित और जनहित में बड़े फैसले लेगी।

## जनगणना में लापरवाही पर 6 शिक्षक सस्पेंड, 41 का वेतन रुका

**मैनपुरी, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जनगणना-2027 के कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के विरुद्ध बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की गई है, जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उदासीनता एवं अनुशासनहीनता पाए जाने पर 41 शिक्षकों, शिक्षामित्रों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है जबकि 06 शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना-2027 का प्रथम चरण 22 मई 2026 से प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत मकानों का सूचीकरण कार्य कराया जा रहा है, शासन के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों को प्रगणक के रूप में तैनात किया गया है।

## स्वतंत्रता सेनानी की 49वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

- आबकारी मंत्री ने सुंदरीकृत मूर्ति स्थल व वाटिका का किया लोकार्पण

**हरदोई, 26 मई (तरुणमित्र)।** आजादी के आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जिला परिषद हरदोई के प्रथम अध्यक्ष स्व. श्री ठाकुर निरंजन सिंह देव जी की 49वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री माननीय नितिन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती एवं भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष भाजपा व पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन हरदोई रामावतार शुक्ला द्वारा की गई।

ठाकुर निरंजन सिंह देव जी का जन्म 30 सितम्बर 1896 को जनपद के ग्राम नीर में एक मध्यमवर्गीय कृषक परिवार में हुआ था। वर्ष 1916 में उच्च शिक्षा के लिए वे लखनऊ विश्वविद्यालय गए, लेकिन 1921 में जब देश में स्वतंत्रता संग्राम की लहर तेज हुई, तो उन्होंने अपने छात्र जीवन को देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया। राष्ट्र की वेदी पर उन्होंने अपनी शिक्षा की परवाह न करते हुए आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान वे आजीवन अविवाहित रहे और उन्हें तीन बार कठिन जेल यातनाएं भी सहनी पड़ीं। आगरा जेल में वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ भी बंद रहे और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे शीर्ष नेताओं के संपर्क में आए।देश की आजादी के बाद 1948 से 1958 तक वे जिला परिषद हरदोई के प्रथम अध्यक्ष रहे। इस दौरान उनके कार्यकाल में 10 नवंबर 1952 को तत्कालीन स्वायत्त शासन मंत्री मोहनलाल गौतम द्वारा जिला परिषद के सभा भवन की आधारशिला रखी गई, जिसका निर्माण 1953 में उनकी देखरेख में पूरा हुआ। सत्ता और पद के शीर्ष पर होने के बावजूद उनकी ईमानदारी और सादगी बेमिसाल थी। वे कार्यालय की सरकारी गाड़ी का उपयोग केवल सरकारी कामकाज तक ही सीमित रखते थे।

अपने दफ्तर आने-जाने के लिए वे अपने पैतृक गांव नीर से हरदोई तक का 6 किलोमीटर का सफर रोजाना साइकिल से तय करते थे। उनकी इस ईमानदारी की चर्चा आज भी जन-जन की जुबां पर है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्षेत्र में ₹विद्यादेवी सिंहनी, सिंह निरंजनदेव₹ का नारा बेहद गूंजता था, जहां रीवां राजघराने की श्रीमती विद्यादेवी के साथ मिलकर उन्होंने आंदोलन को एक नई धार दी थी।15 अगस्त 1972 को स्वतंत्रता संग्राम में उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें दिल्ली बुलाकर 'ताम्र पत्र' भेंट कर सम्मानित किया था। वे आजीवन मद्य निषेध के प्रबल समर्थक रहे। समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण इस कदर था कि उन्होंने अपनी मृत्यु से पूर्व अपनी लगभग 70 बीघा पैतृक जमीन सरकार को दान कर दी, जो आज भी ग्रामसभा नीर के गरीब भूमिहीनों को पट्टे पर आवंटित है। राजनीति से संन्यास लेने के बाद उन्होंने नीर-महुईपुरी रोड पर एक आश्रम व अपनी समाधि स्थल का निर्माण कराया और 26 मई 1977 को वे परमगति को प्राप्त हुए।उनकी स्मृति और ग्रामीण विकास में उनके योगदान को अक्षुण्ण रखने के लिए पूर्व में माननीय सांसद राज्यसभा नरेश अग्रवाल के प्रयासों से उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके बाद, वर्तमान आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती द्वारा इस मूर्ति स्थल का सुंदरीकरण कराकर वहां एक भव्य वाटिका का निर्माण कराया गया, जिसका लोकार्पण 23 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ। इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन त्रिलोकी सिंह गौर एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ हरदोई एवं अध्यक्ष निरंजन सिंह देव सेवा संस्थान द्वारा किया गया। सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने उनके जीवन को आज की पीढ़ी के लिए एक महान प्रेरणा स्रोत बताया।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश द्वार महानगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने बताया कि महोल्ला ककरा में 11 वर्षीय बालिका के साथ आवारा कुत्तों द्वार दुर्भाग्यपूर्ण घटना घाटी है उसका व्यापार मंडल कड़े शब्द में निंदा करता है, नगर निगम द्वार अड़ा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ने का कार्य किया जाए,महोल्ला हुन्डाल खेल कन्नौजिया अस्पताल के पीछे की सड़क और से संबंधित गली की बहुत खराब हालत में हैं,जनहित में जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए,ताकि जान माल का नुकसान ना हो,महानगर की सड़कों को जोड़ने वाली लिंक रोड अधिकांश स्थानों पर खस्ताहाल अवस्था में है। उसे तत्काल सही कराया जाएं। महानगर अध्यक्ष मो सलाउद्दीन अख़्तर ने कहा नगर निगम द्वारा घरों में जो

पानी सप्लाई किया जा रहा है उसकी तत्काल कई स्थानों पर जांच कराई जाए। यह पानी अधिकांश स्थानों पर दूषित है और कहीं-कहीं कीड़े भी दिखाई पड़ते हैं। उन्होंने कहा नालों की सफाई के लिए टेंडर हुए काफी समय हो गया है लेकिन उसके बाद भी सफाई कार्य शुरू नहीं हो सका है क्या वर्षा का इंतजार है? मोहल्ले के सभ्रांत नागरिकों से नाले की सफाई का प्रमाण पत्र लिया जाए उसके बाद ही ठेकेदार को भुगतान किया जाएं। बहादुरगंज स्तिथ नगर निगम की भूमि गोलगंज में दशकों पुराने शोचालय वर्तमान समय में जर्जर हालत में हैं जिसके पुनःनिर्माण हेतु कई ज्ञापन नगर निगम को दिए जा चुके है परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

ज्ञापन देने वालो में प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियाँ,जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता,महानगर महामंत्री रफी खान,महानगर उपाध्यक्ष मो शाहिद,महानगर वरिष्ठ मंत्री नफीस खान,बब्बन शाह,पवन गुप्ता,जुबैर खान,नदीम मंसूरी,नदीम खान,अभिषेक कश्यप,रीनू,हाशिम शाह,राहुल पटवा, कामरान सिद्दीकी,विकास रामदास, रिजवान, सर्वेश सक्सेना, इमरान खान,असीम, फैजान, आमिर अली मौजूद रहे।

## फिर सक्रिय हुए चोर, एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़ लाखों की चोरी

**निगोही/शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत निगोही में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात चोरों ने नगर के तीन अलग-अलग मकानों को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर लाखों रुपये की नगदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी संजीव शर्मा के घर चोरों ने देर रात धावा बोल दिया। घर का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी समेट ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना निगोही में देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं रामनगर बगिया निवासी प्रेमपाल मौर्य के मकान का ताला तोड़कर भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। प्रेमपाल अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में रहकर मजदूरी करते हैं। पड़ोसियों द्वारा फोन पर सूचना मिलने के बाद वह घर के लिए रवाना हो गए हैं। उनके पहुंचने के बाद ही चोरी हुए सामान का सही आंकलन हो सकेगा। इसके अलावा मोहल्ला गांधीनगर निवासी फूलबाबू के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया।

# जनसुनवाई दिवस पर नगर आयुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं, निर्देश दिए

**शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः दस बजे से दो बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में तीन समस्याएं / शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# बदहाल सड़कें और सीवर समस्या पर भड़के पार्षद, धरने पर बैठे

**शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** शहर में जलभराव, टूटी सड़कों और सीवर लीकेज की बढ़ती समस्याओं को लेकर मंगलवार को नगर निगम परिसर में पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज पार्षद शहीद प्रतिमाओं के पास धरने पर बैठ गए और अधिकारियों पर जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। धरना स्थल पर महापौर अर्चना वर्मा भी पहुंची समस्या को सुना। पार्षदों ने कहा कि नगर निगम बनने के बाद शहर की व्यवस्थाएं बेहतर होने के बजाय और खराब हो गई हैं। जगह-जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई इलाकों में सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं कराया जा रहा। धरने के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। अधूरी परियोजनाओं के कारण जनता में रोष बढ़ रहा है और लोग पार्षदों से जवाब मांग रहे हैं। उनका कहना था कि अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। पार्षदों ने यह भी कहा कि शहर में पानी की टंकियां बनने के बावजूद नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। साथ ही कुछ अधिकारियों के करीबी लोगों पर ठेकेदारी कराने का आरोप लगाते हुए कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए। धरने की सूचना मिलने पर मेयर और नगर आयुक्त मौके पर पहुंचे। उन्होंने पार्षदों से बातचीत कर एक सप्ताह के भीतर प्रमुख समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षदों ने धरना समाप्त कर दिया।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव के महिला विरोधी पोस्टर पर भड़के सपाई

- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग
- माहौल खराब करने की कोशिश की है इसे सपा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी : तनवीर खां

**शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की महानगर शाहजहांपुर में आपत्तिजनक पोस्टर लगाकर उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई मांग को लेकर व जनपद शाहजहांपुर में हो रही भूसे की कालाबाजारी व जमाखोरी के खिलाफ अंकुश लगाने को लेकर महानगर शाहजहांपुर के खिरनी बाग जीआईसी मैदान में सैकड़ो सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर जोरदार प्रदर्शन करने के बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत को सौंपा। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी को महिला आरक्षण विरोधी होने के आपत्तिजनक पोस्टर (बैनर) महानगर शाहजहांपुर में लगाकर सत्ता पक्ष के लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की है इसे समाजवादी पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2023 में सदन में ही महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया था इसलिए समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण विरोधी नहीं है भाजपा सिर्फ झूठ का सहारा लेकर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की छवि धूमिल करना चाहती है जबकि भाजपा ही महिला आरक्षण विरोधी है उन्होंने मांग की है कि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि जनपद शाहजहांपुर में लगातार भूसे की कुछ बड़े लोगों के द्वारा कालाबाजारी व जमाखोरी की जा रही है उन्होंने कहा इस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए जिससे भूसे व दूध की कीमत बढ़ने से रुक सके। इस मौके पर सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया ने कहा इस तरह से अगर दोबारा पोस्टर लगाकर समाजवादी पार्टी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की छवि धूमिल करने का काम करेंगे तो भाजपा सरकार के काले कारनामों को गली-गली पोस्टर लगाकर उजागर करेंगे।

इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवेज अंसारी,सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पुवायां/शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आर. एम. एल. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा रहे। उनके साथ डॉ. सुदीप शुक्ला, डॉ. अभिनव रस्तोगी, डॉ. रोहताश, श्रीमती नंदिनी सक्सेना, मोहन स्वरूप तथा अशोक दीक्षित भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत संजय गुप्ता, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पुवायां द्वारा फूलों से किया गया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. विवेक मिश्रा ने कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों एवं अनेक जानलेवा रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि तंबाकू छोड़ना केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की रक्षा नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज को भी सुरक्षित बनाता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाने का प्रण लिया। इस अवसर पर आर. एम. एल. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी सहित संस्थान के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को तंबाकू का सेवन न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। तंबाकू छोड़ें, जीवन जोड़ें के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## निगोही के युवाओं की अद्भुत भक्ति, पहुंचे खाटू श्याम मंदिर

**निगोही/शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्र के युवाओं ने आस्था और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए बरेली मोड़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर तक करीब 35 किलोमीटर की दौड़ लगाकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। युवाओं की इस भक्तिमय यात्रा को देखकर लोगों ने उनकी भक्ति और उत्साह की सराहना की। मंदिर पहुंचकर युवाओं ने विधि-विधान से बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान निगोही निवासी समाजवादी ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह ने सभी युवाओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# उन्नाव में फल-फूल रहा कच्ची शराब का कारोबार

## बार-बार बरामदगी के बाद भी नहीं रुक रहा अवैध धंधा, आबकारी विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

**उन्नाव, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले में कच्ची शराब का अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। सोहरामऊ, अजगैन, बारासगवर, बिहार, पुरवा और मौरावां क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध शराब का निर्माण और बिक्री खुलेआम हो रही है।

हालत यह है कि पान और परचून की दुकानों तक से कच्ची शराब बेची जा रही है। सूत्रों के अनुसार सोहरामऊ कस्बे समेत कई इलाकों में शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो

रही है। कुसुम्भी, अजगैन, इटकुटी, भौली, जालिमखेड़ा, चमरौली, नानाटिकुर, सोहरामऊ हिम्मतगढ़, आशाखेड़ा , अजुर्नामऊ, रानीपुर जैसे गांवों में यह कारोबार धड़ल्ले से जारी है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिन स्थानों पर आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई का दावा कर रहा है, वहीं बार-बार अवैध शराब की बरामदगी हो रही है। इससे विभागीय कार्रवाई की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। विभाग का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार दबिश देकर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन लोगों में चर्चा है कि इसके बावजूद कच्ची शराब के कारोबार पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही। बार-बार एक ही क्षेत्रों में अवैध शराब मिलना आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

जिले भर में दर्जनों स्थानों पर कच्ची शराब का कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इस पर पूरी तरह अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रहा है। वही मामले को लेकर जब जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र को फोन मिलाया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी।

## उन्नाव में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने लगाई जनचौपाल

**उन्नाव, 26 मई (तरुणमित्र)।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सतेंद्र बारी ने जनपद उन्नाव में विशाल जनचौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनचौपाल में दूर-दराज से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, राजस्व, पुलिस एवं अन्य प्रशासनिक समस्याएं सदस्य के समक्ष रखीं, जिनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए।इस अवसर पर सतेंद्र बारी ने कहा कि जनता की पीड़ा ही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और हर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का कोई भी गरीब, पिछड़ा और शोषित व्यक्ति स्वयं को अकेला न समझे, इसके लिए लगातार जनसंपर्क कार्यालयों और जनचौपालों के माध्यम से लोगों तक पहुंचा जा रहा है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी कार्यक्रम में जिलाधिकारी, तहसीलदार, थाना अध्यक्ष सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पिथनापुर मुख्य मार्ग पर व्यक्ति को मारी गोली, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तिलहर/शाहजहांपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात एक व्यक्ति को गोली मारने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में पहले तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार ग्राम बौरी थाना मदनापुर निवासी विमल पुत्र सुल्तान सोमवार रात करीब 9 बजे बरखेड़ा से बंधीचक की ओर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह पिथनापुर मार्ग पर पहुंचा, वहां पहले से खड़े वीरेंद्र पुत्र भैयालाल, पवनेश पुत्र किशनू निवासी ग्राम बंधीचक तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोक लिया। पीड़ित विमल के मुताबिक आरोपियों ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान वीरेंद्र ने जान से मारने की नीयत से गोली मार दी जिससे गोली विमल के दाहिने पैर में जा लगी। गोली लगते ही वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को एंबुलेंस की सहायता से तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# 35 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराने पर विधायक पंकज गुप्ता सम्मानित

**उन्नाव, 26 मई (तरुणमित्र)।** श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के माध्यम से अब तक 35 हजार श्रद्धालुओं को निजी संसाधनों एवं व्यवस्थाओं से अयोध्या धाम की यात्रा कराने वाले सदर विधायक पंकज गुप्ता को अयोध्या से आए संत-महात्माओं एवं उन्नाव के पुरोहित आचार्यों द्वारा सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

शहर के मोती नगर स्थित सिद्धराम भक्त हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या धाम से पधारे महंत सीताराम दास महाराज (साकेत भवन), महंत देवेश दास महाराज (जानकी निवास), महंत अवधराम दास महाराज (सुरसर मंदिर), महंत आचार्य सुधीर दास महाराज (श्रीराम निवास) एवं महंत लक्ष्मण दास (किशोरी कृपा कुंज) की अगुवाई में बड़ी संख्या में संत-महात्माओं ने भाग लिया।महंत सीताराम दास महाराज ने कहा कि अयोध्या में जब उन्नाव से आने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे दिखाई देते हैं तो विधायक पंकज गुप्ता के प्रति विशेष सम्मान और उल्लास उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा के बिना ऐसा सेवा कार्य संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि उन्नाव की गूंज अब अयोध्या की गलियों तक पहुंच चुकी है और जहां भी श्रद्धालुओं का जत्था दिखता है, लोग कहते हैं कि उन्नाव वाले विधायक जी की यात्रा आ गई। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि इस तीर्थाटन यात्रा की प्रेरणा उन्हें प्रभु श्रीराम से मिली है और उन्हीं की कृपा से यह कार्य सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं को केवल माध्यम मानते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यों द्वारा शंखनाद के साथ किया गया। इसके बाद पुरोहित आचार्यों ने विधायक पंकज गुप्ता को फरसा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके दीघार्यु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक एवं संपर्क प्रमुख गंगा सिंह ने भी श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा की सराहना की। इस अवसर पर विधायक ने सभी आचार्यों को पटका पहनाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन देर रात तक चलता रहा।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में डीएम सख्त

## सरोसी ब्लॉक की खराब प्रगति पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोका

**उन्नाव, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार आयुष्मान योजना की समीक्षा करते हुए विकास खंड सरोसी की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सरोसी का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने टीवी मुक्त ग्राम पंचायतों की प्रगति की जानकारी ली। अपेक्षित प्रगति न मिलने पर उन्होंने अभियान चलाकर सर्वे कराने और शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों को टीवी मुक्त बनाने के निर्देश दिए।

टीकाकरण में लापरवाही पर जताई नाराजगी जिलाधिकारी ने एमआर-1, एमआर-2, डीपीटी-5 और मीजल्स-रूबेला

कवरेज की समीक्षा करते हुए सभी एमओआईसी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर टीम भेजकर कार्य किया जाए और संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाया जाए। बच्चों के टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए गए। आशा और संगिनी का वेतन लंबित न रहे डीएम ने कहा कि किसी भी एमओआईसी स्तर पर आशा और संगिनी का वेतन लंबित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संचारी रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, मोतियाबिंद ऑपरेशन, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति, जांच सुविधाओं और साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.आर. सिंह, डॉ. एच.एन. सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, एमओआईसी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–गोण्डा

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस

पत्रांक 477 / ग्रा0अ0वि0 / ई–निविदा / निर्माण / 2026–27 दिनांक 19.05.2026

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जीएसटी छोडकर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2025–26 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र–तरबगंज। | | | | |
| 01 | गोण्डा | विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम पंचायत शोभापुर में प्राथमिक विद्यालय तिराहे पर 01 अदद 16 मी0 पोल पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य। | 4.20 | 0.24 | 300+500+GST | चार माह |
| 02 | गोण्डा | विकास खण्ड तरगंज के ग्राम पंचायत रानीपुर के मिश्रनपुरवा में नवनिर्मित दुर्गा मन्दिर पर 01 अदद 16 मी0 पोल पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य। | 4.20 | 0.13 | 300+500+GST | चार माह |
| 03 | गोण्डा | विकास खण्ड वजीरगंज के ग्राम पंचायत डल्लापुर में गोसाईपुरवा में मनोज के घर के पास 01 अदद 16 मी0 पोल पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य। | 4.20 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 10.06.2026 से 18.06.2026 तक।
3. ई–निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय–18.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय–18.06.2026 को अपरान्हन् 12.30 बजे।
5. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–गोण्डा

U.P. 251724 dt. 25/05/2026 विज्ञापन
वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# रामनगर में सियासी त्रिकोण: विकास का ढोल, नाराजगी का शोर, भीतरघात का जोर

- बुजुर्ग विधायक फरीद किदवई का गांव-गांव में विकास का डंका
- भाजपा एमएलसी अंगद कुमार सिंह से बीडीसी व ग्राम प्रधानों का छलका दर्द

**बाराबंकी, 26 मई (तरुणमित्र)।** राजनीतिक गलियारों में चुनावी हलचल की गर्माहट अब धीरे-धीरे तेज होने लगी है। पक्ष हो या विपक्ष हर तरफ अपने-अपने विकास की बात करते नजर आ रही है। वही विधानसभा 267 में चुनाव की आहट से पहले ही रामनगर में सियासी बिसात बिछ गई है। यहां विकास, नाराजगी और भीतरघात का त्रिकोण बन गया है। छह बार के सपा विधायक की सक्रियता, भाजपा एमएलसी से बीडीसी और ग्राम प्रधानों की नाराजगी और सपा के अंदर चल रही रार ने 2027 का समीकरण उलझा दिया है।

83 साल के सपा विधायक फरीद महफूज किदवई उम्र के इस पड़ाव में भी बाराबंकी की सभी विधानसभाओं में विकास की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। खुद चल-फिर न पाएं तो क्या, उनके प्रतिनिधि लल्लन वर्मा दिन रात क्षेत्र नाप रहे हैं। लल्लन वर्मा का दावा है कि बाराबंकी की 6 विधानसभाओं में रामनगर अव्वल है। यहां कोई गांव-चौराहा नहीं बचा जहां सोलर लाइट न लगी हो। धार्मिक स्थल, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा और पुलिया निर्माण से कीचड़ वाले रास्ते इतिहास बन गए हैं। ग्रामीण कहते हैं, विधायक जी का छह बार का तजुर्बा काम आ रहा है।दूसरे मोर्चे पर भाजपा एमएलसी अंगद सिंह घिरे नजर आ रहे हैं।

दर्जनों ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने नाम न छापने की शर्त पर आरोप जड़ा कि एमएलसी और उनके प्रतिनिधि फोन तक नहीं उठाते। विकास के प्रस्ताव धूल फांक रहे हैं। सपा प्रतिनिधि लल्लन वर्मा का वायरल वीडियो आग में घी का काम कर रहा है।

वीडियो में उन्होंने कहा था कि जनता जानती है कि अंगद सिंह ने कितनी लाइटें लगवाईं और उनके पिता का भी नाम लिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा उर्फ भुल्लन ने पलटवार करते हुए कहा कि ये आरोप बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित हैं। तीसरा और सबसे खतरनाक मोर्चा सपा के अंदर खुल गया है। संगठन के एक धड़े ने विधायक फरीद किदवई और प्रतिनिधि लल्लन वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि संगठन में पुराने कार्यकताओं की अनदेखी हो रही है। नाराज नेताओं ने सीधे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से दखल देने की मांग कर दी है। उनका कहना है कि समय रहते भीतरघात नहीं रुका तो 2027 में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उधर विधायक खेमा इसे कुर्सी की लड़ाई बता रहा है। उनका कहना है कि काम बोल रहा है, इसलिए विरोधी बौखलाए हैं। रामनगर में सपा विधायक विकास के दम पर दुबारा जीत का सपना देख रहे है।भाजपा जनप्रतिनिधियों की नाराजगी से जूझ रही है, और सपा खुद अपनों की बगावत से परेशान है।

# पेपर लीक के सवाल को लेकर भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**बस्ती , 26 मई (तरुणमित्र)।** **सोमवार को नीट पेपर लीक प्रक**रण की निष्पक्ष जाँच, जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शी सुधार की मांग को लेकर भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमर जीत आर्य और भारतीय विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सोनी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन देने के बाद अमर जीत आर्य और सोनी ने कहा कि नीट सहित अनेक परीक्षाओं में कथित पेपर लीक प्रकरण पर तत्काल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई की जाय।

कहा कि यह मामला केवल एक परीक्षा की अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता तथा सामाजिक न्याय एवं समान अवसर के प्रश्न से जुड़ा हुआ है। भारतीय विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष नीलू निगम, भारत मुक्ति मोर्चा महिला विंग जिला अध्यक्ष सरिता भारती ने कहा कि एनटीए की ओर से जितनी परीक्षाएं कराई जा रहीं हैं उन सभी परीक्षाओं में धांधली साफ दिखाई नजर आ रही है। पहले नीट और अब नेट मामला सामने आना एनटीए को सवालों के घेरे में खड़ा करता है। कहा कि नीट और यूजीसी नेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में धांधली होना सिस्टम फेल होने को दशार्ता है। उन्होंने पारदर्शी परीक्षा करवाने के तत्काल एनटीए को भंग करने की मांग की।

कहा कि छात्रों ने नीट और यूजीसी नेट की परीक्षा को लेकर तैयारियां की थी। लेकिन पेपर लीक होने के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। मांग किया कि परीक्षाओं के नाम पर छात्रों के भविष्य के साथ धोखा बंद हो। कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री खामोश है और छात्रों द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटनाओं पर जिम्मेदार मौन है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# जनगणना-2027: डीएम ने की जिले में प्रगति की समीक्षा, कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अम्बेडकरनगर , 26 मई (तरुणमित्र)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 26 मई 2026 को अपराह्न में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, समस्त उप जिला जनगणना अधिकारी/उप जिलाधिकारी, जनगणना निदेशालय से जनपद हेतु आए जिला प्रभारी, चार्ज अधिकारी/तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना-2027 का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिनांक 26 मई 2026 से प्रत्येक प्रगणक द्वारा अपने आवंटित क्षेत्र में तेजी से कार्य प्रारंभ कर दिया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने समस्त उप जिला जनगणना अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, समस्त सुपरवाइजरों के साथ उनके प्रगणक द्वारा किए गए कार्यों की नियमित समीक्षा करें। साथ ही सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन प्रत्येक प्रगणक की प्रगति की समीक्षा करते हुए उच्चाधिकारियों को अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं।

# भाजपा नेत्री अल्का मिश्रा ने अमलोरा में भंडारे का किया शुभारंभ

- चौथे बड़े मंगल पर रामनगर क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे
- छोला-पूड़ी, छोला-चावल व बूंदी का प्रसाद वितरण

**रामनगर/बाराबंकी, 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर रानीबाजार, महादेवा, अमलोरा सहित जगह-जगह हुए भंडारे के आयोजन जिसमें छोला पूड़ी और बूंदी का प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार को हनुमान जी के जयकारों के बीच सुबह से ही मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर भंडारे शुरू हो गए। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद कतार में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में स्थानीय व्यापारियों व युवाओं ने बढ़-चढ़कर सेवा की। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह

के मंगलवार को हनुमान जी की आराधना व भंडारे से सभी कष्ट दूर होते हैं। पूरे दिन ₹बजरंग बली की जय₹ से क्षेत्र भक्तिमय रहा। अमलोरा में पुरुषोत्तम वर्मा द्वारा कराये गये भंडारे का शुभारंभ भाजपा नेत्री अलका मिश्रा क्षेत्रीय कार्य समिति महिला मोर्चा (अवध क्षेत्र) ने किया। इस अवसर पर रीशू सिंह, उदित नारायन, लल्ला वर्मा, विजय मिश्रा, हंसराज वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा रमेश पाल, रामविलाश प्रजापति, राकेश गौतम, दिनेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, राजेश, अर्जुन, मिथलेश वर्मा, मुलायम, राममनोरथ, कुंदन, बबलू आदि तमाम ग्रामवासी व भक्त उपस्थित रहे। मलिहामऊ स्थित बने मंदिर पर ग्राम प्रधान सिरौलीकला श्रीकांत शुक्ला द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अनिल शुक्ला, भोला चौधरी, रामचंद्र वर्मा, पुतान चौधरी बरगदिया, एडवोकेट रवि शुक्ला, संतोष शुक्ला, राजू शुक्ला सहित तमाम ग्राम प्रधान व ग्रामवासी लोग उपस्थित रहे।

रानीबाजार में राकेश ट्रेडर्स द्वारा भंडारा कराया गया। इस अवसर पर पिंटू वर्मा, पूर्व प्रधान अमर सिंह, विनोद वर्मा, डब्बू शर्मा, पंकज शर्मा सहित तमाम समाजसेवी व व्यापारी उपस्थित रहे।

# भण्डारे के साथ आदर्श नगर पंचायत गनेशपुर कार्यालय का उद्घाटन

**बस्ती , 26 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार को आदर्श नगर पंचायत गनेशपुर की अध्यक्ष सोनमती चौधरी ने विधि विधान से श्री हनुमान जी की पूजा और भण्डारे के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया। कहा कि नव निर्मित कार्यालय के बन जाने से कार्य में सुविधा रहेगी। चरणबद्ध ढंग से आदर्श नगर पंचायत गनेशपुर में विकास कार्य पूरे कराये जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ सभासद और अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की देख रेख में विकास के जो कार्य कराये जा रहे हैं उससे क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को गति मिली कहा कि शासन स्तर पर स्वीकृत योजनाओं को पूरा कराकर विकास के नये आयाम विकसित किये गये हैं। गनेशपुर नगर पंचायत के नागरिकों को अब बेहतर सुविधायें प्राप्त हो रही है। कहा कि विकास एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। जनता को बेहतर सुविधा मिले यह हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिये।अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुये बताया कि नगर पंचायत में विकास के अनेक कार्य पूर्ण कराये जा रहे हैं और यह क्रम निरन्तर जारी है। आदर्श नगर पंचायत गनेशपुर के नव निर्मित कार्यालय के उद्घाटन और भण्डारा अवसर पर

मुख्य रूप से सभासद रेशमा देवी, निर्मला देवी, अंकित कुमार, ब्रम्हाप्रसाद, मो. फरहान, इन्द्रजीत यादव, मो. फारूख, सुमन, गणेश कुमार, शिवनरायन चौधरी, दुर्गेश सोनकर, पूजा, सुनीता देवी, मधु श्रीवास्तव, मो. मुख्तार, दुर्गेश चौबे, प्रकाश निषाद, अरूण सोनकर के साथ ही उमेश तिवारी, अरविन्द श्रीवास्तव, अर्जुन चौधरी, आशीष चौधरी, परशुराम साहनी, राकेश पाण्डेय, पप्पू उपाध्याय, विनोद बाबा, रामभवन वर्मा, राधे चौधरी, डिम्पल यादव, नरेन्द्र चौधरी, अर्जुन यादव, बालमुकुन्द मिश्र, घनश्याम उपाध्याय, कृपाशंकर उपाध्याय, राजन पाण्डेय, अभिषेक चौधरी, राम बहादुर वर्मा, लालचंद चौधरी, प्रभाकर मिश्र, रामदीन उपाध्याय, शिवपूजन मिश्र, केदारनाथ दूबे, गजेन्द्र चौधरी, सैम, मनीष, महेन्द्र, फूलचन्द, दुर्गा प्रसाद चौधरी, मो. आरिफ, रिंकू, विकास, सुरेन्द्र, सोनू सिंह, पृथ्वी सिंह के साथ ही नगर पंचायत गनेशपुर के कर्मचारी और स्थानीय नागरिक, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वामा सारथी समर कैम्प का आयोजन

**बस्ती, 26 मई (तरुणमित्र)।** वामा सारथी अध्यक्षा बस्ती पत्नी पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) द्वारा बच्चों में अनुशासन एवं टीम भावना जागृत करने हेतु वामा सारथी समर कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में शारीरिक एवं खेलकूद एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा का कौशल सिखाने के लिए जुडो कराटे या मार्शल आर्टस की टेनिंग व सुबह के समय एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग एवं प्राणायाम कराया गया । क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बस्ती, प्रभारी वामा सारथी मय टीम एवं पुलिस परिवार के लोग उपस्थित रहे ।

### पुलिस कार्यालय में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**सीतापुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार के अवसर पर पुलिस कार्यालय परिसर में भव्य पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा भगवान बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती कर किया गया।इस आध्यात्मिक आयोजन में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के साथ जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों एवं बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारियों ने सहभागिता की। पूजन के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं कार्यालय आने वाले आगंतुकों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया।

### भिलवल बाजार में भक्ति व सेवा का महाकुंभ, विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**हैदरगढ़/बाराबंकी, 26 मई (तरुणमित्र)।** त्रिवेदीगंज क्षेत्र के भिलवल बाजार में मंगलवार को भक्ति, सेवा और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। भाजपा नेता अम्बर शरण जायसवाल सहयोगी भाजपा नेता सुशील पटेल लंबरदार द्वारा आयोजित विशाल भंडारे की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ धूमधाम से हुई। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। आयोजकों के अनुसार हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक दिनेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत , एससी एसटी अयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस अवसर पर, भाजपा नेता उत्तम वर्मा, अशोक द्विवेदी*, प्रधान राजेश वर्मा, विवेक वर्मा, सपा नेता धर्मेंद्र वर्मा, प्रधान राकेश वर्मा,प्रधान तारा चंद्र वर्मा रिंकू पाल,समेत क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। भिलवल बाजार पूरे दिन भजन-कीर्तन और सेवा भाव के रंग में रंगा रहा। सुशील पटेल लंबरदार ने कहा कि समाज सेवा और जनकल्याण ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। स्थानीय लोगों ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भिलवल में इस स्तर का भंडारा कोई कर नहीं पाता।कर साल सेठ जी ही ऐसे कार्यक्रम कराते है,व्यवस्था, सुरक्षा और प्रसाद वितरण की सुचारु व्यवस्था के लिए आयोजकों की सराहना की गई।

# टीबी व कैंसर जैसी बीमारियों को आमंत्रित करता है तम्बाकू का सेवन

**अम्बेडकर नगर , 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले में मंगलवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के साप्ताहिक कार्ययोजना के अंतर्गत सेमीनार का आयोजन राजकीय मेडिकल कॉलेज में किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुकेश यादव प्रधानाचार्य द्वारा की गयी। डॉ मुकेश यादव ने बताया कि तम्बाकू, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से टीबी, कैंसर सहित तमाम बीमारियाँ होती है,इनके सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बेहद कमजोर पड़ जाती है।डॉ उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीमॅ ₹आकर्षण का पदार्फाश करनाः तंबाकू और निकोटीन की लत का मुकाबला करना₹ है। दिलीप

कुमार पांडेय ने बताया कि विश्व में तंबाकू के सेवन से लाखों लोगों की मौत हो रही है। विश्व में तंबाकू (बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि) के सेवन से मृत्यु को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में दुनियाभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की घोषणा की थी। हालांकि पहली बार यह दिन 7 अप्रैल को मनाया गया था। लेकिन उसके बाद 31 मई 1988 को इसका प्रस्ताव पास हुआ उसके बाद 31 मई को हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाना लगा। डॉ अभिषेक पांडे ने मुख स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभावों को बताया कि मुंह का कम खुलना,जलन होना शुरूआती लक्षण है इसकी लगातार समस्या बनी रहना कैंसर होने का कारण बनता है। डॉ मुकुल सक्सेना ने बताया कि तंबाकू,सिगरेट या अन्य कोई भी इस तरह के उत्पाद का सेवन टीबी और फेफड़ों की बीमारियों को न्योता देता है। कार्यक्रम में डॉ शिवरतन,डॉ ऋचा मिश्रा,डॉ सर्वेश कुमार,डॉ संदीप शर्मा,डॉ दीपक मौर्य वंदना यादव संदीप,शिवांगी,विवेक आदि के उपस्थित रहे ।

# जिला पंचायत राज अधिकारी का औचक निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत रसूलपुर मुबारकपुर में तैनात सफाई कर्मी मोहम्मद अहमद को अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने का दोषी पाया गया। इसके बाद उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने आज ग्राम पंचायत रसूलपुर मुबारकपुर में स्थित ग्रामीण सचिवालय की औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में विगत कई दिनों से साफ सफाई न होने के कारण पर्याप्त गंदगी पाई गई। कूड़ा-कचरा इधर-उधर बिखरा हुआ था और सफाई का कोई प्रयास नजर नहीं आ रहा था। इस गंभीर लापरवाही पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोहम्मद अहमद को निलंबित कर दिया। निलंबन आदेश में सफाई कर्मी पर पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किया जाना का स्पष्ट आरोप लगाया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था बनाए रखना सभी सफाई कर्मियों का प्राथमिक दायित्व है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने जिला सहकारी फेडरेशन का किया निरीक्षण

**सीतापुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने जिला सहकारी फेडरेशन शाह महोली विकास खण्ड परसेण्डी में रामचन्द्र मिश्रा की दुकान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित किसानों की समस्याओं के बारे में जाना। जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारी से स्टॉक की जांच कराते हुये अभी तक वितरित की गयी खाद्य एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। दुकानदार रामचन्द्र मिश्रा द्वारा कार्यों में लापरवाही एवं अधिक समय किसानों का लाइन में खड़े रखने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोके जाने एवं एआर कोऑपरेटिव राजेन्द्र कुमार को सही ढंग से मनीटरिंग न किये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये।इसके पश्चात वर्मा कृषि सेवा केन्द्र, महोली रोड, विकास खण्ड हरगांव में दुकानदार राहुल वर्मा की दुकान पहुंचकर फर्टिलाजर के लाइसेंस का अवलोकन करते हुये लाइसेंस सामने प्रदर्शित न किये जाने पर जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि दुकानदार राहुल वर्मा के विरूद्ध नोटिस जारी की जाये। जिलाधिकारी द्वारा वितरण एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी ने वितरित की गयी खाद्य के संबंध में किसान से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की एवं किसान से फीडबैक लेते हुये निर्धारित शुल्क के अलावा अतिरिक्त शुल्क तो नहीं लिया गया है, के बारे में भी जाना।निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार, उप कृषि निदेशक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुदामा और श्री कृष्णा की मित्रता एक मिसाल

**सीतापुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** ब्लाक पिसावा के ग्राम सैतियापुर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास जितेंद्र कृष्णा ने सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन श्रोताओं को श्रवण कराया।उन्होंने कहा कि सुदामा गरीब अवश्य थे मगर उनका मन धनवान था उन्होंने अपने सुख दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था कथा को विस्तार में ले जाते हुए उन्होंने कहा कि सुदामा जब श्री कृष्ण भगवान से मिलने गए तो भगवान ने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे उन्हें गले से लगा लिया यह है सच्ची मित्रता मित्रता ऐसी ही होनी चाहिए तभी हमारा और आपका कल्याण संभव है।फूलों की होली के साथ कथा का समापन किया गया। इस दौरान पंडाल में काफी भीड़ नजर आई।

# बालिका विद्यालयों का आधी रात बीएसए ने किया निरीक्षण

**बाराबंकी, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का देर रात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने निरीक्षण किया। इस दौरान तीन विद्यालयों में कुल पांच शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाई गईं, जिनका मानदेय रोकते हुए बीएसए ने स्पष्टीकरण तलब किया है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, मीनू के अनुसार खान-पान, साफ-सफाई, बालिकाओं को दी जाने वाली आवश्यक सामग्री, छात्राओं की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों का गहनता से जायजा लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने सोमवार की देर शाम जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) पुनीत मणि त्रिपाठी, जिला व्यायाम शिक्षिका ऋतु पाठक और निधि गौतम के साथ क्रमशः केजीबीवी मसौली, बंकी और देवा का औचक निरीक्षण किया। टीम ने छात्रावास में रह रहीं छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यालय को मिलने वाली सुविधाओं, पढ़ाई के स्तर, नाश्ते में दूध व फल की उपलब्धता और मीनू के अनुसार भोजन मिलने की जानकारी ली।

छात्राओं ने संतोषजनक उत्तर देते हुए सभी सुविधाएं मिलने की बात कही। इस पर बीएसए ने बालिकाओं को नियमित अध्ययन करने और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अधिकारियों ने रसोईघर, भोजनालय, शौचालय और छात्रावास के कमरों का भी बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान केजीबीवी मसौली में शिक्षिका ज्योति निगम अनुपस्थित मिलीं। वहीं, बंकी में रात्रि काल के दौरान पूर्णकालिक शिक्षिका उत्कर्षा रस्तोगी व सविता उपाध्याय और देवा में शिवानी शुक्ला व नीलम तिवारी ड्यूटी से नदारद पाई गईं। लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उक्त सभी अनुपस्थित शिक्षिकाओं का संबंधित दिवस का मानदेय अवरुद्ध करने के निर्देश दिए और स्पष्टीकरण मांगा है।

बीएसए ने सभी वार्डन और शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि छात्राओं की सुरक्षा, स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक और आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए।

# कलेक्ट्रेट सभागार मे हुई पीस कमेटी की बैठक

**सीतापुर , 26 मई (तरुणमित्र)।** आगामी बकरीद पर्व को सकुशल,शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि बकरीद का पर्व जनपद में परंपरागत रूप से आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाया जाता रहा है तथा इस वर्ष भी सभी लोग आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा प्रारम्भ न की जाए। पर्व के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी ईदगाहों, मस्जिदों एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए तथा चूना आदि का छिड़काव कराया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सा विभाग को आवश्यक दवाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किये गये। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्व के दौरान संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। तथा लगातार भ्रमण एवं गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा कहा गया कि कुबार्नी केवल निर्धारित एवं परंपरागत स्थलों पर ही की जाए तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

# 2500 महिलाओं ने एक साथ श्रीराम जी का सोहर गाकर रचा इतिहास

**बस्ती, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनपद बस्ती ने रविवार को इतिहास रचते हुए पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। नक्सल मुक्त भारत के उपलक्ष्य में पहल संस्था द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में करीब 2500 महिलाओं ने एक साथ भगवान श्रीराम का पारंपरिक सोहर गाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पूरे जिले में उत्साह, गर्व और खुशी का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में पारंपरिक लोक संस्कृति, सनातन परंपरा और महिला शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं ने एक स्वर में श्रीराम जन्मोत्सव से जुड़े पारंपरिक सोहर गीत गाए, जिससे पूरा आयोजन स्थल भक्तिमय वातावरण में डूब गया। महिलाओं के सामूहिक स्वर और लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने देश को नक्सलवाद से मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि देश में शांति, सुरक्षा और विकास का नया वातावरण बना है तथा नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या पर नियंत्रण से देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। पहल संस्था के संस्थापक एवं समाजसेवी मनीष मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद वर्षों से देश के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ था, लेकिन सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावी रणनीति के चलते देश अब नक्सलवाद मुक्त भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बस्ती की महिलाओं ने सामूहिक सोहर गान के माध्यम से यह संदेश दिया है कि महिलाएं अब समाज और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर महिलाएं ही विकसित समाज की आधारशिला होती हैं और बस्ती की महिलाएं जिले को उत्तर प्रदेश का प्रथम विकसित जनपद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के दौरान आयोजन स्थल पर मौजूद हजारों लोगों ने महिलाओं का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया।

पूरे कार्यक्रम में लोक संस्कृति और भारतीय परंपरा की भव्य झलक देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में मंच

# राजकीय निर्माण निगम का जेई व चालक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मेरठ, 26 मई (तरुणमित्र)।** मेरठ में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजकीय निर्माण निगम के एक जूनियर इंजीनियर और उसके चालक को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि निर्माण कार्य का बिल पारित कराने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। मामले में दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जिसमें यूनिट इंचार्ज प्रत्यूष सिंह का ड्राइवर नीरज भी शामिल है।

सत्येंद्र सिंह तोमर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम में ठेकेदारी करते हैं। लंबे समय से उनका पेमेंट विभाग में अटका हुआ है। उन्होंने विभाग में काफी प्रयास किया लेकिन भुगतान नहीं हो पाया।

संपर्क किया तो पता चला की विभाग के खए के द्वारा यह पेमेंट रुकवाया जा रहा है। सत्येंद्र ने खए योगेंद्र कुमार से संपर्क किया तो योगेंद्र ने बिल पास कराने की एवज में एक लाख रुपए की मांग कर दी। पिछले काफी समय से सत्येंद्र सिंह तोमर पर रिश्वत देने का दबाव बनाया जा रहा था। सत्येंद्र ने परेशान होकर एंटी करप्शन में शिकायत कर दी।

लिखित शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ने ट्रैप की प्रक्रिया शुरू कर दी। एंटी करप्शन टीम ने सत्येंद्र को केमिकल लगे एक लाख रूपए देकर विभाग में भेज दिया।

**ड्राइवर की मदद से ले रहा था रिश्वत**

मंगलवार सुबह सत्येंद्र ने खए योगेंद्र कुमार से संपर्क किया तो उन्हें विभाग में बुला लिया गया। सत्येंद्र एंटी करप्शन टीम द्वारा दिए गए 1 लाख रूपए लेकर पहुंच गया। कार्यालय परिसर में पहुंचकर फोन किया तो खए ने इस यूनिट के इंचार्ज प्रत्यूष सिंह के ड्राइवर नीरज को रकम लेने के लिए भेजा। जैसे ही नीरज ने रकम पकड़ी एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया।

नीरज को लेकर एंटी करप्शन टीम विभाग में मौजूद योगेंद्र को दबोचने पहुंची तो वह भागने का प्रयास करने लगा लेकिन कुछ दूरी पर ही दबोच लिया गया। सत्येंद्र सिंह तोमर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम में ठेकेदार हैं। उनकी चौधरी एसोसिएट नाम की फर्म है। वर्ष 2020 में सत्येंद्र की फर्म को बागपत स्थित राजा मिहिर भोज डिग्री कॉलेज बेगमाबाद पाबला का ठेका मिला। वर्ष 2023 में काम पूरा हो गया। सतेंदर की मानें तो काम पूरा होने के बाद उन्होंने भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी।

सत्येंद्र का आरोप है कि बिल देने के बावजूद उनको पेमेंट नहीं किया गया। कहा बजट खत्म हो गया है, जैसे ही आएगा भुगतान करा देंगे। सत्येंद्र तोमर का कहना है कि जिस बजट का जिक्र विभाग करता था वह भी आ गया लेकिन विभाग ने बिल तैयार नहीं किए। भुगतान का समय आया तो वह बिल निकालकर अलग रख दिए। सात लाख के बिल थे, जिसकी जीएसटी वह जमा कर चुके थे।

# एडीएम ने जनगणना सेल का औचक निरीक्षण किया

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** दिनांक 26 मई 2026 को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह द्वारा नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर में जनगणना सेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्यों की प्रगति, अभिलेखों के रख-रखाव, कार्मिकों की उपस्थिति तथा कार्य संचालन व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय यह तथ्य संज्ञान में आया कि जनगणना कार्य हेतु नामित किए गए कर्मचारी अब तक अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए हैं तथा संबंधित कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। इस स्थिति पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा असंतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जनगणना कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा सभी नामित कार्मिकों का समयबद्ध रूप से ड्यूटी ज्वाइन करना अनिवार्य है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन कर्मचारियों द्वारा अब तक जनगणना ड्यूटी ज्वाइन नहीं की गई है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही अनुपस्थित कार्मिकों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जनगणना सेल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि जनगणना कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नगर श्रीमती प्रज्ञा सिंह, जिला प्रभारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश गौरव गुंजन तथा संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का निस्तारण करें: अपर नगरायुक्त

**सहारनपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जनसुनवाई में आज आयी सात समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया गया। जबकि बाकि समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड 52 लिंक रोड निवासी डॉ. स्वर्णजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उनके घर से दूर रखा कूडे. का कंटेनर कई वर्षो से उके घर बहुत दूर रखा था जिसे गत दिवस उठाकर उनके गेट के सामने रख दिया गया। इस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने तुरंत क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व अन्य

अधिकारियों को निर्देश देकर उक्त कंटेनर उनके गेट के सामने से हटवाते हुए समस्या का समाधान करा दिया। वार्ड 23 लोहानी सराय निवासी विशाल ने लोहानी सराय में सरकारी लीज की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त ने प्रभारी प्रवर्तन दल को स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या साउथ सिटी निवासी दीपक गोयल ने साउथ सिटी में जंगली झाड़ियों एवं नालियों की सफाई कराने, वार्ड 13 चकहरेटी निवासी हरीश कुमार ने एलईडी लाइट ठीक कराने, वार्ड 8 बेहट रोड गोपालपुर निवासी प्रदीप कुमार ने खराब हैंडपम्प ठीक कराने तथा वार्ड 2 पवन विहार मल्हीपुर रोड निवासी कुलवीर ने उसके घर के बाहर अवरोधित सीवर लाइन खोलने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 24 गोविंद नगर निवासी राजन ने भी माता पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की फाइल में लगे दस्तावेजों की छाया प्रति उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एआरटीओ, ट्रैफिक व थाना पुलिस की चेकिंग में सामने आया खनन विभाग का बड़ा खेल

❑ रोड़ी बजरपुर आदि के ओवरलोड व बिना नम्बर प्लेट के 12 ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली हुए सीज

**मुजफ्फरनगर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले में खनन अधिकारी के संरक्षण में अवैध खनन का कारोबार जोरों पर चल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश भी खनन अधिकारी के लिए कोई मायने नहीं रखते, क्योंकि चांदी के जूते की चमक में खनन अधिकारी आँखे बन्द किये रहते हैं। सौ पचास ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली अवैध खनन से भरे रोज सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं लेकिन खनन अधिकारी के लिए ये रोज का एक खेल है। आज जब जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सख्ती दिखाते हुए सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन को आदेश दिए तब इन्होंने ट्रैफिक पुलिस व थाना पुलिस को साथ लेकर थाना छपार के टोल प्लाजा पर ट्रकों व ट्रैक्टर ट्रालियों की चेकिंग की तो वहाँ पर 12 वाहन पकड़ में आये। इनमें बिना नम्बर प्लेट, ओवर लोड व बिना परमिशन के अवैध खनन का माल पकड़ा गया। ये जानकारी सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्र ने मीडिया को दी।

परिवहन विभाग ने पकड़ी गयी गाड़ियों पर 857000 का जुर्माना लगाया है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्र ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही समय समय पर की जाती रहेगी।

## साध्वी दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच की जैन समाज ने उठाई मांग

**एटा, 26 मई (तरुणमित्र)।** श्री दिगम्बर जैन पद्मावती पुरवाल पंचायत संगठन एवं सकल दिगम्बर जैन समाज ने जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी के नाम उपजिलाधिकारी राजकुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपा। समाज ने हाल ही में मध्य प्रदेश के सागर क्षेत्र में जैन साध्वी माताजी के साथ हुई कथित सड़क दुर्घटना की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर ह्लसंत सुरक्षा नीतिह्व लागू करने की भी अपील की गई है।ज्ञापन में कहा गया कि 20 मई 2026 को हुई घटना में एक तेज रफ्तार वाहन ने साध्वी माताजी को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद चालक फरार हो गया। समाज ने इसे सामान्य दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए गंभीर और संवेदनशील मामला बताया है। उन्होंने एफएसएल या न्यायिक जांच कराने, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

जैन समाज ने प्रशासन से 'संत सुरक्षा प्रोटोकॉल' लागू करने, विहार मार्गों पर पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। साथ ही 'राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति' एवं सुरक्षा एसओपी बनाए जाने की आवश्यकता जताई गई। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री एवं एसएसपी को भी भेजी गई है।

## पुलिस के हत्थे चढ़े तीन वारंटी आरोपी

**सहारनपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** कोतवाली बेहट पुलिस ने तीन वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बेहट कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दीक्षित, उपनिरीक्षक महेश चंद व उपनिरीक्षक अरविंद तोमर के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान तीन वारंटी आरोपियों परवेज पुत्र जरीन निवासी ग्राम पथरवा, छोटा उर्फ वाजिद पुत्र इकबाल उर्फ बालू निवासी जसमौर व राजेश पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बाबैल थाना बेहट को उनके मकानों से गिरफ्तार कर लिया।

# जिनिअ ने किया सील्ड गोदाम का निरीक्षण

**सहारनपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये। अवगत कराना है कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखरखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा ही श्रेष्ठ कार्य : महापौर

**सहारनपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** महापौर डा.अजय कुमार सिंह ने आज लोक कल्याण समिति द्वारा संचालित प्रभुजी की रसोई में पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से जरूरतमंदों, असहाय लोगों को भोजन वितरित किया। इस अवसर पर उनके पुत्र अक्षत सिंह भी उनके साथ मौजूदद रहे। महापौर डा. अजय कुमार ने कहा कि गरीबों, निसहायों को भोजन की सेवा करना श्रेष्ठ कार्य है। उन्होंने प्रभु जी की रसोई के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रभुजी की रसोई पिछले नौ वर्षों से प्रतिदिन जरूरतमंदों, निसहायों को भोजन वितरित कर रही है। ये हम सबके लिए सेवा करने की प्रेरणा के साथ-साथ यहां उच्च कोटि का भोजन व्यवस्था, सदस्यों व सहयोगकर्ताओं की निष्ठा औरों के लिए प्रेरणा देने वाली है।

उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत भूखे को भोजन उपलब्ध कराना सबसे श्रेष्ठ कार्य है। समिति के सचिव शीतल टण्डन एवं प्रमुख समाजसेवी कर्नल संजय मिड्ढा ने महापौर को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ व पटका व पगडर पहनाकर उनको जन्मदिन की बधाई दी तथा मेलोडी भी भेंट की। साथ ही उन्होंने महापौर का धन्यवाद किया कि उनके द्वारा जिस प्रकार से नगर के प्रमुख चैराहों पर ग्रीन नेट यात्रियों की सुविधा हेतु भीषण गर्मी में राहत देने के लिए लगवाया है, उसी प्रकार प्रभु जी की रसोई में गरीबों व जरूरत मंदों के लिए ग्रीन नेट लगवाकर सराहनीय कार्य किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सील्ड गोदाम का किया निरीक्षण

**सहारनपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखरखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने क्रेटा कार को मारी टक्कर

**एटा, 26 मई (तरुणमित्र)।** आवागढ़ थाना क्षेत्र में आगरा रोड स्थित बसुंधरा के समीप सोमवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने क्रेटा कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक एटा-टूंडला मार्ग पर यातायात बाधित रहा।

जानकारी के अनुसार कासगंज जनपद के गांव माधव पट्टी निवासी रोहित सिसोदिया अपने एक साथी के साथ क्रेटा कार से आगरा से कासगंज लौट रहे थे। इसी दौरान एटा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई,।

## ईद-उल-अजहा को लेकर डीएम व एसपी ने किया पैदल मार्च

**अमरोहा , 26 मई (तरुणमित्र)।** ईद-उल-अजहा और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. नितिन गौड़ तथा पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ टीपी नगर चौराहा से बिजनौर रोड होते हुए कोतवाली नगर तक प्रमुख बाजार क्षेत्रों का पैदल दौरा किया। दोनों अधिकारियों ने बाजार बटवाल, बाजार कोट, कोट चौराहा, बाजार शपात पोता, बाजार घेर मुनाफ, सर्राफा बाजार कटरा, बाजार गुजरी, गंज चौराहा, बसावन गंज और कोतवाली नगर के आसपास के बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्रीमती विभा श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑटो मालिक ने किराया न देने पर चालक की पीट-पीट कर की हत्या

**अलीगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)।** बन्नादेवी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक ऑटो चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक किराए पर ऑटो चलाता था और ऑटो मालिक का उस पर 1700 रुपए बकाया हो गया था। देर शाम वह अपनी पत्नी के साथ हॉस्पिटल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ऑटो मालिक ने उसे रोक लिया और किराए के पैसे मांगे। इस बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद हो गया। इसके बाद ही ऑटो मालिक के परिजनों ने चालक को जमीन पर गिराकर लात-घूसों से बेरहमी से पीटा और मारपीट के बाद आरोपी उसे अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद पत्नी उसे अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन हत्यारे अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

घटना रविवार देर रात की है बन्नादेवी थाना अन्तर्गत सारसौल पुलिस चौकी के पीछे मधूमिल निवासी यामीन किराये पर ऑटो चलाकर यामीन अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## पेज 1 का शेष...

### क्वाड ने इंडो-पैसिफिक सुरक्षा...

क्षेत्र में रणनीतिक विश्वास, समुद्री सुरक्षा और पारदर्शी आर्थिक विकल्पों को मजबूत करना समय की जरूरत है।बैठक में समुद्री सुरक्षा को लेकर विशेष जोर दिया गया। चारों देशों ने माना कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने पर भी सहमति जताई गई।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्वाड अब 'सिर्फ चर्चा करने वाला मंच' नहीं रह गया है, बल्कि यह 'कार्रवाई-प्रधान समूह' के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने नई प्रशासनिक प्राथमिकताओं में क्वाड को प्रमुख स्थान दिया है और विदेश मंत्री बनने के बाद उनकी पहली आधिकारिक बहुपक्षीय बैठक भी क्वाड के साथ ही हुई थी। रुबियो ने कहा कि चारों देश अपनी अलग-अलग क्षमताओं के साथ दुनिया की कई गंभीर चुनौतियों का समाधान निकाल सकते हैं। इनमें मानवीय सहायता, आपदा राहत, ऊर्जा सुरक्षा, जरूरी खनिजों की उपलब्धता और सप्लाई चेन का विविधीकरण प्रमुख हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के वैश्विक घटनाक्रमों ने इन विषयों को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। बैठक में यह भी माना गया कि नई तकनीकों, विश्वसनीय इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक सहयोग के जरिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को अधिक स्थिर और सुरक्षित बनाया जा सकता है। अधिकारियों ने पिछले कुछ महीनों में समुद्री सहयोग, आर्थिक मजबूती और आपदा राहत अभियानों में हुई प्रगति की जानकारी भी साझा की। क्वाड समूह का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलित और सुरक्षित व्यवस्था को बढ़ावा देना है। मौजूदा बैठक से यह संकेत स्पष्ट मिला कि सदस्य देश अब केवल रणनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि साझा हितों की रक्षा के लिए व्यावहारिक और तेज कदम उठाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### ईरान पर अमेरिका का बड़ा...

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत सही दिशा में बढ़ रही है और जल्द समझौते की उम्मीद है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि समझौता विफल रहा तो क्षेत्र में विनाशकारी संघर्ष दोबारा भड़क सकता है। ट्रंप ने कहा कि संवर्धित यूरेनियम या तो अमेरिका को सौंपा जाएगा या ईरान के सहयोग से नष्ट किया जाएगा। वहीं विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने माना कि वार्ता कुछ मुद्दों पर अटकी हुई है। इधर ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अपने लिखित संदेश में कहा कि मध्य-पूर्व के देश अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगे और क्षेत्र में अमेरिका का दबदबा खत्म होगा। उनके बयान से खाड़ी क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में...

पीजी सीटें 1344 से बढ़कर 5067 तथा एमबीबीएस सीटें 5390 से बढ़कर 12,800 तक पहुंच गई हैं। सुपर स्पेशियलिटी सीटों में भी लगभग 165 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। नर्सिंग शिक्षा के विस्तार पर जानकारी दी गई कि प्रदेश में 652 नर्सिंग संस्थान संचालित हैं और करीब 3.95 लाख पंजीकृत नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध हैं। 'मिशन निरामया 1.0' के तहत 17 हजार स्कूलों में परामर्श सत्र आयोजित कर 3.5 लाख विद्यार्थियों तक पहुंच बनाई गई है, जबकि 10,570 नर्सिंग फैकल्टी सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना को गरीबों का सबसे बड़ा सहारा बताते हुए क्लेम दावों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार किए जा चुके हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए।बैठक में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 15.28 करोड़ आभा आईडी और 15.14 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड लिंक होने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने हेल्थ एटीएम सेवाओं का विस्तार, आशा वर्करों के लंबित भुगतान का तत्काल निस्तारण और कोविड काल में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के समायोजन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सुरक्षित प्रसव व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही टीबी उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को केंद्र सरकार ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के कार्य समयबद्ध पूरा कराने के निर्देश दिए। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल, अयोध्या मेडिकल कॉलेज में 110 बेड ट्रॉमा सेंटर, सहारनपुर में बीएससी नर्सिंग कॉलेज तथा कानपुर मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग एवं डी-एडिक्शन वार्ड परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक, जवाबदेही और संवेदनशीलता एक साथ दिखाई देनी चाहिए, तभी जनता का भरोसा और मजबूत होगा।

### काल बनी रफ्तार, दो एक्सप्रेसवे...

कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक इनोवा कार आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इनोवा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार श्रद्धालुओं चंदौली जिले के रहने वाले राहुल कुमार, गाजीपुर निवासी राहुल सिंह, बलिया निवासी सत्यम सिंह और सुरज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पंकज, प्रशांत और चन्दन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी भेजने के बाद गंभीर हालत में लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया।

दूसरा हादसा उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर औरास थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब पांच बजे हुआ। दिल्ली से बिहार लौट रही तेज रफ्तार डबल डेकर एसी बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 30 यात्री सवार थे जिनमें सात की मौत हो गई। हादसे में सीवान पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रविचरन राम और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर, गोरखपुर निवासी विदेशी गुप्ता, गोंडा के थाना छपिया के श्रंगारघर निवासी दिनेश चतुर्वेदी, गोरखपुर के चौरा चौरी निवासी सुरेश कुमार जायसवाल, बस्ती के सेरसहन गोविंदपारा निवासी विजय कुमार व एक अन्य अज्ञात की मृत्यु हो गई। जबकि तीन पुलिसकर्मियों सहित डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। बताया गया कि कैदी को पेशी के लिए गुरुग्राम कोर्ट ले जाया गया था और वापसी के दौरान हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद स्थानीय पुलिस और राहत टीम ने बचाव कार्य चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है।

### बंगाल हार के बाद विपक्षी...

यही है कि क्या ममता बनर्जी भविष्य में राहुल गांधी को विपक्ष का स्वाभाविक चेहरा स्वीकार करेंगी। यदि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन मजबूत स्थिति में दिखाई देता है, तो विपक्ष के भीतर राहुल गांधी की भूमिका और प्रभाव और बढ़ना तय माना जा रहा है। ऐसे में ममता के सामने विकल्प सीमित हो सकते हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि ममता बनर्जी पूरी तरह कांग्रेस नेतृत्व के पीछे खड़ी होने के बजाय विपक्षी गठबंधन के भीतर क्षेत्रीय दलों का अलग दबाव समूह खड़ा करने की कोशिश कर सकती हैं। माना जा रहा है कि उनकी राजनीति अब भी ऐसे 'थर्ड फ्रंट' की संभावनाएं तलाश रही है, जिसमें कांग्रेस की भूमिका सीमित हो और क्षेत्रीय नेताओं का प्रभाव अधिक रहे। इस संभावित धड़े में अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और दक्षिण भारत के क्षेत्रीय दलों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस पूरे घटनाक्रम में वामदलों की स्थिति भी असहज मानी जा रही है। बंगाल में लंबे समय तक सत्ता में रहे वामपंथी दलों की राजनीति तृणमूल कांग्रेस के विरोध पर आधारित रही है। ऐसे में यदि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस एक मंच पर साथ आते हैं, तो वामदलों के लिए राजनीतिक संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।


## कार्यालय : आदर्श नगर पंचायत सिराथू, जनपद-कौशाम्बी

पत्र संख्या-636 /न०पा०सि०/ कौशा0/2026-27 दिनांकः 26/05/2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजना से प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत सिराथू के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि | 27.05.2026 | |
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 27.05.2026 | 12.00 बजे अपराह्न |
| निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि | 27.05.2026 से 16.06.2026 समय 12.00 बजे अपराह्न तक | |
| निविदा खुलने की तिथि | 16.06.2026 | 3.00 बजे अपराह्न से |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :-27.05.2026
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय :-16.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-16.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सिराथू**
**कौशाम्बी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिराथू**
**कौशाम्बी**


संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

## सीएम योगी ने नगर निगम लखनऊ की 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

# मंत्री, महापौर-पार्षद व पूरी टीम जुटे तो स्वच्छ दिखता है पूरा शहरः सीएम

## जनता का जताया आभार, बोले सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीटें भाजपा की झोली में डालीं

### कसा तंज, पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने और भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में लगा समय

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना और परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया। हमें पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे, बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं।

जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। मुख्यमंत्री ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा लगभग 14000 पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न होने पर शुभकामनाएं दीं।

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, इसे पहले स्थान पर लाना है। यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नालियों में कूड़ा न फेंकें और सरकारी संपत्तियों का नुकसान भी न करें। लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब सरकार की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है।

मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर तथा सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है। सीएम ने ढाई करोड़ की कार से आकर गमला चोरी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 45 रुपये का गमला खरीद लेते तो सम्मान भी बना रहता और शहर भी सुंदर दिखता।

**सीएम ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का दिया उदाहरण**

सीएम योगी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उदाहरण दिया और कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वह अब बेहतरीन स्थल है। वहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सीएम ने तीनों महापुरुषों के व्यक्तित्व व राष्ट्र के लिए योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल ही नहीं, ग्रीन कॉरिडोर व मेट्रो समेत हर प्रकार की जन-सुविधाएं हैं।

**नकारात्मक राजनीति करने वालों को दिया जवाब**

सीएम ने लखनऊ को प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर व नगर निगम बताते हुए कहा कि जितना बड़ा दायित्व होगा, उतनी बड़ी चुनौतियां भी होंगी, लेकिन लखनऊ व प्रदेश चुनौतियों का बखूबी सामना कर रहा है। सीएम ने नकारात्मक राजनीति करने और सकारात्मक पहल पर अंगुली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा कि तीन वर्ष में नगर निगम, 9 वर्ष में प्रदेश और 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के कार्यक्रम नए प्रतिमान से बढ़ाए गए। हमारे शहर ह्यईज ऑफ लिविंग की दृष्टि से स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित हैं। लखनऊ नगर निगम ने गत वर्ष 200 करोड़ से अधिक का बांड जारी किया था, जबकि 2017 के पहले यहां के बांड की कीमत 25 करोड़ भी नहीं थी।

**जरूरत के अनुसार ही करें बिजली की खपत**

सीएम योगी ने कहा कि गर्मी एकाएक बढ़ने से तमाम थर्मल पावर प्लांट ने अचानक शटडाउन ले लिया। उत्पादन पर असर पड़ा। 2017 तक यूपी में पीक पावर की सप्लाई 15-16 हजार मेगावाट रहती थी, आज यह 32-33 हजार मेगावाट पहुंच गई है। उस समय 6 हजार मेगावाट उत्पादन था, जबकि आज 13 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

रिन्युवल एनर्जी का उत्पादन लगभग 10 हजार मेगावाट तक बढ़ा है, लेकिन हमारी आवश्यकता 33-35 हजार मेगावाट है। एलपीजी संकट को देखते हुए लोग खाना पकाने में इलेक्ट्रिक हीटर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। देश की समस्या हर किसी की समस्या है। किसी के बहकावे में न आएं। जितनी आवश्यकता है, उतनी ही बिजली खपत करें।

**नागरिक समस्याओं के समाधान का प्लेटफॉर्म है नगर निगम**

सीएम ने कहा कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्लेटफॉर्म है। 100 साल बाद नगर निगम का भव्य भवन बन रहा है। मॉडल गोशाला बन रही है, जहां गोसंरक्षण, सीएनजी निर्माण, कंपोस्ट, प्राकृतिक खेती व हर वेस्ट को वेल्थ में बदलने का भी उदाहरण प्रस्तुत होगा। नगर निगम का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बेहतर कार्य कर रहा है। यह ट्रैफिक मैनेजमेंट, स्वच्छता, विकास की एक्टिविटी देखने के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म है। आने वाले समय में सीएम ग्रिड योजना देश में मॉडल होगी।

पहले एक घंटे की बारिश में नगरीय क्षेत्र जल प्लावित हो जाते थे, लेकिन स्टॉर्मवाटर की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम व नगर विकास विभाग ने बेहतरीन योजना बनाई है। लखनऊ में 10 हजार लोगों के लिए कन्वेंशन सेंटर की स्वीकृति दी गई है, इसका टेंडर हो गया है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, मुकेश शर्मा, भाजपा नेता सुनील भराला आदि उपस्थित रहे।

शुरू हुआ नौतपा चिलचिलाती धूप और बीच चौराहे पर यातायात नियंत्रित करती ट्रैफिक पुलिस। छायाः तरूणमित्र

## भीषण गर्मी के बीच महंगाई का तड़का, हांफते बाजार-कारोबार

◆ बकरीद पर खरीददारी हुई मंदी, 10 से 20 फीसदी तक मंहगे हुए जरूरी सामान

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** तकरीबन एक पखवारे से भीषण गर्मी का असर बरकरार है। नौतपा ने तो गर्मी को और तीखी कर दी। इसी बीच ईंधन का दाम भी बढ़ गये है जिससे जरूरी सामानों के दामों में दस से बीच प्रतिशत तक बृद्धि हो गयी। वहीं चिपचिपाती गर्मी के बीच बाजारों में सन्नाटा बढ़ता जा रहा है। हर तरह की दुकानदारी प्रभावित होकर 30 प्रतिशत ही रह गयी है, जबकि सरार्फा बाजारों की रौनक ही गायब हो गयी अब लोग खरीददारी करने नहीं बल्कि मरम्मत कराने आ रहे हैं। वहीं व्यापारी संगठनों का कहना है कि सरकार इंधन के दामों में कमी करे तभी बाजारों में रौनक लौटेगी।

भीषण गर्मी ने लोगों की आवाजाही बेहद कम हो गयी है। हमेशा ग्राहकों की भीड़ से गुलजार रहने वाले बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। शाम को कुछ लोगों की आवाजाही होती है वह भी घूमने के लिए न कि खरीदारी के लिए। शाम को कुछ ग्राहक बाजार पहुंचते हैं, लेकिन उससे भी कारोबार को खास राहत नहीं मिल पा रही। कपड़ा, किराना, सराफा और स्पोर्ट्स सामान समेत लगभग हर सेक्टर के कारोबारी नुकसान झेल रहे हैं। कई दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकान बंद करने का समय भी बढ़ा दिया है। वहीं, लगातार हो रही बिजली कटौती से व्यापारियों की परेशानी और बढ़ गई है। व्यापारी नेता सुरेश छाबलानी ने बताया कि पहले जहां रोजाना 50 से 60 हजार रुपये तक की बिक्री हो जाती थी, वहीं अब यह घटकर 10 से 15 हजार रुपये तक रह गई है। इतनी कम बिक्री में दुकानों का खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है।

जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर की रिपोर्ट की समीक्षा करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। छायाः तरूणमित्र

## एनबीआरआई के भंडारे में ओआरएस पेय का वितरण

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा मंगलवार को बड़े मंगल के पावन अवसर पर विशाल भंडारे एवं तुलसी पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन के.एन. कौल ब्लॉक परिसर में किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वाटर वुमेन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात पर्यावरण संरक्षक शिप्रा पाठक रहीं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को तुलसी के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण, औषधीय पौधों के महत्व तथा हरित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. एके शासनी, निदेशक, सीएसआईआर-एनबीआरआई तथा समाजसेविका डॉ. सरिता सतपथी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने सेवा,संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस आयोजन की सराहना की। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आमजन के लिए ओआरएस पेय का वितरण भी किया गया। यह सेवा धनवंतरी सेवा न्यास एवं राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के सहयोग से उपलब्ध कराई गई।

निदेशक डॉ.ए.के. शासनी ने कहा बड़ा मंगल सेवा, समर्पण और आस्था का प्रतीक है। तुलसी पौध वितरण जैसी पहल हमें प्रकृति के संरक्षण तथा जनकल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराती है। आज के इस आयोजन में लगभग एक हजार तुलसी पौधों का वितरण किया गया,जो पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवन शैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## साले ने जीजा पर चापड़ से किया हमला

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** गुडम्बा थाना क्षेत्र में साले ने जीजा पर चापड़ से जानलेवा हमला किया। हमले में पीड़ित के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत गुडम्बा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। निशातगंज निवासी मो. राशिद सिद्दीकी का आरोप है कि उनके साले इम्तियाज ने उन पर चापड़ से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित मो. राशिद सिद्दीकी के मुताबिक, वह सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे अपनी पत्नी के घर शिवानी विहार, कल्याणपुर पहुंचे थे। इसी दौरान उनका 6 वर्षीय बेटा मो. इब्राहिम अपनी नानी के साथ छत पर गया था। आरोप है कि तभी उनका साला इम्तियाज भी छत पर पहुंचा और किसी बात को लेकर बच्चे की पिटाई करने लगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर राशिद ने विरोध किया तो इम्तियाज आगबबूला हो गया। उसने चापड़ से राशिद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राशिद के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। किसी तरह मौके से भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। घटना के बाद पीड़ित ने गुडम्बा थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

## चलते ई-रिक्शा में लगी आग, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** सआदतगंज थाना क्षेत्र में दरगाह हजरत अब्बास रोड, रुस्तमनगर में चलते ई-रिक्शा में आग लग गई। ड्राइवर को जैसे ही आभास हुआ, वह उतरकर भाग गया। उतरने के बाद वह माथा पीटकर रोता रहा। उसकी आंखों के सामने पूरा ई-रिक्शा जल गया। आसपास के लोगों ने उसकी मदद की और किसी तरह आग बुझाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ई-रिक्शा रुस्तमनगर रोड से गुजर रहा था। उसी समय उसमें से अचानक धुआं और चिंगारियां निकलने लगीं। खतरे को भांपते हुए चालक ने तुरंत वाहन रोका और नीचे कूद गया। ई-रिक्शा सआदतगंज के मोहम्मद रफीक का है। वह ई-रिक्शा से ही घर का खर्च चलाता था। रात में 1 बजे के करीब घर लौटते समय घर से कुछ दूर पहले ही उसके ई-रिक्शे में आग लग गई।

## अस्पताल मैनेजर से मारपीट, सिक्योरिटी एजेंसी मालिक व सुपरवाइजर पर आरोप

**गोसाईगंज, लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** गोसाईगंज स्थित आर एस मेडिकल सेंटर में सोमवार शाम करीब 6 बजे अस्पताल के मैनेजर के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है।घटना को लेकर अस्पताल के मैनेजर मोहित वर्मा ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मोहित वर्मा पुत्र ज्ञान प्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आर एस मेडिकल सेंटर में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। अस्पताल में पिछले तीन माह से विवेक स्मार्ट सिक्योरिटी नामक एजेंसी सुरक्षा का काम देख रही थी। दो दिन पहले काम में लापरवाही को लेकर एजेंसी के सुपरवाइजर सचिन कुमार से उनकी कुछ कहासुनी हुई थी। आरोप है कि कहासुनी के बाद सचिन कुमार रात करीब 3 बजे मारपीट के इरादे से अस्पताल परिसर में आया और गाली-गलौज की। इसके बाद 25 मई की शाम लगभग 6 बजे सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक बी एस यादव व विशाल यादव और सुपरवाइजर सचिन कुमार निवासी अर्जुनगंज थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ अस्पताल पहुंचे।तीनों ने कार्यालय में घुसकर उनके साथ मारपीट व गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मोहित वर्मा के अनुसार पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है।पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## एक अहंकारी व्यक्ति पर केंद्रित है हास्य नाटक 'द सेडक्शन'

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** आकांक्षा थियेटर आर्टस लखनऊ द्वारा नाट्य महोत्सव के द्वितीय संध्या में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के 47वें मीटिंग के अंतर्गत स्वीकृत वित्तीय सहयोग से आयोजित प्रतिभागी संस्था श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति लखनऊ द्वारा 60 दिवसीय कार्यशाला के अन्तर्गत तैयार की गयी नाट्यकृति द सेडक्शन जिसके लेखक एन्टोन चेखव नाट्य रचना जिसका निर्देशन नगर के सुप्रसिद्ध रंग निर्देशक तुषार बाजपेई शुभम के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर लखनऊ में मंचित किया गया। नाटक के कथानक के अनुसार द सेडक्शन एंटोन चेखव का एक हास्यप्रद एकांकी नाटक/लघु कथा है, जो एक अहंकारी व्यक्ति पर केंद्रित है, जो अन्य पुरुषों की पत्नियों को बहकाने में माहिर होने का दावा करता है।

## बड़े मंगल का प्रसाद लेने लिए उमड़ा हुजूम

**लखनऊ।** जेठ के चौथे बड़े मंगल को लेकर राजधानी में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ। सूचना विभाग से सेवानिवृत्त प्रदीप कुमार वर्मा के घर पर इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर,यादव लोहा भंडार के पास भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान आयोजकों ने पूड़ी सब्जी वितरित की। वहीं प्रदीप कुमार वर्मा के पुत्र आलम वर्मा और बहु मनीषा मिश्रा ने मिलकर बड़े भंडारे का आयोजन किया। अमल ने भंडारे में पूड़ी सब्जी के साथ ही आइसक्रीम का वितरण किया।

# टूरिस्ट परमिट पर सवारी ढो रही थी डबल डेकर बस

## उन्नाव में एक दरोगा और कैदी समेत सात लोगों की सड़क हादसे में मौत का मामला

◆ कोई बस्ती के लिए निकला तो कोई गोरखपुर जा रहा था

◆ केजीएमयू में जारी है इलाज, चार वेंटिलेटर पर



लखनऊ। मंगलवार उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 30 यात्रियों भरी बस पलट गई। बस का परमिट टूरिस्ट का था। लेकिन वह सवारी ढोने का काम कर रही थी। परिवहन अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इस हादसे में एक दरोगा,एक कैदी सहित साथ की मौत हो गई। घायलों को सही उपचार के लिए केजीएमयू में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, उनाव में जो हादसा हुआ उसमें परिवहन विभाग की लापरवाही सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बस यूपी 13 टीई 6636 बुलन्दशहर के श्री सरोज ट्रेवल्स के नाम पंजीकृत है। बस का टैक्स भी सिर्फ 30 अप्रैल 2026 तक जमा था। इसके साथ ही बस का परमिट भी टूरिस्ट के लिए था। किन्तु यह बस सवारियां ढो रही थी। दिल्ली से कुछ सवारी यूपी के गोरखपुर के लिए और बस्ती जिले के लिए बैठी थी। घायलों में शामिल 24 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर लारेब आलम दिल्ली से गोरखपुर जा रहे थे। यूपी के नोएडा से आर्यन अपने घर बस्ती जाने के लिए बस में सवार हुआ था। वहीं घायलों में शामिल सुरेंद्र कुमार गुप्ता दिल्ली से गोरखपुर के लिए निकले थे। हादसे में जान गंवाने वालों में गोरखपुर निवासी विदेशी (43), बिहार प्रांत के सीवान निवासी रवीचरन राम (59), गोंडा जिले के थाना छपिया के श्रंगारघर निवासी दिनेश चतुर्वेदी (45) गुड़गांव निवासी सीएस तोमर उर्फ छत्रपाल (55), गोरखपुर के चौरा चौरी निवासी सुरेश कुमार जायसवाल (45), बस्ती के सेरसहन गोविंदपारा निवासी विजय कुमार (27) शामिल हैं।

जबकि घायल होने वाले लोगों में बिहार के वजीरगंज निवासी वसीम (33), देवरिया के गोलू (22), बरम दोषी जहानाबाद बिहार के रोहन (29),गोरखपुर के बिस्तौली निवासी विनय (30), महराजगंज के सुहाग कुली निवासी धीरज (35), गोरखपुर के कुसुमल निवासी अरुण कुमार (28), गोरखपुर के खदानी व्यापार के सुरेंद्र कुमार (33), गोरखपुर के अमरदीप (30), बिहार के शिकरापुर पिपरापड़ी निवासी फरमान अंसारी (30), पीपरपड़ी निवासी शाहिद अख्तर (28), बस्ती जिले के थाना लौकपावा निवासी सोम अली (28), दिल्ली के श्याम बिहार निवासी धनंजय (34), बमनार बस्ती काकरिया निवासी विष्णु (25), गोरखपुर जिले के खड़खड़िया निवासी अरविंद मिश्रा (32), गोरखपुर के राहुल (19), कुशीनगर गणेश (19), बस्ती जिले के कप्तानगंज निवासी आर्यन (12), गोरखपुर के लराइब आलम (30), हबीबा (22), गोरखपुर के मुस्का पिपरी निवासी परमजीत (28), श्वेता यादव (25) शामिल हैं। केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में चोटिल कुल 25 लोगों को लाया गया था।

जिनमें से एक की ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। बाकी 24 का इलाज चल रहा है। इनमें से कुछ बेहद गंभीर कंडीशन में है, जिनको आईसीयू में रखा गया। एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम को इलाज के लिए लगाया गया है। न्यूरो और ऑथोर्पेडिक के सीनियर डॉक्टर भी मौके पर मौजूद है।

## गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क में बनेगा लखनऊ का पहला जीन बैंक

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क में लखनऊ का पहला जीन बैंक बनेगा। इस विशेष लैब का निर्माण एवं संचालन एमिटी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की देखरेख में किया जाएगा। इसके लिए एलडीए ने एमिटी विश्वविद्यालय के साथ करार किया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को एमओयू दस्तावेज पर साइन करके जीन बैंक के निर्माण को हरी झंडी दे दी है।

एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ0 अनिल वशिष्ठ, प्रोफेसर डॉ0 शालिनी सिंह विसेन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 कोमल पाण्डेय एवं डॉ0 बृजेश खाण्डेलवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने सहारा ग्रुप को लीज पर दी गयी ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन वापस ली है। जिसमें से प्रथम चरण में 25 एकड़ क्षेत्रफल में 14 करोड़ रुपए की लागत से बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। पार्क में तेजी से काम चल रहा है और सिविल कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। उन्होंने बताया कि पार्क में लगभग 2 एकड़ क्षेत्रफल में जीन बैंक निर्मित किया जाएगा। जिसके लिए एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एम0ओ0यू0 साइन किया गया है।

वीसी ने बताया कि दुर्लभ पौधों एवं बीजों की विभिन्न प्रजातियां, जो वर्तमान में विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्हें इस विशेष लैब के माध्यम से संरक्षित करते हुए पार्क में रोपित किया जाएगा। इसमें विशेष तौर पर औषधीय पौधों के संरक्षण को बल दिया जाएगा, जोकि मानव जीवन के लिए अनमोल हैं। यह परियोजना भावी पीढ़ी के लिए कृषि जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बकरीद पर बदला ट्रैफिक रूट, दो दिन तक डायवर्जन लागू

लखनऊ। ईद-उज-जुहा (बकरीद) को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शहर में डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। 27 और 28 मई को सुबह छह बजे से नमाज समाप्त होने तक पुराने शहर और ऐशबाग ईदगाह के आसपास कई रास्तों पर ट्रैफिक प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है। टीले वाली मस्जिद, बड़ा इमामबाड़ा, ऐशबाग ईदगाह और आसपास के इलाकों में नमाज के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए सीतापुर रोड, पक्का पुल, डालीगंज, चौक, शाहमीना, मेडिकल कॉलेज, कोनेश्वर चौराहा, नींबू पार्क और रूमीगेट की ओर जाने वाले रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। हरदोई रोड और बालागंज की ओर से आने वाले बड़े वाहन और रोडवेज बसों को भी वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।

## रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में अब होगी टीबी की ट्रूनॉट जांच

### टीबी मरीजों को अब मिलेगी बड़ी राहत : डॉ. सूर्यकान्त

**लखनऊ, 26 मई (तरुणमित्र)।** केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में टीबी जांच सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि ओएनजीसी के सीएसआर के सहयोग से लखनऊ जनपद को चार नवीन मॉड्यूल ट्रूनॉट मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।

जिसमें से एक ट्रूनॉट मशीन की स्थापना एवं संचालन अब रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डाट्स सेन्टर में होगा। जिससे टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को अब विभाग में ही बड़ी राहत मिलेगी। यह ट्रूनॉट मशीन डॉ0 सूर्यकान्त के अथक प्रयासों के बाद लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गई है।

इसके लिए डॉ0 सूर्यकान्त ने जिला एवं राज्य क्षय रोग अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद ज्ञापित कर व आभार व्यक्त किया। डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि अभी तक टीबी रोगियों के बलगम एकत्र करके माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेजे जाते थे। डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि आज इस ट्रू नेट मशीन का डेमोंस्ट्रेशन विभाग में किया गया। इस मशीन का संचालन इतना सरल है कि कोई भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता इस मशीन को पांच दिनों के अन्दर संचालन करना सीख सकता है।

डा0 सोनिया नित्यानन्द, कुलपति केजीएमयू ने टीबी की शीघ्र एवं सटीक जांच के लिए अत्याधुनिक ट्रू नेट मशीन के संचालन के लिए रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग को बधाई दी। उन्होने कहा टीबी, एमडीआर टीबी व गंभीर टीबी के रोगियों के लिए यह अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि टीबी की जांच सही समय पर सटीक जांच होना अति आवश्यक है सिर्फ एक्स-रे के धब्बे के आधार पर टीबी की दवा शुरू करना मरीज के लिए अहितकारी हो सकता है।